CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :20°C
न्यूनतम: 09°C

मुरादाबाद, रविवार 25 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 162 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 5 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



धर्म में राजनीति का बढ़ता हस्तक्षेप सही नहीं: मायावती पेज 2



बांग्लादेश टी-20 विश्वकप से बाहर, उनकी जगह खेलेगा स्कॉटलैंड : आईसीसी खेल टाइम्स



भारत से एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ हटाएगा अमेरिका! पेज 11




तापसी पन्नू की फिल्म 'अस्सी'का मोशन पोस्टर रिलीज पेज 11



लखनऊ: राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर उत्तर प्रदेश दिवस समारोह के दौरान प्रदर्शन करते कलाकार।

## 2047 तक उप्र बनेगा देश को दिशा देने वाला राज्य: शाह

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ केंद्रीय गृह मंत्री ने उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर कहा: आज यह संकल्प लेने का दिन



**लखनऊ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर शनिवार को कहा कि आज यह संकल्प लेने का दिन है कि वर्ष 2047 तक घनी आबादी वाला यह प्रदेश एक विकसित राज्य बनकर देश को नई दिशा देगा।

उन्होंने कहा कि वह देश, दुनिया और प्रदेश में रहने वाले प्रत्येक उत्तर प्रदेशवासी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। श्री शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश वह पावन भूमि है, जहां भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण, बाबा विश्वनाथ सहित अनेक युग-प्रवर्तकों की भूमि है। उन्होंने राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल का भ्रमण कर प्रसन्नता व्यक्त की और इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। गृह मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल राष्ट्र की चेतना और जागृति का केंद्र बनेगा। श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में निर्मित यह पार्क आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगा। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर कभी 65 एकड़ क्षेत्र में कूड़े का ढेर हुआ करता था, वहां आज एक भव्य और प्रेरणादायक स्थल तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' योजना को भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल किया गया था, जो आज पूरे देश में लागू हो चुकी है। यहां प्रदेश के सभी जिलों के व्यंजनों का मेला लगा है और उत्तर प्रदेश के व्यंजन विश्वभर में अपनी पहचान बना चुके हैं। प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डकैती और लूट की घटनाओं में बड़ी कमी आई है। साथ ही कनेक्टिविटी में भी व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने हर कालखंड में देश को सुरक्षित और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आगामी चुनावों का उल्लेख करते हुए गृह मंत्री ने प्रदेश की जनता से भाजपा को प्रचंड बहुमत देने की अपील की। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां विकास नहीं कर सकतीं। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन में प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने दावा किया कि योगी सरकार ने भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण किया है और गरीबों के कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गणतंत्र दिवस रिहर्सल के लिए मध्य दिल्ली में यातायात प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** दिल्ली यातायात पुलिस ने शनिवार को होने वाली गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल से पहले एक यातायात सलाह जारी की, जिसमें मध्य दिल्ली के कुछ हिस्सों में यातायात प्रतिबंधों की जानकारी दी गई है। सलाह के अनुसार, रिहर्सल सुबह 10:15 बजे विजय चौक से शुरू होगी और कर्तव्य पथ से होते हुए इंडिया गेट की ओर बढ़ेगी। पुलिस ने बताया कि समारोह के सुचारू संचालन के लिए, कर्तव्य पथ विजय चौक और इंडिया गेट के बीच सुबह 10:15 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक सभी प्रकार के यातायात के लिए बंद रहेगा। प्रतिबंधित समय के दौरान रफी मार्ग, जनपथ और मान सिंह रोड सहित प्रमुख चौराहों पर कर्तव्य पथ पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। सलाह में आगे कहा गया है कि इंडिया गेट के आसपास सुबह 10:15 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

### नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने दिया कांग्रेस से इस्तीफा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सियासी जमीन मजबूत करने में जुटी कांग्रेस को शनिवार को बड़ा झटका लगा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, उप्र प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को अपना इस्तीफा प्रेषित किया है। इस्तीफे को उप्र जैसे महत्वपूर्ण राज्य में कांग्रेस के लिए एक बड़े सियासी झटके के रूप में देखा जा रहा है।

### तिरुवनंतपुरम नगर-निगम ने भाजपा पर लगाया जुर्माना

**तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम नगर निगम ने भाजपा पर 19.7 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना पीएम मोदी के केरल दौरे के दौरान शहर में फुटपाथों पर फ्लेक्स बोर्ड लगाने पर लगाया गया है। बोर्ड लगाने से क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। तिरुवनंतपुरम नगर निगम के सचिव की शिकायत के बाद कैंटोनमेंट पुलिस ने शुक्रवार देर रात भाजपा जिला अध्यक्ष करमना जयन के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## युवाओं को नए अवसर मिलें, ये हमारा प्रयास: पीएम मोदी

### 18वें रोजगार मेले में प्रधानमंत्री ने 61 हजार से अधिक युवओं को नियुक्ति पत्र सौंपे


शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक बताते हुए कहा है कि सरकार देश की युवाशक्ति के लिए देश-दुनिया में नए-नए अवसर पैदा करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है।

श्री मोदी ने शनिवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 18वें रोजगार मेले को संबोधित किया और 61 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी विभागों में नियुक्ति पत्र सौंपे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 की शुरुआत लोगों के जीवन में नई खुशियां लेकर आई और साथ ही नागरिकों को उनके संवैधानिक कर्तव्यों से भी जोड़ा है। उन्होंने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का उल्लेख करते हुए कहा कि आज का दिन इसलिए भी विशेष है क्योंकि इसी दिन संविधान ने 'जन गण मन' को राष्ट्रगान और 'वंदे मातरम' को राष्ट्रगीत के रूप में अपनाया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस महत्वपूर्ण दिन पर 61 हजार से अधिक युवा सरकारी सेवाओं के लिए नियुक्ति पत्र प्राप्त कर जीवन का नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। श्री मोदी ने इन नियुक्ति पत्रों को राष्ट्र निर्माण का निमंत्रण और विकसित भारत के निर्माण में तेजी लाने का संकल्प बताया। उन्होंने कहा कि अनेक युवा राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेंगे, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को सशक्त बनाएंगे, वित्तीय सेवाओं और ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करेंगे और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि युवाओं को कौशल से जोड़ना और उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता रही है।

■ प्रधानमंत्री ने कहा: आज कई स्टार्टअप में महिला डायरेक्टर

> आज बड़ी संख्या में महिलाएं स्टार्टअप के साथ-साथ लघु एवं मध्यम उद्यमों में निदेशक और संस्थापक हैं, जबकि कई महिलाएं गांवों में सहकारी क्षेत्रों और स्वयं सहायता समूहों का नेतृत्व कर रही हैं, आज देश ने जीवन और व्यापार दोनों को आसान बनाने के उद्देश्य से सुधार की रफ्तार पकड़ ली है, जीएसटी में किए गए अगली पीढ़ी के सुधारों से युवा उद्यमियों और लघु एवं मध्यम उद्यमों को लाभ हुआ है, वहीं ऐतिहासिक श्रम सुधारों ने श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया है...
>
> - नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



## चुनौतियों का सामना करने को युवाओं का सशक्त रहना जरूरी: राजनाथ

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ रक्षा मंत्री ने एनसीसी के कैडेटों से प्रेरणा लेने का भी किया आह्वान

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि अनिश्चितता के दौर से गुजर रही दुनिया में देश के युवाओं का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से सशक्त रहना तथा हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने युवाओं से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देशभर में आयोजित मॉक ड्रिल्स में जन-जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले साहसी और समर्पित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों से प्रेरणा लेने का भी आह्वान किया। श्री सिंह ने शनिवार को यहां दिल्ली छावनी में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर में कैडेटों को संबोधित करते हुए एनसीसी को देश की 'दूसरी रक्षा पंक्ति' बताया, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में अपनी भूमिका असाधारण रूप से निभाई जब पूरा देश इस अभियान के दौरान अपनी सशस्त्र सेनाओं के साथ खड़ा था। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया, जो पहलगाम में हुए दुर्भाग्यपूर्ण और कायराना आतंकी हमले का करारा जवाब था। हमारे सैनिकों ने साहस और संयम के साथ कार्रवाई की। हमने केवल उन्हीं को निशाना बनाया जिन्होंने हमें चोट पहुंचाई, किसी और को नहीं। यह इसलिए संभव हो पाया क्योंकि हमारे सैनिक शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत हैं। रक्षा मंत्री ने युवाओं की तुलना महाभारत के अभिमन्यु से की जो किसी भी प्रकार के चक्रव्यूह में प्रवेश करना और उससे विजई होकर बाहर निकलना जानते हैं। उन्होंने युवाओं से सरकार के 'विकसित भारत 2047' के विजन को साकार करने में योगदान देने का आह्वान किया।

## सीएम धामी ने दिए DIG के निलंबन के आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में वर्दी सामग्री खरीद से जुड़े घोटाले में कार्रवाई

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में वर्दीसामग्री खरीद से जुड़े घोटाले में संलिप्त पाए जाने पर निदेशक होमगार्ड (डिप्टी कमांडेंट) अमिताभ श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मामले की जांच के लिए संयुक्त जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं।

प्रकरण वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान होमगाड्र्स के लिए वर्दीसामग्री की खरीद प्रक्रिया से जुड़ा है, जिसमें टेंडर प्रक्रिया में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे। महानिदेशक, होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा, देहरादून की ओर से शासन को भेजी गई रिपोर्ट में टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता के अभाव और नियमों के उल्लंघन की बात सामने आई। महादिनदेशक की संतुति पर सीएम धामी ने डिप्टी कमांडेंट को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए संयुक्त जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और किसी भी स्तर पर अनियमितता या भ्रष्ट आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।




जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के बनिहाल के पास भारी बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके जम्मू- श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन फंस गए। अधिक बर्फबारी होने के कारण राजमार्ग लगातार दूसरे दिन भी बंद रहा।

### बारिश के बावजूद दिल्ली की हवा 'खराब' श्रेणी में बरकरार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को हुई बारिश और तापमान में गिरावट के बावजूद शनिवार को एक्यूआई 'खराब' श्रेणी में बनी रही। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, शहर के कुछ इलाकों में प्रदूषण का स्तर अब भी 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया है।

## कर्तव्य पथ पर पहली बार दिखेगी सेना की रणभूमि व्यूह रचना

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सेना अपने सशक्त और भविष के किसी भी तरह के युद्ध के लिए तैयार स्वरूप का प्रदर्शन करेगी

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड में इस बार ऐतिहासिक कर्तव्य पथ पर पहली बार सेना की रणभूमि व्यूह रचना यानी 'बैटल एरे' की दुर्लभ झलक दिखाई देगी, जिसमें सेना अपने सशक्त और भविष के किसी भी तरह के युद्ध के लिए तैयार स्वरूप का प्रदर्शन करेगी। यह ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को श्रद्धांजलि होगी।

इसके अंतर्गत सेना के जवान पहली बार एक विशिष्ट और अनोखी रणभूमि व्यूह रचना बैटल एरे फॉर्मेशन में दिखाई देंगे। इसमें दर्शकों को आधुनिक युद्धक्षेत्र में एकीकृत,नेटवर्क-सक्षम और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस बल के रूप में सेना की तैनाती और युद्ध प्रणाली की दुर्लभ झलक देखने को मिलेगी। सेना की झांकी में एक एकीकृत संचालन केंद्र को प्रदर्शित किया जाएगा, जो सुदर्शन चक्र के सुरक्षा कवच के अंतर्गत संयुक्त योजना, सटीक लक्ष्य निर्धारण और वायु रक्षा को दर्शाएगा, तथा यह बताएगा कि आधुनिक युद्धों की योजना और क्रियान्वयन वास्तविक समय में कैसे किया जाता है। परेड के इतिहास में पहली बार भारतीय सेना के मार्चिंग और यांत्रिक कॉलम को युद्ध-केंद्रित आक्रामक फार्मेशन में संगठित किया जाएगा, जिसमें यह दिखाया जाएगा कि सैन्य अभियानों के दौरान बलों का उपयोग किस क्रम में किया जाता है। 'बैटल एरे' एक तैयार, सक्षम और त्वरित जवाबी कार्रवाई वाली भारतीय सेना को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें खुफिया, निगरानी और टोही तत्व, यांत्रिक बल, विमानन संसाधन, स्पेशन फोर्स, तोपखाना, वायु रक्षा और लॉजिस्टिक्स को एक सुसंगठित संचालन ढांचे में एकीकृत किया गया है। यह व्यूह रचना डेटा-केंद्रित अभियानों, लंबी दूरी की सटीक मारक प्रणालियों और स्वदेशी प्लेटफॉर्मों के माध्यम से शत्रु क्षेत्र में गहराई तक निगरानी, निर्णय लेने और प्रहार करने की भारतीय सेना की क्षमता को दर्शाती है।



## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य की जनता को बधाई दी और कहा कि बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने बीमारू श्रेणी से बाहर निकलकर बेमिसाल प्रदेश बनने का गौरवपूर्ण सफर तय किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच पर जारी अपने संदेश में कहा कि भारतीय संस्कृति और विरासत की समृद्धि में उत्तर प्रदेश का अमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने लिखा कि भारतीय संस्कृति और विरासत की समृद्धि में अमूल्य योगदान देने वाले उत्तर प्रदेश के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस की बहुत-बहुत बधाई।

### श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना किन्नर अखाड़ा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम की रेती पर आयोजित माघ मेले में किन्नर अखाड़ा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। माघ मेले के सेक्टर छह में स्थित किन्नर अखाड़े के शिविर में आए किन्नर संत न केवल कल्पवास कर रहे हैं, बल्कि प्रमुख स्नान पर्वों पर धूमधाम से पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी भी लगा रहे हैं। इसके साथ ही किन्नर अखाड़े में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान अघोर तंत्र साधना भी की जा रही है। किन्नर अखाड़े में हर दिन शाम को आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जमकर भीड़ उमड़ रही है। माघ मेले में किन्नर संतों द्वारा हर दिन कृष्ण की लीलाओं का मंचन किया जा रहा है। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पहुंच रहे हैं। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर और यूपी की प्रदेश अध्यक्ष स्वामी कल्याणी नंद गिरी उर्फ छोटी मां ने देर शाम भगवान श्री कृष्ण की रास लीला का मंचन किया।

# उप्र दिवस पर पांच जिलाधिकारी सम्मानित

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में बेहतर प्रदर्शन पर मिला सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच जिलों के जिलाधिकारियों को सम्मानित किया।

राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में श्री शाह ने एक जनपद-एक व्यंजन (ओडीओसी) का शुभारंभ किया। मुख्य समारोह में इस पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश थीम पर आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली पांच प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। पुरस्कार स्वरूप उन्हें 11 लाख रुपये, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच जनपदों के जिलाधिकारी भी सम्मानित किए गए। केंद्रीय गृह मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन योजना का भी शुभारंभ किया। गृह मंत्री के हाथों विग कमांडर शुभांशु शुक्ल को अंतरिक्ष यात्रा,अलख पांडेय को शिक्षा, उद्यमिता व स्वावलंबन के क्षेत्र में, सुश्री रश्मि आर्य को शिक्षा एवं नवाचार के लिए, डा. हरिओम पंवार को साहित्य तथा डा. सुधांशु सिंह को कृषि क्षेत्र में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। इसके अलावा सीएम युवा योजना के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले डीएम जौनपुर डा. दिनेश चंद्र,डीएम आजमगढ़ रवींद्र कुमार, डीएम हरदोई अनुनय झा, डीएम अंबेडकरनगर अनुपम शुक्ल और डीएम झांसी मृदुल चौधरी को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान थीम सांग 'उत्तर प्रदेश-उत्तम प्रदेश' ने उत्तर प्रदेश की महिमा का वर्णन किया। इसके पश्चात राष्ट्र प्रेरणा स्थल के मंच पर 'संपूर्ण उत्तर प्रदेश' उतर पड़ा, जब ब्रज, बुंदेली, अवधी, भोजपुरी बोलियों के सांस्कृतिक संगम में अतिथियां ने आनंद की डुबकी लगाई।

# भारत की विकास यात्रा में एक मजबूत आधार स्तंभ रही है उप्र की धरती :मुर्मू

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को मेरी शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति की यह धरती भारत की विकास यात्रा में एक मजबूत आधार स्तंभ रही है।

उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। मैं इस राज्य के मेहनती और प्रतिभाशाली लोगों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने प्रदेश के निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की कामना भी की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरे प्रिय प्रवासी बहनों और भाइयों, विदेश में रहकर अपने परिश्रम, प्रतिभा और मूल्यों के माध्यम से आपने उत्तर प्रदेश और भारत का मान वैश्विक मंच पर बढ़ाया है। हमारी सरकार आपके अनुभव और ज्ञान को प्रदेश की विकास यात्रा से जोड़ने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आप सभी को उत्तर प्रदेश दिवस की हृदय से बधाई और मंगलमय शुभकामनाएं। उन्होंने युवाओं से विचार, तकनीक और चरित्र में आत्मनिर्भर बनने तथा राष्ट्रीय सुरक्षा, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इसके लिए उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में सेना शाखा और भारतीय सेना इंटर्नशिप कार्यक्रम 2025-26 जैसी पहलों का उल्लेख किया।

# जातिगत जनगणना केवल भाजपा का जुमला: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जातिगत जनगणना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का केवल जुमला है। केंद्र सरकार द्वारा जारी जनगणना की अधिसूचना में जाति का कोई कॉलम ही नहीं है, ऐसे में गिनती किस बात की होगी।

श्री यादव ने शनिवार को फेसबुक पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि भाजपा का सीधा फार्मूला है, गिनती होगी और न ही आनुपातिक आरक्षण व अधिकार देने के लिए कोई जनसांख्यिकीय आधार तैयार होगा।ष उन्होंने इसे पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज के खलिाफ एक सुनियोजित साजशि बताया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि आज भाजपा पर भरोसा करने वाले लोग खुद को ठगा हुआ और अपमानित महसूस कर रहे हैं। उनका दावा है कि जो भाजपा कार्यकर्ता और नेता अब तक जातिगत जनगणना कराने का दावा कर रहे थे, वे अब अपने समाज में जवाब देने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे लोग अब भाजपा के झंडे और प्रतीक हटाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए समाज को अपने मान-सम्मान, आरक्षण और अधिकारों की लड़ाई खुद लड़नी होगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब इस मुद्दे पर विरोध तेज होगा तो भाजपा इसे टाइपिंग मिस्टेक बताकर बचने की को. शिश करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है और जनता उसके इरादों को समझ चुकी है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर वचन से मुकरने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब वचन-विमुखी शब्द का अर्थ ही भाजपा बन चुका है। उल्लेखनीय है कि संभल में एक हिन्दू महंत की याचिका पर सिविल अदालत ने शाही जामा मस्जिद का 'कमिश्नर एडवोकेट सर्वे' का आदेश पारित किया था।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर इशारा करते हुए बोलीं मायावती

# धर्म में राजनीति का बढ़ता हस्तक्षेप सही नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ राजनीतिक स्वार्थ के लिए धर्म को राजनीति और राजनी. ति को धर्म से जोड़ने का खतरा हमेशा से बना रहा है: पूर्व सीएम

**लखनऊ।** माघ मेला में शंक. राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद की ओर इशारा करते हुए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कहा कि धर्म,पर्व आदि में राजनीतिक लोगों को बढ़ता हस्तक्षेप सही नहीं है और इसे लेकर आमजन में दुख और चिंता लाजिमी है।

सुश्री मायावती ने शनिवार को कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए धर्म को राजनीति और राजनीति को धर्म से जोड़ने का खतरा हमेशा से बना रहा है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण माघ मेला में स्नान को लेकर उपजा विवाद है जिसमें एक दूसरे का अनादर और आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। देश का संविधान और कानून जनहित के कार्य को ही राष्ट्रीय धर्म मानता है और धर्म को राजनीति से दूर रहने की नसीहत देता है ताकि जनप्रतिनिधि अपने कर्तव्य का सही ढंग से इस्तेमाल कर सकें।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी किसी भी धर्म के पर्व, त्योहार, पूजापाठ, स्नान आदि में राजनीतिक लोगों का हस्तक्षेप एवं प्रभाव पिछले कुछ वर्षों से काफी बढ़ गया है, जो नए-नए विवाद, तनाव व संघर्ष आदि का कारण बन रहा है, यह सही नहीं है तथा इन सबको लेकर लोगों में दुख एवं चिन्ता की लहर स्वाभाविक है। वास्तव में संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ के लिए धर्म को राजनीति तथा राजनीति को धर्म से जोड़ने के कई खतरे हमेशा बने रहते हैं तथा प्रयागराज में स्नान आदि को लेकर चल रहा विवाद, एक-दूसरे का अनादर व आरोप-प्रत्यारोप इसका ताजा उदाहरण है। इससे हर हाल में जरूर बचा जाना ही बेहतर। बसपा सुप्रीमो ने लिखा कि वैसे भी देश का संविधान व क़ानून ईमानदारी से जनहित व जनकल्याणकारी कर्म को ही वास्तविक राष्ट्रीय धर्म मानकर राजनीति को धर्म से तथा धर्म को राजनीति से दूर रखता है, जिस पर सही नीयत व नीति से अमल हो, ताकि राजनेतागण अपना सही संवैधानिक दायित्व, बिना किसी द्वेष व पक्षपात के, सर्वसमाज के सामाजिक, राजनी. तिक व आर्थिक हित में ईमानदारी व निष्ठापूर्वक निभा सकें, वर्तमान हालात में भी लोगों की यही अपेक्षा। सुश्री मायावती ने उत्तर प्रदेश दिवस की सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। ये फसल उत्सव नई शुरुआत, आशा, खुशियां लेकर आएं और आपके जीवन को आनंद और समृद्धि से भर दें।

### केशव मौर्य जैसे समझदार को होना चाहिए मुख्यमंत्री: स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**प्रयागराज।** ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शनिवार को कहा कि प्रदेश का मुख्यमंत्री किसी अहंकारी के बजाय केशव प्रसाद मौर्य जैसे समझदार व्यक्ति को होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद पर ऐसा व्यक्ति नहीं होना चाहिए, जो जिद्दी हो और बदले की भावना से काम करता हो। शंकराचार्य ने श्री मौर्य के उस बयान का स्वागत किया जिसमें उन्होंने शंकराचार्य से जुड़ी घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया था। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि श्री मौर्य समझते हैं कि इस मामले को और नहीं बढ़ाया जाना चाहिए, क्योंकि वह जानते हैं कि इससे पार्टी को नुकसान हो रहा है। इससे पहले उपमुख्यमंत्री मौर्य ने शंकराचार्य से अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त करने की अपील की थी।

**सेंसेक्स** 83382.71
**निफ्टी** 25665.60

**सोना रु.** 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

**चांदी रु.** 254620
प्रति किलो



# प. बंगाल में बेटियों को जीवन के हर पड़ाव पर सशक्त किया जा रहा : ममता

नई दिल्ली, वार्ता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि बंगाल में बेटियों को सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि उनके जीवन के हर चरण में सहयोग दिया जाता है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सुश्री बनर्जी ने बालि. काओं को ष्हमारे समाज की भावी शिल्पकार बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मैं बंगाल और पूरे भारत की हर बेटी को अपना स्नेह और आशीर्वाद देती हूं। बंगाल में हम बालिका को केवल एक दिन नहीं मनाते, बल्कि वर्ष के हर दिन और उसके जीवन के हर मोड़ पर उसे सशक्त बनाते हैं।ष सुश्री बनर्जी ने कहा कि राज्य में बालिकाओं के सशक्तिकरण की यात्रा जन्म से शुरू होकर शिक्षा और वयस्कता तक निरंतर चलती है। उन्होंने सामाजिक और आर्थिक बाधाओं को दूर करने के लिए चलाई जा रही कई प्रमुख योजनाओं का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने 'कन्याश्री' योजना को वैश्विक स्तर पर सराही गई पहल बताते हुए कहा कि इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ से अधिक बालि. काओं को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है, ताकि वे शिक्षा से जुड़ी रहें और बाल विवाह को रोका जा सके। विद्यालय तक पहुंच आसान बनाने के लिए उन्होंने 'सबूज साथी' योजना का जिक्र किया, जिसके तहत छात्रों को साइकिल प्रदान की जाती है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा क्षेत्र की अन्य योजनाओं-शिक्षाश्री, ऐक्यश्री, मेधाश्री और तरुणेर स्वप्न के साथ-साथ निष्शुल्क पाठ्य पुस्तकें, स्कूल यूनिफॉर्म, जूते और मध्यान्ह भोजन का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन प्रयासों से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि गरीबी या संसाधनों की कमी के कारण कोई भी लड़की पढ़ाई बीच में न छोड़ें।

# नोएडा प्राधिकरण के नए सीईओ बने कृष्णा करुणेश

**लखनऊ।** नोएडा प्राधिकरण में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव करते हुए 2011 बैच के आईएएस अधिकारी कृष्णा करुणेश को नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। उन्होंने लोकेश एम की जगह यह जिम्मेदारी संभाली है। इससे पहले कृष्णा करुणेश नोएडा प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) के पद पर कार्यरत थे। कृष्णा करुणेश इससे पूर्व गोरखपुर के जिलाधिकारी के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। जिलाधिकारी रहते हुए उन्होंने प्रशासनिक सख्ती, कानून-व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने और विकास कार्यों की सख्त निगरानी के जरिए अपनी अलग पहचान बनाई थी। उनके कार्यकाल के दौरान अनुशासन, त्वरित निर्णय और जवाबदेही पर विशेष जोर दिया गया था।

बताया जा रहा है कि यह नियुक्ति ऐसे समय पर की गई है, जब नोएडा के सेक्टर-150 में इंजीनियर युवराज मेहता की मौत का मामला लगातार सुर्खियों में रहा है। इस प्रकरण को लेकर सिस्टम की लापरवाही, अधिकारियों की जवाबदेही और प्रशासनिक भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं संज्ञान लिया था और जांच के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन भी किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, नए सीईओ के रूप में कृष्णा करुणेश से नोएडा प्राधिकरण में प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ाने, जवाबदेही तय करने और विकास कार्यों में सख्ती लाने की अपेक्षा की जा रही है। खासतौर पर बिल्डर प्रोजेक्ट्स, निर्माण स्थलों की सुरक्षा, अधिकारियों की जिम्मेदारी और नागरिक सुविधाओं से जुड़े मामलों पर उनकी प्राथमिकता रहने की संभावना है।

# चावल , गेहूं, दालें नरम ,चीनी के दाम बढ़े , खाद्य तेलों में घट-बढ़ दर्ज हुई

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं और दालों में भी गिरावट देखी गई। चीनी महंगी हुई जबकि खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 51 रुपये टूटकर 3,818 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं नौ रुपये सस्ता हुआ और 2,839 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा नौ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में भी गिरावट का रुख रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 77 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। चना दाल 53 रुपये और उड़द दाल 35 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल में सात रुपये और मूंग दाल में चार रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 132 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत भी 33 रुपये बढ़ गई। वहीं, मूंगफली तेल 293 रुपये और वनस्पति 37 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 36 रुपये और सोया तेल की 25 रुपये प्रति क्विंटल घटी। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 35 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए जबकि चीनी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे-दाल-दलहन : दाल चना 7732.66 रुपये, मसूर काली 8094.61 रुपये, मूंग दाल 10101.26 रुपये, उड़द दाल 10413.24 रुपये, तुअर दाल 10564.92 रुपये प्रति क्विंटल।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2839.01 रुपये और चावल 3818.48 रुपये प्रति क्विंटल। आटा द्धगेहूंत्र 3298.87 रुपये प्रति क्विंटल।

चीनी.गुड़ : चीनी एस 4288.20 रुपये और गुड़ 4981.68 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।खाद्य तेल : सरसों तेल 17563.37 रुपये, मूंगफली तेल 17764.72 रुपये, सूरजमुखी तेल 16059.25 रुपये, सोया तेल 13839.77 रुपये, पाम ऑयल 12545.23 रुपये और वनस्पति 14479.92 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# बर्फबारी के चलते दूसरे दिन भी कश्मीर का संपर्क कटा , हवाई सेवा बहाल हुई

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश और बर्फबारी के एक दिन बाद शनिवार को पूरी कश्मीर घाटी कड़ाके की ठंड की चपेट में रही और दूसरे दिन लगातार इस क्षेत्र का संपर्क देश के बाकी हिस्सों से कटा रहा। गुरुवार रात शुरू हुई हिमपात और बारिश शुक्रवार रात रुक गई थी लेकिन इसका सामान्य जनजीवन पर गहरा असर पड़ा। सामरिक रूप से महत्वपूर्ण श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कई प्रमुख मार्ग अब भी बंद हैं, लेकिन श्रीनगर एयरपोर्ट पर मौसम के कारण अस्थाई रूप से बाधित हुई उडान सेवा आंशिक रूप से दोबारा से शुरू हो गई है।

हवाईअड्डा निदेशक जावेद अंजुम ने कहा कि श्रीनगर एयरपोर्ट पर ऑपरेशन फिर से शुरू हो गए हैं और दो विमान यहां उतरे हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति में सुधार होते ही परिचालन पूरी तरह बहाल कर दिया जाएगा। इससे पहले दिल्ली हवाई अड्डे पर और खराब मौसम के कारण आज सुबह श्रीनगर एयरपोर्ट पर कई उड़ानें रद्द भी करनीं पड़ीं थीं।ष हिमपात के आंकड़ों पर नजर डालें, तो प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में सबसे अधिक 1.7 फुट बर्फ दर्ज की गई। इसके अलावा कोक. रनाग और पहलगाम में डेढ़-डेढ़ फुट, बटोत में 1.4 फुट, भद्रवाह में एक फुट, बनिहाल में 0.7 फुट और काजीगुंड में 0.3 फुट हिमपात हुआ। गुरुवार शाम को शक्तिशाली पश्चिमी विक्षोभ ने महज दो दिनों में लगभग महीने भर की बारिश के बराबर पानी बरसाया है, जिससे घाटी में लंबे समय से चल रहा सूखे जैसे हालात खत्म हो गए। हिमपात के बाद पूरी घाटी में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 1.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि काजीगुंड में यह शून्य से नीचे 4.2 डिग्री रहा। पहलगाम में तापमान गिरकर शून्य से नीचे 7.6 डिग्री, कुपवाड़ा में शून्य से नीचे 4.0 डिग्री और कोकरनाग में शून्य से नीचे 6.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। गुलमर्ग घाटी का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 12.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं सोनमर्ग में शून्य से नीचे 10-5 डिग्री रहा। दक्षिण और मध्य कश्मीर के पुलवामा में शून्य से नीचे 3.4 डिग्री और शोपियां में न्यनूतम तापमान शून्य से नीचे 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ अब कमजोर पड़ गया है लेकिन अगले कुछ दिनों तक कड़ाके की ठंड जारी रहने के आसार हैं। 26 और 27 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और हिमपात हो सकता है।

# एमएसएमई के लिए ज्यादा ऋण, जीएसटी छूट की सीमा बढ़ाने की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट ने लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों को ज्यादा ऋण देने और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत छूट की सीमा 40 लाख रुपये सालाना से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये करने की मांग की है। ट्रस्ट के संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी लक्ष्मी वेंकटरमन वेंकटेशन ने बजट से अपेक्षाओं पर एक प्रेस नोट साझा करते हुए कहा कि पिछले 10-11 साल में काफी प्रगति हुई है। इसके बावजूद, लगभग 30 लाख करोड़ रुपये के ऋण की कमी है। वर्तमान समय में केवल 16.19 प्रतिशत एमएसएमई तक ही औपचारिक ऋण की पहुंच है, जिसे 2028 तक कम से कम 25 प्रतिशत तक बढ़ाना आवश्यक है ताकि षविकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार किया जा सके। उन्होंने मुद्रा योजना के अंतर्गत विशेषकर शिशु श्रेणी में औसत ऋण 37,000 रुपये से बढ़ाने, चार प्रतिशत तक ब्याज सब्सिडी तथा शून्य या न्यूनतम प्रसंस्करण शुल्क लगाने की मांग की। उन्होंने 15 दिन के भीतर जीएसटी रिफंड चक्र लागू करने और विलंबित भुगतान पर 12 प्रतिशत वैधानिक ब्याज सुनिश्चित करने की भी मांग की है।

# जब गणतंत्र दिवस परेड देखने पहुंचे महान मुक्केबाज मोहम्मद अली

नई दिल्ली, वार्ता



अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा से लेकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तक दुनिया के कई बड़े नेता भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बन चुके हैं, लेकिन कर्तव्य पथ पर किसी विदेशी मेहमान को वैसा गर्मजोशी भरा स्वागत शायद ही मिला हो जैसा दक्षिण अफ्रीका के स्वतंत्रता सेनानी नेल्सन मंडेला और महान मुक्केबाज मोहम्मद अली को मिला था।

दक्षिण अफ्रीका के गांधीवादी नेता नेल्सन मंडेला 1995 की गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि थे। जब तक मंडेला वहां मौजूद रहे, दर्शक लगातार उनका नाम दोहराते रहे। उस दृश्य के गवाह रहे लोग कहते हैं कि राजपथ पर किसी विद. शी राष्ट्राध्यक्ष का ऐसा उत्साहपूर्ण स्वागत पहले कभी नहीं देखा गया था। मंडेला की तरह ही कर्तव्य पथ पर मौजूद विशाल जनसमूह ने मुक्केबाज मोहम्मद अली का भी तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया था। वह 1976 की परेड में विशेष अतिथि थे, जब वे अपने करियर के शिखर पर और एक वैश्विक आइकन थे। तब कर्तव्य पथ को ही राजपथ कहा जाता था। साल 2022 में केंद्र सरकार ने राजपथ का नया नाम कर्तव्य पथ कर दिया था। इससे पहले यह मार्ग किंग्सवे नाम से जाना जाता था। बॉक्सर मोहम्मद अली परेड शुरू होने से कुछ मिनट पहले ही अपनी सीट पर बैठे थे। जैसे ही लाउडस्पीकर पर उनके आगमन की घोषणा हुई, हजारों लोगों ने शोर मचाकर उनका अभिवादन किया। उस वर्ष मशहूर कमेंटेटर जसदेव सिंह आंखों देखा हाल सुना रहे थे। उन्होंने बताया था कि कैसे मोहम्मद अली हवा में मुक्का लहराकर अपने प्रशंसकों का जवाब दे रहे थे। जब भी वे ऐसा करते, भीड़ उत्साह से भर जाती। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी मोहम्मद अली को देखते हुए बार-बार मुस्कुराती नजर आई थीं। उस समय की परेड की तुलना में आज सुरक्षा कारणों से परेड के स्वरूप में भी बदलाव आए हैं। संसद पर 13 दिसम्बर 2001 को हुए आतंकी हमले के बाद 2002 में पहली बार परेड का मार्ग छोटा किया गया। तब से परेड इंडिया गेट, आईटीओ और दरियागंज होते हुए लाल किले पर समाप्त होती है। इससे परेड का कनॉट प्लेस से गुजरना बंद हो गया, जिससे दिल्लीवासी शहर के दिल कहे जाने वाले इस हिस्से से परेड देखने के आनंद से वंचित हो गए।

# गुलदार ने बच्चे पर किया हमला, गंभीर घायल

## बच्चे को बचाने के लिए गुलदार से भिड़ गई मां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरेवल।** क्षेत्र में गुलदार ने बच्चे पर हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया ।अपने बच्चे को बचाने के लिए मां गुलदार से भिड़ गई और गुलदार से अपने बच्चे की जान बचा ली। घायल बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्चा अपनी मां के साथ खेत पर गया था। इसी दौरान गन्ने खेत में घात लगाए बैठे गुलदार ने अचानक बच्चे पर हमला कर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार हरेवली क्षेत्र के ग्राम इनायतपुर के खेत में मासूम बच्चा प्रिंस (10 वर्ष) अपनी मां कुसुम देवी पत्नी सुरेंद्र सिंह के साथ खेत पर गया था। इसी दौरान गन्ने खेत में घात लगाए बैठे गुलदार ने बच्चे पर अचानक हमला कर दिया। बच्चे की जान बचाने के लिए मां कुसुम देवी गुलदार से भीड़ गई और गुलदार के चंगुल से बामुश्किल अपने बच्चे की जान बचा ली, पर तब तक गुलदार ने प्रिंस को बुरी तरह घायल कर दिया था। अपने बच्चें की जान बचाने के लिए मां कुसुम देवी काफी देर तक गुलदार से संघर्ष करती रही। घायल बच्चे को परिजन और ग्रामीणों ने सरकारी अस्पताल नगीना में भर्ती कराया। जहां से बच्चे को जिला अस्पताल बिजनौर भिजवा दिया है। वन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पहुंचे हैं।





फिलहाल वन विभाग के अधिकारी घटना की जांच पड़ताल में जुटे हुए हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से हड़कंप मच गया।

नगर के मौहल्ला राम नगर में सोनम रानी (30 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए सड़क पर जमकर हंगामा किया और जाम लगा दिया। पुलिस के आश्वासन के बाद जाम खुलवाया गया। मृतका के पिता सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम अभिपुरा नांगल ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि 17 जनवरी को सोनम के ससुराल वालों ने उसका गला दबाया था। मायके पक्ष का आरोप है कि ससुराल पक्ष के उत्पीड़न के कारण उसकी मौत हुई है। इसके विरोध में उन्होंने स्योहारा-नूरपुर रोड पर जाम लगा दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर जाम



खुलवाया। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की बारीकी के साथ जांच कर रही है। सोनम अपने पीछे दो बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गई है। थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू पर जांच कर रहे। विवाहिता की किस कारण मौत हुई इसकी पूरी तरह जांच कर रहे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। नगर में घटना को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं।

# भाजपा विधायक ओमकुमार के दरबार में हाजिरी लगाने वाले शहबाज बनेंगे सपा के जिलाध्यक्ष ?

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा के इतने बुरे दिन आ गए है कि अब कोई भी जिला अध्यक्ष को हटवाने एवं खुद जिला अध्यक्ष बनने का दावा कर सकता है। ताजा मामला सपा के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन को हटवा कर पूरी जिला कमेटी भंग कराने का है।

ग्राम उमरी निवासी डॉ. शहबाज अली के कई तरह के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है। भाजपा के नहटौर के विधायक ओम कुमार के द्वारा सोशल मीडिया पर आठ जनवरी को एक पोस्ट वायरल की गई थी। जनता दर्शन से सम्बंधित इस पोस्ट में डॉ. शहबाज अली भी भाजपा विधायक ओम कुमार की बगल में बैठे हुए हैं। यही डॉ. शहबाज अली सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के पास भी गए थे। बताते हैं कि उनके साथ तमाम उलेमा व समर्थक भी थे। इनके समर्थकों का कहना है कि उनके प्रयास से ही सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूरी कमेटी भंग की है। समर्थकों का कहना है कि अब नए जिला अध्यक्ष डॉ. शहबाज अली ही बनेंगे और शीघ्र ही इसकी घोषणा हो जाएगी। सवाल यह उठता है कि क्या सपा में अब इसी तरह का अनुशासन रह गया है कि कोई भी किसी को पद से हटवा सकता है और खुद भी पद पर





काबिज होने के लिए किसी को इस्तेमाल कर सकता है। इस सारी कवायद से सपा की जमकरी छिछालैदर हो रही है। विरोधी पार्टियों के नेता व कार्यकर्ता भी सपा की मजाक उड़ा रहे हैं। इनका मानना है कि सपा में वफादारी का ईनाम नहीं मिलता है, बल्कि अवसरवादियों के सिर पर लाल टोपी देख कर सभी हंसते हैं। सिर्फ लाल टोपी लगाने से ही भाजपाईयों के चहेते भी निष्ठावान सपाई बन जाते है।

# कुरान हिफ्ज करने पर दस्तारबंदी

## मुल्क में अमनो अमान की दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** मदरसा दारुल उलूम में सालाना इजलास बड़े ही अकीदत और रूहानियत के माहौल में आयोजित किया गया। इस मौके पर मदरसे से फारिग हुए 16 तालिबे-इल्म, जिन्होंने कुरआन शरीफ मुकम्मल हिफ्ज किया, उनकी दस्तार बंदी की गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला हकीमान स्थित गंज स्थित मदरसा दारुल उलूम में सालाना इजलास के खास मेहमान मदरसा जामिउल हुदा मुरादाबाद के शेखुल हदीस हजरत मौलाना अल्लामा जुबैर आलम ने अपने खिताब में कहा कि कुरआन हिफ्ज करना बहुत बड़ी सआदत है और हाफिज-ए-कुरआन कयामत के दिन खुसूसी इज्जत से नवाजे जाएंगे। उन्होंने पड़ोसियों से अच्छे रिश्ते रखने और आमदनी के मुताबिक




खर्च करने की नसीहत भी की। मदरसा फैजुल उलूम अफजलगढ़ के मोहतमिम हजरत मौलाना शाह शफीक अहमद कासमी ने कहा कि तालिबे-इल्म अपनी जिंदगी में रोजाना तिलावत को शामिल रखें और उस्तादों का हमेशा एहतराम करें। इजलास की सदारत भी उन्हीं ने की। प्रोग्राम की शुरुआत कारी मौ. सादिक गंगोही की तिलावत से हुई, जबकि हम्द हमजा अयाज ने पेश की।

इजलास में बड़ी तादाद में उलमा, अजीज-ओ-अकारिब और आम लोग मौजूद रहे। आखिर में मुल्क में अमन-ओ-अमान और तरक्की की खुसूसी दुआ के साथ प्रोग्राम मुकम्मल हुआ। नाजिम मदरसा कघरी इलियास ने सभी का शुक्रिया अदा किया। नाजिम मदरसा कारी इलियास ने सभी का शुक्रिया अदा किया। मौलाना कारी अब्दुल बासिद, कारी जमशेद, कारी नूर आलम, मौलाना युसुफ, मुफ्ती जाहिद, मौलाना अनवार, मौलाना शाहिद, कघरी अजीम, मौलाना अब्दुल रशीद आदि मौजूद रहे।

# एमबीबीएस छात्र को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर

## गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जिम से घर लौट रहे एक एमबीबीएस छात्र को तेज गति से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर लेकिन स्थिर बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ. नागेंद्र चौहान के पुत्र एमबीबीएस छात्र डॉ. हर्ष चौहान देर रात पंजाब नेशनल बैंक के पास स्थित जिम सेंटर से व्यायाम कर अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात कार ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हर्ष चौहान सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायल को तत्काल



निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

इस संबंध में घायल के परिजन डॉ. नागेंद्र चौहान द्वारा कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र सौंपते हुए अज्ञात कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। घटना के बाद क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों और लापरवाह ड्राइविंग को लेकर लोगों में रोष देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और यातायात व्यवस्था को सख्त करने की मांग की है।

# हनी ट्रैप में फंसा कर 10 लाख की डिमांड

## दो सिपाही और सभासद समेत पांच पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** थाना किरतपुर क्षेत्र के मौहल्ला अंसारियान निवासी एक युवक ने एक महिला, वार्ड मेंबर और दो पुलिसकर्मियों सहित कुल पांच लोगों पर सुनियोजित षडयंत्र रचकर फंसाने और रुपये वसूलने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि उसे फोन कॉल व व्हाट्सएप के जरिए झांसे में लेकर होटल बुलाया गया, जहां उसकी कथित निजी वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया गया।

पीड़ित अरसलान पुत्र मौहम्मद इब्राहिम के अनुसार 8 जनवरी को एक अज्ञात महिला ने उसके मोबाइल पर लगातार कॉल कर बातचीत शुरू की। 9 जनवरी को भी संपर्क किया गया, लेकिन पहचान न होने के कारण उसने मिलने से मना कर दिया। 10 जनवरी को दोबारा संपर्क होने पर महिला ने बिजनौर के शक्ति चौराहा पर मिलने के लिए बुलाया। वहां महिला ने अपना नाम फौजिया बताया और विश्वास में लेकर उसे अपने साथ ले गई। आरोप है कि इसके बाद एक होटल में उसकी जानकारी के बिना वीडियो बना ली गई।

पीड़ित का आरोप है कि 21 जनवरी को उसके पड़ोसी आदिल जैदी के माध्यम से सूचना दी गई कि उसके खिलाफ शिकायत दर्ज हो गई है और पुलिसकर्मी उससे संपर्क करना चाहते हैं। आदिल के घर पहुंचने पर वहां दो पुलिसकर्मी मौजूद थे, जिन्होंने वीडियो दिखाते हुए महिला के प्रार्थना-पत्र का हवाला दिया और मामले को 'निपटाने' की बात कही। इस दौरान 10 लाख रुपये की मांग रखी गई, जिसे बाद में आठ लाख रुपये में समझौते का दबाव बनाया गया।

पीड़ित का कहना है कि पूरी प्रक्रिया में वार्ड मेंबर शाहवेज उर्फ सानू ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई। आरोप है कि वह पहले से पीड़ित की आर्थिक स्थिति से परिचित था और महिला व अन्य आरोपियों से उसकी पहचान कराकर रकम की व्यवस्था कराने का आश्वासन देता रहा।

घटना से मानसिक रूप से आहत पीड़ित ने 24 जनवरी को थाना किरतपुर में लिखित तहरीर देकर सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच व कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# ग्रेट इंडियन एकेडमी में विदाई समारोह

## मिस्टर फेयरवेल रितेश शेरावत व मिस फेयरवेल सुमैया बनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** ग्रेट इंडियन एकेडमी परिसर में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य, गरिमामय एवं भावनाओं से भरपूर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह अवसर विद्यार्थियों के स्कूल जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय के समापन और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं का प्रतीक बना। समारोह में उल्लास, आत्मीयता और यादगार पलों की छटा देखने को मिली।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे कक्षा 10 के उज्ज्वल चौधरी एवं मानवी चौधरी ने संपन्न किया। इसके उपरांत विद्यालय की परंपरा के अनुसार विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया, जिससे पूरे वातावरण में अपनत्व की भावना व्याप्त हो गई।

विदाई समारोह को आकर्षक बनाने के लिए कक्षा 9 के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। जूनियर विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने सीनियर्स के प्रति सम्मान और स्नेह को सुंदर रूप में अभिव्यक्त किया, जिसे उपस्थित शिक्षकों एवं छात्रों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा। समारोह के दौरान म्यूजिकल चेयर, प्रश्नोत्तरी



(क्विज) जैसे रोचक खेलों का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हँसी-मजाक और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया।

विदाई समारोह का सबसे प्रतीक्षित क्षण तब आया जब विभिन्न खिताबों की घोषणा की गई। मिस्टर फेयरवेल का खिताब रितेश शेरावत को तथा मिस फेयरवेल का सम्मान सुमैया को प्रदान किया गया। वहीं मिस शाइन का खिताब मानवी चौधरी के नाम रहा। खिताबों की घोषणा के साथ पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। इस अवसर पर कक्षा 10 के विद्यार्थियों द्वारा अपने प्रिय शिक्षकों को स्नेहपूर्ण उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। यह दृश्य शिक्षक-छात्र संबंधों की गहराई और आपसी सम्मान का भावुक उदाहरण बना। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। समारोह के समापन पर सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। यह विदाई कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि स्कूल जीवन की अमूल्य स्मृतियों का एक सुनहरा अध्याय बन गया।

कार्यक्रम का समापन करते हुए ग्रेट इंडियन एकेडमी के प्रबंधक गौरव डाबरा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा, उप-प्रधानाचार्या दीक्षा डाबरा, एकेडमिक डीन आयुष अग्रवाल ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

### राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होगी डीएम



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 25 जनवरी 2026 को नेशनल वोटर्स डे पर राष्ट्रीय पुरस्कार मा. राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देशों का समयपूर्वक एवं गंभीरतापूर्वक अनुपालन कराने के लिये ये पुरस्कार ट्रेनिंग कैपेसिटि बिल्डिंग श्रेणी में बीएलओ स्तर तक बहु-स्तरीय प्रशिक्षण, निरन्तर माईक्रो प्लानिंग, बीएलओ के कार्य की दैनिक मॉनिटरिंग एवं मार्गदर्शन के लिये दिया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों तथा विभिन्न विभागों को भी समय-समय पर प्रशिक्षण में जोड़ने का प्रयास किया गया, जिसके परिणामस्वरूप यह पुरस्कार एक टीम के रूप में कार्य करने पर प्राप्त हुआ है।

### काव्य गोष्ठी का आयोजन



**धामपुर।** उत्तर प्रदेश युवा साहित्यकार संघ के तत्वाधान में वसंत पंचमी के अवसर पर विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। हरीकांत निवास पर आयोजित कार्यक्रम में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से वसंत ऋतु का आगाज किया। विरेंद्र बेताब का कलाम था कि मौसम गुल बहार का मौसम, लेके आया खुमार का मौसम। नरेश वर्मा ने कहा- विद्या ज्ञान बुद्धि की देवी मां शारदा को नमन करने ऋतुराज बसंत आया। राज कुमार वर्मा का कहना था वक्त जब भी मिले अपने मां बाप के पास थोड़ा बहुत बैठ जाया करो। अनिल शर्मा अनिल ने कहा देश सबसे प्रथम जिसके निवासी हम, जन्म भूमि मातृ भूमि करती पुकार मां। इस अवसर पर राज कुमार सिंह, विभूति कांत शर्मा, गजेंद्र वीर सिंह, अजयपाल शर्मा धीमान, रजनीश शर्मा, इंदु कांत ने भी अपनी रचनाओं से कार्यक्रम को सफल बनाया। अध्यक्षता डॉ. विजय पाल सिंह, संचालन हरी कांत शर्मा ने किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया।

### विदेशी करेंसी के साथ दो को पकड़ा

**बिजनौर।** ग्राम सिरधनी बंगर निवासी फैज अब्बास पुत्र कैसर अब्बास ने शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि दो अभियुक्तों ने उसकी कार संख्या यूपी 12 एवी 8580 में रखा पर्स चोरी कर लिया। पर्स में 2500 रुपए नकद व 750 दिरहम विदेशी करेंसी थी। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लिया था। पुलिस ने दोनों आरोपी किशोरों को अभिरक्षा में ले लिया। उनके पास से 470 रुपए नकद एवं दस-दस दिरहम की दो विदेशी करेंसी बरामद की गई।

### ट्रैक्टर से गिरकर युवक की मौत



**झालू।** मौहल्ला खेड़ा (हल्दौर) निवासी सुरेश कुमार का 40 वर्षीय पुत्र परमल सिंह किसी निजी कार्य से ट्रैक्टर पर सवार होकर बिजनौर की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब ट्रैक्टर कृष्णा कॉलेज के समीप पहुंचा, तभी चालक द्वारा गियर बदलते समय अचानक तेज झटका लग गया। इससे ट्रैक्टर पर बैठे सुरेश कुमार अपना संतुलन खो बैठे और नीचे सड़क पर गिर पड़े। गिरते ही सुरेश कुमार को गंभीर चोटें आईं और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसा इतना अचानक हुआ कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही युवक की जान चली गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक सुरेश कुमार कृष्णा कॉलेज में कार्यरत था और अपने व्यवहार के कारण सभी में लोकप्रिय था। घटना की सूचना मिलते ही राहगीरों ने तत्काल पुलिस को अवगत कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के स्वजन घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं घटना से क्षेत्र में शोक व्याप्त है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### एडीएम ने समस्याएं सुनीं



**अफजलगढ़।** एडीएम न्यायिक शरद पाल सिंह ने कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस के दौरान 13 शिकायतें दर्ज करायी गयी। जिनमें से तीन शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। इस अवसर पर एसएसआई श्रीपाल सिंह के अलावा कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार, एसआई हरवीर सिंह, उपनिरीक्षक राजीव कुमार, उप निरीक्षक जयवीर सिंह सहित कानूनगो अफजलगढ़ योगेन्द्र कुमार, कानूनगो कासमपुरगढ़ी नरेश कुमार, लेखपाल गौरव चौहान, अनिरुद्ध चौहान, जितेन्द्र प्रताप सिंह, ऋषिपाल सिंह, नागेन्द्र सिंह, राकेश कुमार, संजीव कुमार, जितेन्द्र कुमार, फूल सिंह, लेखपाल चंचल रानी, तेजपाल सिंह, दीपेन्द्र कुमार लेखपाल राखी चौहान सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद थे।

### जीएसटी चोरी में दो गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने मेरठ के शास्त्री नगर स्थित लोहिया नगर निवासी मौहम्मद शाहिद पुत्र हाजी ननवा एवं मेरठ के ही थाना लिसाड़ीगेट निवासी रिजवान मलिक पुत्र फारूक मलिक को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक ही नम्बर पर बने चार आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, विभिन्न बैंकों के डेबिड कार्ड, मोबाइल फोन आदि बरामद किए गए है। इस मामले में पुलिस को मेरठ के ही नफीस व वरीस पुत्रगण रफीक निवासी जाकिर कॉलोनी, दानिश निवासी सद्दीकनगर, वसीम निवासी फतेहउलपुर लिसाड़ी रोड व जुनैद की तलाश है। अभियुक्तों के द्वारा फर्जी फर्म बना कर जीएसटी की चोरी की जाती है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# जिला पंचायत सदस्य समेत आठ लोगों पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव कासमपुर लेखराज में सरकारी संपत्ति को आपस में हमसाज होकर षडयंत्र के तहत खरीद फरोख्त कर धोखाधड़ी करने के मामले में जिला पंचायत सदस्य सहित आठ के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला रसूल दारान निवासी जीशान अहमद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि कासमपुर लेखराज में स्थित सरकारी संपत्ति को आपस में हमसाज होकर षडयंत्र के तहत खरीद फरोख्त किया गया। खसरा नंबर 155 सरकारी रास्ता, खसरा नंबर 156 कब्रिस्तान भूलेख में दर्ज हैं। सलमान अहमद ने कूटरचित तरीके से दस्तावेज तैयार

## सरकारी संपत्ति की फर्जी बिक्री का मामला

करते हुए दो फर्जी/ नुमाइशी दान पत्र तैयार कर अपने नाना आले हसन हाथी वाला मंदिर कि उक्त सरकारी संपत्ति दिखाते हुए सरकारी संपत्ति को छुपाते हुए चौहद्दी दर्शाकर उप रजिस्ट्रार धामपुर के यहां रजिस्टर कर लिया।

उक्त आरजी आले हसन के नाम दर्ज नहीं थी। दान पत्र में नदीम शाह व नवाब ने झूठी गवाही दी। उक्त भूमि को सलमान द्वारा मौहम्मद रिजवान व जरीसा खातून, सलीम अहमद के नाम कर दिया, जिसमें कुछ लोगों ने हमसाज होकर झूठी गवाही दी। पुलिस ने मौहल्ला झील कॉलोनी के सलमान अहमद बेगरा. जपुर के मौहम्मद रिजवान, नवाब व फरीदाबाद के नदीम शाह, फुलसंदा के जरीसा खातून, जिगर कॉलोनी के शहजाद मलिक, हाथीवाला मंदिर के सलीम अहमद, रेशमा परवीन उर्फ जुबैदा और एक अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी आदि की रिपोर्ट दर्ज की है।


थाना अध्यक्ष नागर का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। जिला पंचायत सदस्य रिजवान अहमद का कहना है कि उक्त भूमि के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी कि भूमि किस प्रकार की है। मैं पूरे मामले में निर्दोष हूँ।

# पूर्व सभासद शाहिद हुसैन का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** राईन बिरादरी की एक जानी-मानी और जिम्मेदार शख्सियत, नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मौहल्ला अहमद खेल निवासी शाहिद हुसैन राईनी का गुरुवार की रात करीब 10 बजे दिल का दौरा पड़ने से इंतकाल हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही नगर और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई।

मरहूम काफी समय से समाजसेवा और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे। वे मिलनसार, मददगार और हर वर्ग में लोकप्रिय नेता के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन से न सिर्फ राईन बिरादरी बल्कि पूरे नगर को अपूरणीय क्षति हुई है। नमाज-ए-जनाजा शुक्रवार को मौहल्ला अहमद खेल स्थित मदरसा



मिफ्ताहुल उलूम में नमाज-ए-जुमा के बाद दोपहर लगभग 1:30 बजे अदा की गई। जनाजे में नगर के सैकड़ों लोगों, राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक हस्तियों ने शिरकत कर मरहूम को आखिरी विदाई दी। इस मौके पर लोगों ने मरहूम के अच्छे अखलाक, समाज के लिए किए गए कार्यों और उनकी सादगी को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बस स्टैंड, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और सब्जी मंडी निर्माण को लेकर तेज हुए प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के समग्र विकास को लेकर पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। नगरवासियों को लंबे समय से यातायात अव्यवस्था सड़क किनारे लगने वाले अस्थायी स्टैंड और बिखरी हुई सब्जी मंडी के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन्हीं समस्याओं को स्थायी समाधान देने के उद्देश्य से शेख फैसल वारसी के नेतृत्व में नगर पालिका द्वारा आधुनिक बस स्टैंड, सब्जी-फल मंडी, अंडरग्राउंड पार्किंग एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण की दिशा में गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

नगर पालिका द्वारा जिला प्रशासन को बस स्टैंड निर्माण करीब 05 बीघा तथा सब्जी-फल मंडी एवं अन्य सुविधाओं के लिए करीब 12



बीघा सरकारी भूमि का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। यह परियोजना न केवल नगर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करेगी, बल्कि बाजारों में फैलने वाली अव्यवस्था को भी समाप्त करने में सहायक सिद्ध होगी। पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी का स्पष्ट कहना है कि विकास कार्य केवल कागजों तक सीमित न रहकर जमीन पर दिखाई देने चाहिए। इसी सोच के तहत वे लगातार प्रशासनिक अधिकारियों के संपर्क में हैं और हर स्तर पर परियोजना को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। उनका मानना है कि बस स्टैंड बनने से यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन मिलेगा।

वहीं सब्जी मंडी और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स से व्यापारियों को एक व्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा, जिससे नगर की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

इस महत्वपूर्ण जनहित परियोजना को लेकर सांसद इमरान मसूद द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र भेजा गया है, जिसमें शीघ्र कार्यवाही की मांग की गई है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि समय रहते निर्णय नहीं लिया गया तो नगर में भविष्य में गंभीर यातायात समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

# प्रभाष चंद्र मित्तल के निधन पर नगर में छाया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मौहल्ला कटारमल निवासी एवं हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर के प्रबंधक/अध्यक्ष प्रभाषचंद मित्तल का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही नगर में शोक छा गया।

स्व. प्रभाष चंद्र मित्तल एक शिक्षित और संभ्रांत परिवार से ताल्लुक रखते थे। वे बड़े ही मृदुलवाणी और अपने मधुर व्यवहार के चलते जाने जाते थे। इनके परिवार में शिक्षा, चिकित्सा एव इंजीनियरिंग का बोलबाला आज भी बना हुआ है और यह परिवार नगर क्षेत्र में ही नहीं बल्कि दूरदराज तक अपनी अच्छी पहचान बनाये हुए है। प्रभाष चंद मित्तल के निधन पर शिक्षण संस्थाओं, व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं समाजसेवियों ने भी शोक व्यक्त किया है। शिक्षक व पूर्व प्रधानाचार्य विनेश त्यागी, शिक्षक काजी फिरोज अहमद, समाजसेवी आसपा नेता मौहम्मद ताहिर, प्रबंधक एम.एम. इंटर कॉलेज चांदपुर मुमताज अहमद,



समाजसेवी मसूदुलहसन उर्फ असद मियां, मास्टर खलीलुर्रहमान, शेख इजमाल, हाजी अनीस अहमद कुरैशी आटो मोबाईल्स वाले, नजमुल हसन रिजवी, सैयद कौसर अली ब्रांच इंचार्ज मुस्लिम फंड चांदपुर, डा. अशोक कुमार शर्मा, मनोज कुमार राजपूत प्रबंधक इंटर कॉलेज फीना, व्यापारी नेता एवं आरटीआई एक्टिविश्ट वीरेन्द्र राजपूत, पत्रकार अजय कुमार कौशिक, मौहम्मद हनीफ पत्रकार आदि ने भी प्रभाषचंद्र मित्तल के निधन पर गहरा शोक जताया है।

# विवादित संपत्ति पर प्रशासन की कार्रवाई

## ईओ की मौजूदगी में हुई तारबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मौहल्ला जुमरात के बाजार स्थित जामा मस्जिद के सामने स्थित एक संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। इस संपत्ति पर एक पक्ष द्वारा लगातार यह दावा किया जा रहा है कि यह संपत्ति उनकी निजी है, जबकि नगर के कुछ अन्य लोग इसे एक संस्था की संपत्ति बता रहे हैं। इसी विवाद को लेकर बीते काफी समय से दोनों पक्षों के बीच वार्ता व विभागीय स्तर पर जांच-पड़ताल चल रही थी।

आज इस मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल की मौजूदगी में तहसील प्रशासन द्वारा उक्त विवादित संपत्ति पर चारों ओर तारबंदी कर दी गई ताकि आगे किसी भी प्रकार का निर्माण, कब्जा या छेड़छाड़ न हो सके। प्रशासन की इस



कार्रवाई के बाद इलाके में दिनभर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई और लोग आपस में इस संपत्ति के स्वामित्व को लेकर चर्चा करते नजर आए। वहीं प्रशासन का कहना है कि जब तक संपत्ति के स्वामित्व को लेकर सभी अभिलेखों की विधिवत जांच पूरी नहीं हो जाती तब तक यह संपत्ति प्रशासन के संरक्षण में रहेगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई पूरी तरह निष्पक्षता और कानून के तहत की गई है। किसी भी पक्ष को नियमों के विरुद्ध लाभ नहीं लेने दिया जाएगा। मामले की जांच जारी है और संबंधित दस्तावेजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से नगर में यह संदेश गया है कि विवादित संपत्तियों के मामलों में अब किसी भी तरह की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# त्यौहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** रविदास जयंती व कांवड़ यात्रा को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई।

## हुड़दंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

प्राप्त समाचार के अनुसार थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने कहा कि कांवड़ यात्रा व रविदास जयंती का पर्व को आपस में मिलजुल कर मनाएं।

उन्होंने कांवड़ यात्रा को लेकर सड़क किनारे खड़े विद्युत खम्भों पर सेफ्टी कवर लगाने के अलावा विद्युत तारों को चेक करने के लिए कहा। इसके अलावा कांवड़ यात्रा मार्ग पर लगने वाले शिविर सड़क से दूरी बनाकर लगाए और सीसीटीवी कैमरा भी अवश्य लगाया जाए।

रविदास जयंती पर निकलने वाले जुलूस में कमेटी के लोग विशेष ध्यान रखे। शराब का सेवन करके हुड़दंग करने वालो को दूर रखें। कांवड़ यात्रा व रविदास जयंती को शांतिपूर्ण ढंग से मनाए। हुड़दंग करने वालों को किसी भी कीमत में बख्शा नहीं जाएगा इस।

इस मौके पर विद्युत विभाग के जेई चेतराम सिंह, नगर पालिका लिपिक विशेष उपाध्याय, कपिल शर्मा, राकेश अग्रवाल, पप्पू चौहान, विनिल वर्मा, प्रधान महेश कुमार, मनीराम, शेर सिंह, यशपाल सिंह, दीपक कुमार, नरपाल सिंह, सुदेश कुमार, पुनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# शिकायत करने पर उपभोक्ता को हड़काया

**हीमपुर दीपा।** लापरवाह और गैरजिम्मेदार विद्युत कर्मचारियों की शिकायत करना एक उपभोक्ता को भारी महसूस हो रहा है। गैरजिम्मेदार कर्मचारी और अधिकारी अपनी गलतियों को सुधारने के बजाय शिकायतकर्ता को ही हड़काने में लगे हैं। विदित हो कि बीते सप्ताह हीमपुर दीपा निवासी उपभोक्ता रीना देवी ने उल्हेड़ा लाइनमैन और जेई को विद्युत पोल से लाइट खराब होने की सूचना दिलाई थी। परंतु दो दिन बाद भी विद्युत सप्लाई सही न करने पर निजी खर्च से विद्युत सप्लाई को ठीक कराया गया । जब सीएम पोर्टल पर इस समस्या की शिकायत की गई तो मनोज वर्मा नाम के किसी विद्युत कर्मचारी/अधिकारी ने उपभोक्ता को ही हड़काना शुरू कर दिया। पीड़ित ने जब नाम व पद जानने की कोशिश की तो साहब ने उपभोक्ता को हड़काते हुए फोन ही काट दिया।

# सुनवाई के कार्यों का निरीक्षण

**बिजनौर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र नहटौर के अंतर्गत नगर पालिका हल्दौर एवं खंड शिक्षा अधिकारी हल्दौर के ऑफिस में संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अनमेप्ड मतदाताओं की सुनवाई के कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। उन्होंने अतिरिक्त रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सुनवाई के दौरान सभी कार्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में ही संपन्न कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कोई भी व्यक्ति निर्वाचक नामावली में अनधिकृत रूप से अपना नाम शामिल न करा सके और न ही कोई पात्र मतदाता निर्वाचक नामावली में अपना नाम शामिल करने से वंचित रहे। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 06 फरवरी तक निर्धारित की गयी है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियत स्थान पर उपस्थित रहकर कम से कम 150 प्रति निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नोटिसों पर सुनवाई करेंगे।

# पुलिस चौकी के सामने दो भाईयों से मारपीट

**नांगल सोती।** गांव ढोलापुरी निवासी अमित बीती रात करीब 9:30 बजे अपने बड़े भाई सुमित को लेने बरकातपुर चौराहे पर गया था। इसी दौरान कुछ युवकों ने दोनों भाइयों अमित व सुमित के साथ पुलिस पुलिस चौकी के सामने ही जमकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी, जिसमें अमित घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने अमित को मेडिकल के लिए भेजा। नवागत थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर ( जनपद-बिजनौर )**
पत्रांक: 38/न.पा.परि.बि. /2025-26, दिनांक: 22/01/26
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या- 62 मौहल्ला पामर गंज, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री प्रमोद कुमार गुप्ता पुत्र श्री रघुनन्दन प्रसाद गुप्ता के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में श्री अजय कुमार अग्रवाल पुत्र श्री धीर प्रकाश अग्रवाल निवासी मौ. नई बस्ती बी-14, बिजनौर के द्वारा बैनामा की छायाप्रति व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर ( जनपद-बिजनौर )**
पत्रांक: 37/न.पा.परि.बि. /2025-26, दिनांक: 22/01/26
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या- 590 मौहल्ला चाहशीरी बी-24, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री इदरीश पुत्र श्री हसीनुद्दीन के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में आवेदकगण श्री मौ. रिजवान पुत्र श्री शरीफ अहमद व श्रीमती शाहजहां पत्नी श्री मौ. रिजवान निवासी मौ. चाहशीरी बी-24, बिजनौर के द्वारा बैनामा की छायाप्रति व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर ( जनपद-बिजनौर )**
पत्रांक: 35/न.पा.परि.बि. /2025-26, दिनांक: 16/01/26
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या- 85 मौहल्ला मिर्दगान बी-10, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री राहत जावेद पुत्र श्री मसूद जावेद सिद्दीकी के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में श्री मौ. शाकिर पुत्र श्री गुलजार अहमद निवासी मौहल्ला मिर्दगान बी-10, बिजनौर के द्वारा बैनामा की छायाप्रति व आई. डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, किरतपुर**
अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री मौ. रागिब पुत्र अ. रऊफ नि. मौहल्ला राधगान, किरतपुर, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति सं. 3250/1, 3250/1A स्थित मौहल्ला राधगान में अब्दुल गनी पुत्र महबूब शाह के नाम के स्थान पर अब्दुल रऊफ, अब्दुल हमीद व मारूफ पुत्रगण स्व. श्री अब्दुल गनी नि.गण मौहल्ला राधगान का नाम अंकित किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें उन्होंने श्री अब्दुल गनी के मृत्युपरांत के वारिसान हेतु तहसीलदार द्वारा प्रमाणित वारिसान सदस्य प्रमाण पत्र व शपथकर्ता श्रीमती मासूम जहां पत्नी लाइक आलम व श्रीमती कलसूम पत्नी शफीक पुत्रीगण नि.गण मौहल्ला लुकमानपुरा, किरतपुर द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति में नाम दर्ज करने हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र द्वारा सम्पत्ति संख्या 3250/1, 3250/1A स्थित मौहल्ला राधगान, कस्बा किरतपुर में श्री अब्दुल गनी पुत्र महबूब शाह नि. मौहल्ला राधगान किरतपुर के स्थान पर अब्दुल रऊफ, अब्दुल हमीद व मारूफ पुत्रगण स्व. श्री अब्दुल गनी नि.गण मौहल्ला राधगान का नाम पालिका गृहकर रिकार्ड में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो, तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा विवाद की स्थिति में आवेदन स्वत: निरस्त माना जाएगा।

विवरण:- सम्पत्ति संख्या 3250/1, 3250/1A किरतपुर (बिजनौर)।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर ( जनपद-बिजनौर )**
पत्रांक: 34/न.पा.परि.बि. /2025-26, दिनांक: 16/01/26
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या- 521, 526/1 मौहल्ला नई बस्ती बी-23, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री मुन्नू सिंह पुत्र श्री गुमानी सिंह के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में श्रीमती रूबी रानी पत्नी स्व. नरेश कुमार नाबालिग सुधांशु कुमार, हिमांशु पुत्र स्व. नरेश कुमार संरक्षिका श्रीमती रूबी रानी निवासी मौ. नई बस्ती बी-23, बिजनौर के द्वारा वारिसान प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर ( जनपद-बिजनौर )**
पत्रांक: 32/न.पा.परि.बि. /2025-26, दिनांक: 16/01/26
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या- सी.ए./246 मौहल्ला फुरकान बाग कॉलोनी, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्रीमती रिहाना बेगम पत्नी मौ. जफर के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में श्रीमती शहाना परवीन पत्नी श्री मौ. इकबाल व कामरान इकबाल पुत्र श्री मौ. इकबाल निवासी मौहल्ला फुरकान बाग कॉलोनी, बिजनौर के द्वारा बैनामा की छायाप्रति व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर ( बिजनौर )

पत्रांक:- 954/नीलामी/न.पा.परि. चांदपुर/ 2026 दिनांक: 24.01.2026

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र संख्या 953/न.पा.परि. चांदपुर/2025-26 दिनांक 24.01.2026 के द्वारा अधिशासी अधिकारी/ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट के अधीनस्थ कार्यालय परिसर नगर पालिका परिषद, चांदपुर, जनपद-बिजनौर में स्थित स्क्रेप (लोहा/बेट्री) की नीलामी गठित समिति द्वारा दिनांक 31.01.2026 को पूर्वान्ह 12:00 बजे की जायेगी। नीलामी की धरोहर राशि, जी.एस.टी. का प्रमाण पत्र (टीन नम्बर), पेन नम्बर व पहचान पत्र तथा आधार कार्ड की सत्यापित छायाप्रति इत्यादी कार्य दिवस दिनांक 30.01.2026 को प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर में जमा की जा सकेगी। उपरोक्त नीलामी हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्म/ठेकेदार द्वारा नीलामी की जमानत धनराशि 1,00,000/- रुपये का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि जनपद बिजनौर का मान्य होगा तथा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, चांदपुर के नाम से बंधक होना चाहिए, के रूप में स्वीकार्य होगी। नीलामी में बोलीदाता की धरोहर जमानत राशि नीलामी के दिनांक 31.01.2026 से अगले कार्यदिवस से कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर में वापिस की जायेगी।

| नीलामी का दिनांक | नीलामी का स्थल | अवधि | प्रजाति | संख्या | मूल्यांकन धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 31.01.2026 | कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर | नीलामी स्वीकृति दिनांक से अभिवहन की समस्त कार्यवाही | स्क्रेप (लोहा/एम.एस.) | प्रति कुन्तल | 33,000/- रुपये प्रति टन |
| | | | स्क्रेप (बेट्री) | प्रति कि. ग्रा. | 80/-रुपये प्रति कि. ग्रा. |

**नोट:**- उपरोक्त नीलामी के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में नीलामी तिथि 31.01.2026 से पूर्व दिनांक 30.01.2026 प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर में सम्पर्क कर सकते है।

**( कुनाल रस्तौगी, आई.ए.एस. )**
**अधिशासी अधिकारी/ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट**
**नगर पालिका परिषद, चांदपुर ( बिजनौर )**

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स लि. बिजनौर के यहां श्रीमती सुमन पत्नी तारा चन्द निवासी ग्राम मण्डौरा, परगना बुढ़पुर, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर ने अपने भवन निर्मित 237.42 वर्ग मीटर खसरा नं. 168 मिन के सापेक्ष में गृह ऋण के लिए आवेदन किया है। उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, बैंक या उत्तराधिकारी या अन्य किसी को आपत्ति हो, तो 7 दिन के भीतर निम्न पते व सम्पर्क सूत्र पर सम्पर्क कर सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट**
**सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स लि. के यहां श्री मौ. नदीम पुत्र यासीन निवासी ग्राम सलेमपुर मुस्तकम, तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद ने अपने भवन निर्मित खसरा नं. 890 ग्राम सलेमपुर मुस्तकम, तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया है। यदि उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, बैंक या उत्तराधिकारी या अन्य किसी को आपत्ति हो तो 7 दिन के भीतर निम्न पते व सम्पर्क सूत्र पर सम्पर्क कर सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट**
**सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स लि. बिजनौर के यहां श्रीमती शबनम पत्नी इरशाद मलिक निवासी ग्राम रवाना, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर ने अपने भवन निर्मित खसरा नं. 79 ग्राम रवाना, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया है। यदि उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, बैंक या उत्तराधिकारी या अन्य किसी को आपत्ति हो, तो 7 दिन के भीतर निम्न पते व सम्पर्क सूत्र पर सम्पर्क कर सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट**
**सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

## कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद

संख्या 27/2 II/ एम.बी.डी.-16317 मुरा. दिनांक 08/01/2026

01. श्रीराम किशन सिंह पुत्र श्री गया सिंह, भूतपूर्व अध्यक्ष, निवासी ग्राम तुरतपुर, पो. कादराबाद, जिला बिजनौर। 02. श्रीमती सरिता सिंह पत्नी श्री टी.एस. सिंह, भूतपूर्व सदस्य, निवासी एल-16ए लाजपत नगर, साहिबाबाद, जिला गाजियाबाद। 03. श्री कुमार आभाष पुत्र श्री उमा शंकर सिंह, भूतपूर्व सदस्य निवासी ग्राम तुरतपुर, पो. कादराबाद, जिला बिजनौर। 04. श्री उमा शंकर सिंह एडवोकेट पुत्र श्री ए.एन. सिंह, भूतपूर्व सदस्य, निवासी शिव-8-4/10 अयोध्या धाम कॉलोनी, शिवपुर वाराणसी। 05. श्री तारा शंकर पुत्र श्री ए.एन. सिंह, भूतपूर्व सदस्य, एल-16ए लाजपत नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद।

**विषय:- संस्था आदर्श बाल विकास समिति, जिला बिजनौर के संबंध में।**

उपयुर्क्त विषयक संस्था का संशोधित स्मृति एवं प्रबंधसमिति की सूची वर्ष 2025-2026 पंजीकृत किए जाने हेतु श्रीमती सीमा सिंह स्वयं को उक्त संस्था का प्रबंधक दर्शाते हुये प्रपत्र कार्यालय में दिनांक 29.12.2025 को प्राप्त है। प्रस्तुत प्रबंध समिति की सूची दिनांक 2025-2026 में आपको चयनित नहीं है दर्शाया गया है। अत: उपरोक्त के संबंध में अपनी आपत्ति/अनापत्ति फोटोयुक्त नोटरी शपथ पत्र के माध्यम से पत्र जारी होने की तिथि से दो सप्ताह के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**( आनन्द विक्रम सिंह ) सहायक रजिस्टार**

# आरएसएम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

## हर्षोल्लास के साथ मनाया उत्तर प्रदेश दिवस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आर.एस.एम. कॉलेज में उत्तर प्रदेश दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में प्रदेश के प्रति जागरूकता एवं गर्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने की, जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन कार्यक्रम संयोजक डॉ. रवि धनकड़ के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की संस्कृति, सभ्यता और आध्यात्मिक परंपराओं का प्रमुख केंद्र रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत, महान विभूतियों और विकास यात्रा से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. रवि धनकड़ ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने राज्य के प्रति गर्व की भावना जागृत करना तथा प्रदेश के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व से उन्हें परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के इतिहास, भूगोल, संस्कृति, पर्यटन, साहित्य एवं समसामयिक विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया।

प्रतियोगिता में भूमि सब्बरवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से अर्पित गंगवार, कशिश भारती एवं स्पर्धा रानी को मिला, जबकि तृतीय स्थान संयुक्त रूप से भूमिका पटेल एवं अमन सिंह ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम में प्रो. पूनम घई, प्रो. एस. एल. पाल, प्रो. शौराज सिंह, डॉ. जितेंद्र चौधरी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. विवेक यादव, डॉ. विनय दुआ, राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमेधा चौहान, डॉ. अनिल यादव, डॉ. अनिल सिंह सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गई तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# भास्कर कुमार का गुजरात की क्रिकेट लीग में चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र के गांव श्यामाबाद निवासी युवा क्रिकेट खिलाड़ी भास्कर कुमार का गुजरात की एक लोकप्रिय क्रिकेट लीग में चयन होने से परिवारजनों और गांववासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भास्कर कुमार का चयन हाल ही में वेलिएर प्रीमियर लीग (VPL) सीजन-6 के लिए हुआ है। यह लीग गुजरात की चर्चित क्रिकेट लीगों में शामिल है, जिसमें कुल पांच टीमें भाग ले रही हैं। इनमें मुंबई हॉर्सेस, सूरज वॉरियर्स, अहमदाबाद फाइटर्स, राजपीपला किंग्स और दिल्ली टाइटन्स शामिल हैं। भास्कर कुमार का चयन अहमदाबाद फाइटर्स टीम में हुआ है।भास्कर कुमार ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा है, लेकिन वे लगातार मेहनत और प्रयास करते रहेंगे। उनका सपना है कि वे क्रिकेट के मैदान में बेहतर प्रदर्शन कर एक दिन भारतीय मुख्य क्रिकेट टीम तक पहुंचें और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने बताया कि उनके पिता राम सिंह ने हमेशा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और हर कदम पर मार्गदर्शन व सहयोग दिया जिससे उनका यह सपना साकार हो पाया। बताया गया कि वेलिएर प्रीमियर लीग का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। इस लीग के लिए खिलाड़ियों का चयन डीडी स्पोर्ट्स के माध्यम से किया गया, जबकि खिलाड़ियों का ड्राफ्ट हाल ही में मुंबई में संपन्न हुआ। लीग के मुकाबले शीघ्र ही शुरू होने वाले हैं। बताया जाता है कि भास्कर कुमार इससे पहले भी वेलिएर टीम के साथ भारत के अलावा मलेशिया और नेपाल में क्रिकेट खेल चुके हैं।

## एक नजर

### उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील

**झालू।** झालू विद्युत उपकेंद्र के जेई सुदेश कुमार ने नगर के विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने बताया कि मौहल्ला नसीरियान में गुरुवार देर रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित है। जेई सुदेश कुमार ने कहा कि विद्युत आपूर्ति सुचारू करने के लिए विभागीय स्तर पर लगातार कार्य किया जा रहा है, लेकिन शुक्रवार को बारिश होने के कारण क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को बदला नहीं जा सका। उन्होंने आश्वासन दिया कि मौसम अनुकूल रहने पर शनिवार को ट्रांसफार्मर बदलकर बिजली आपूर्ति बहाल करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से संयम और सहयोग की अपील करते हुए कहा कि असुविधा के लिए विद्युत विभाग को खेद है। विभाग द्वारा कार्य पूर्ण होते ही आपूर्ति तुरंत चालू कर दी जाएगी।

### पुलिया की अप्रोच के निर्माण की मांग



**अफजलगढ़।** बीजेपी सरकार में जनपद के अधिकारियों की लापरवाही का यह आलम है कि चार माह बीत जाने के बाद भी नाला की पुलिया के क्षतिग्रस्त अप्रोच का निर्माण न होने के कारण बड़े वाहन नाला में गिर जाने के कारण दो लोगों की मौत व दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए थे। गौरतलब है कि नगर से जसपुर जाने वाले नेशनल हाईवे 734 को जोड़ने वाले मार्ग पर मेघपुर मोड़ पर स्थित अमला नदी के नाला में 05 अक्टूबर 2025 को नाला के पुलिया की एप्रोच तोड़ते हुए कार्बन डाइऑक्साइड गैस से भरा एक टैंकर हादसे का शिकार हो गया था, जिसमें चालक और परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई थी। उक्त हादसे के बाद स्थानीय नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों व जिला प्रशासन से मेघपुर मोड़ पर सुरक्षा हेतु पुख्ता इंतजाम करने की मांग की थी। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। नतीजतन 07 दिसंबर 2025 को काशीपुर से नगीना रोड पर चलने वाली एक निजी बस अनियंत्रित होकर नाला में जा गिरी। इस हादसे में महिलाओं सहीत करीब दो दर्जन यात्री गम्भीर रूप से घायल हो गए थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर में कार्यक्रम



**नगीना।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यालय के पवित्र प्रांगण में माँ सरस्वती का भव्य पूजन मुख्य पंडित मारकंडेय शास्त्री द्वारा पूर्णवत विधिनुसार संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवनिर्मित भवन का उद्घाटन टीकम चंद गुप्ता, रोहित गुप्ता सपत्नीक ने वेद मंत्रोच्चार एवं यज्ञ द्वारा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के पवित्र प्रांगण में मां शारदा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्चन एवं वंदना स्तुति के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह सपत्नीक, प्रदीप गर्ग (अध्यक्ष), डॉ. संदीप शर्मा (प्रबंधक), अनिल बंधु (संरक्षक), संजीव गुप्ता, संजय वर्मा, अनमोल कंसल (नगर कार्यवाह), शुभम गुप्ता एवं मुख्य यज्ञ मान टीकम चंद गुप्ता व रोहित गुप्ता, सपत्लिक गुप्ता, तुलाराम रेस्टोरेंट ने संयुक्त रूप से किया। प्रबंधीय समिति एवं आचार्या बहिन श्रीमति प्रतिभा ने आगंत. कों को अंगवस्त्र भेंट कर उनका हार्दिक अभिवादन किया। वीर हकीकत राय बलिदान दिवस व नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर बहिन क्रमशः निकिता, दिव्यांशी, आयुषी शर्मा, विधि चौहान आदि ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### पदभार संभालते ही कार्यकारिणी भंग



**किरतपुर।** समाजवादी पार्टी में संगठनात्मक फेरबदल को लेकर चर्चाओं का बाजार उस वक्त गर्म हो गया, जब नवनियुक्त नगर अध्यक्ष हसन अली चौधरी एडवोकेट के पदभार संभालने के महज 24 घंटे के भीतर ही पार्टी की जिला कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम ने न सिर्फ सपा कार्यकर्ताओं को चौंका दिया, बल्कि राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की अटकलों को भी जन्म दे दिया है। नगर अध्यक्ष की घोषणा के बाद जहां स्थानीय स्तर पर उत्साह और सक्रियता देखी जा रही थी, वहीं जिला कार्यकारिणी भंग होने की खबर ने अचानक माहौल को बदल दिया। पार्टी समर्थकों के बीच यह सवाल उठने लगा है कि जब जिले की कार्यकारिणी भंग होनी थी तो किरतपुर को नया नगर अध्यक्ष क्यों दिया था। जबकि हसन अली चौधरी एडवोकेट बहुत अच्छी छवि के व्यक्ति है। किरतपुर के कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि अब जब भी नई कार्यकारणी बने तो नगर किरतपुर से हसन अली चौधरी एडवोकेट को नगर बनाया जाए। फिलहाल नवनियुक्त नगर अध्यक्ष हसन अली चौधरी एडवोकेट को पार्टी नेतृत्व पर पूरा भरोसा जताते हुए संगठन हित में काम करने की बात कहते देखा जा रहा है। जिला कार्यकारिणी के पुनर्गठन को लेकर पार्टी की ओर से आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

### एसबीडी में पोस्टर व निबंध प्रति.




**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर निबंध, पोस्टर, भाषण एवं कविता प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं एनएसएस स्वयंसेविकाओं में उत्तर प्रदेश के इतिहास, संस्कृति एवं विकास के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। प्रतियोगिताओं में छात्राओं तथा एनएसएस की स्वयंसेविकाओं इलमा, भावना, प्रिया चौहान, सेजल, शायना महक, उजेफा समेत अन्य छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन स्थलों एवं विकास योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। वहीं निबंध, भाषण एवं कविता प्रतियोगिताओं में उत्तर प्रदेश के गौरवशाली अतीत, वर्तमान उपलब्धियों एवं भविष्य की संभावनाओं पर सारगर्भित विचार रखे गए। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. पूनम चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस प्रदेश की अस्मिता,संघर्ष और उपलब्धियों का प्रतीक है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा, संस्कार और सेवा के माध्यम से प्रदेश व राष्ट्र के विकास में योगदान दें। कार्यक्रम का सफल आयोजन एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर गृहविज्ञान विभाग एवं योग शिक्षिका प्रियंका देवी के संयोजन में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। अंत में निर्णायक मंडल द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में कु. काजल सिसौदिया, श्री राम सिंह, श्री रोहित का सराहनीय सहयोग रहा।

# विवेकानंद कॉलेज में छात्रों को सिखाए गन्ने की उन्नत खेती के गुर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती और मां सरस्वती के पावन पर्व के अवसर पर विवेकानंद इंटर कॉलेज में गन्ना विकास विभाग द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों को गन्ने की उन्नतशील प्रजातियों की पहचान और आधुनिक खेती का सजीव प्रदर्शन दिया गया। चूंकि कॉलेज के अधिकांश छात्र ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं और उनके परिवारों में गन्ने की खेती प्रमुख नकदी फसल के रूप में की जाती है, इसलिए इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों के माध्यम से कृषक परिवारों तक सही तकनीकी जानकारी पहुंचाना था।

प्राचार्य टीकम सिंह ने गन्ना विभाग की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं से छात्र न केवल जागरूक होंगे, बल्कि अपने अभिभावकों को भी उन्नत खेती के लिए प्रेरित कर सकेंगे। इस मौके पर सहकारी गन्ना विकास समिति सचिव जितेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

# दिशा में उत्तर प्रदेश दिवस मनाया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में उत्तर प्रदेश दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिलेश अग्रवाल एवं रजिस्ट्रार राजीव कुमार तथा अकादमिक इंचार्ज अमित विश्नोई द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

संचालन प्रवक्ता रश्मि शर्मा एवं ज्योति चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम की सांस्कृतिक प्रमुख मधुलिका राजपूत एवं उपप्रमुख डॉ. एकता मलिक रहीं।

रजिस्ट्रार राजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में रचनात्मकता के साथ-साथ प्रदेश की संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

प्राचार्य फार्मेसी डॉ. विमल कुमार भारती ने कहा कि उत्तर प्रदेश केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है। यही वह भूमि है जहाँ श्रीराम, कृष्ण, बुद्ध, कबीर और तुलसीदास जैसे महापुरुषों ने जन्म लिया। उत्तर प्रदेश गंगा-जमुनी तहजीब, सांस्कृतिक समरसता और महान विभूतियों की एकता का अनुपम उदाहरण है।

डॉ. एकता मलिक ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, विज्ञान, कृषि, उद्योग, साहित्य और कला के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने देश को नई दिशा दी है।

जीत सिंह (मीडिया प्रभारी), गौरव मलिक (पीआरओ), डॉ. समीर अहमद (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड), नरेश सिंह, अमित विश्नोई, मोनू कुमार, मनीष, जितेन्द्र कुमार, निधि चौहान, पवनजीत कौर, नीशु सिंह, रंजीत कुमार, प्रभाव कुमार, सतेंद्र शर्मा, रेशु रानी, जितेन्द्र सिंह, मानसी, मंशा अग्रवाल, नमन कौशिक, ऋषभ अग्रवाल, जसवंत सिंह, ललित कुमार, शिवम कुमार, सुनील राजपूत, रजत चौहान, प्रफुल कुमार, संजना राजपूत, अंजली, गौतम, सूर्यप्रताप सिसोदिया, वैभव कटारिया, संदीप विश्नोई, विशाल गुप्ता, सचिन कुमार, अवनीश कुमार, विश्वांश अग्रवाल, रीना देवी, दीपक शर्मा, रजनीश कुमार सहित अन्य का सहयोग रहा।

# विवेक कॉलेज में ब्लैकआउट मॉक ड्रिल

## आपदा प्रबंधन तैयारियों का आंकलन, कई विभागों ने लिया हिस्सा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश दिवस एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस के अवसर पर विवेक विश्वविद्यालय के मेडिकल कॉलेज में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण विभाग के तत्वावधान ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। ब्लैक आउट मॉक ड्रिल में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, अग्निशमन एवं आपदा सेवाएं, पुलिस, स्वास्थ्य एवं अन्य महत्वपूर्ण विभाग संगठनों द्वारा प्रतिभाग करते हुए सभी विभागों द्वारा अभ्यास का शानदार प्रदर्शन किया गया।

इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा प्रबंधन की तैयारियों की जांच करना था, ताकि किसी भी आपात स्थिति में नागरिकों को आवश्यक सुरक्षा एवं बचाव सेवाएं प्रदान की जा सकें। ब्लैकआउट मॉक ड्रिल की शुरुआत ठीक 6:00 बजे अस्पताल में आग लगने की वजह से आपातकालीन सायरन बजना शुरू हुआ। तत्काल मौके पर अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा फायर एक्सटेंशन से आग बुझाने का प्रयास किया गया। इसी दौरान अग्निशमन के वाहनों का आगमन हुआ और अग्निशमन के जवानों द्वारा पानी की बौछार करते हुए बहुत जल्द आग पर काबू पा लिया। जबकि दूसरी ओर आपदा प्रबंधन की टीम, आपदा मित्रों, नागरिक सुरक्षा समिति के सदस्यों तथा पुलिस द्वारा घायल लोगों तत्काल स्ट्रेचर आदि पर उठाकर बाहर तैयार खड़ी एंबुलेंस में बैठाया गया, जहां एम्बुलेंस द्वारा उनको निर्धारित अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। सभी विभागों द्वारा ब्लैकआउट मॉक ड्रिल एक्सरसाइज के अवसर पर अपने-अपने दायित्वों का शानदार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर रितु चौधरी, डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला, सीओ पुलिस संग्राम सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/प्रभारी अधिकारी एंबुलेंस सेवा डॉ. राहुल कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी मंजुशा गुप्ता, आपदा विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव, न्यायिक सहायक कपिल कुमार सहित अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, नागरिक सुरक्षा कोर के सदस्य, आपदा मित्र तथा अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# दीक्षांत समारोह में छात्र सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरवी इस्ंट्टीयूट ऑफ टेक्नोलॉजी के पॉलिटेक्निक के छात्रों को सम्मानित किया गया।

इन छात्रों को प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ ने 2024-25 के प्रथम वर्ष के परीक्षाफल के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 के तहत प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये है, जिन छात्र-छात्राओं ने प्रथम वर्ष में 46 क्रेडिट में से 46 क्रेडिट प्राप्त किये है, उन छात्रों को प्रथम वर्ष उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र वितरित किया गया है। हमारे संस्थान के पॉलिटेक्निक मैकेनिकल इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष के 03 छात्रों (सुमित भण्डारी, प्रियन्त कुमार, ताजिम ने 46 में से 46 क्रेडिट प्राप्त किये है। आज प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराये गये तीनों छात्रों के प्रमाण पत्र संस्थान द्वारा आज वित. रित किये गये हैं।

संस्थान के प्रबंधक निदेशक सन्नी देशवाल व निदेशक नितिन अग्रवाल, रजिस्ट्रार विपिन कुमार व विभागाध्यक्ष सय्यद हैदर ने छात्रों को प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# खंड विकास कार्यालय में जनता की समस्याओं का हुआ समाधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** एसआईआर फॉर्म से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में खंड विकास अधिकारी विक्रम सिंह की सक्रिय पहल के तहत स्योहारा विकासखंड कार्यालय में एक सुनियोजित एवं विस्तृत सुनवाई आयोजित की गई। सुनवाई के दौरान नोटिस प्राप्त लाभार्थियों को व्यक्तिगत रूप से बुलाकर उनकी समस्याएं सुनी गईं और दस्तावेजों का गंभीरता से परीक्षण किया गया।

एसआईआर फॉर्म के उपरांत कुल 147 लाभार्थियों को नोटिस जारी किए गए थे, जिनमें से निर्धारित तिथि पर मात्र 36 लाभार्थी ही उपस्थित हुए। उपस्थित लोगों के दस्तावेज पूर्ण एवं नियमों के अनुरूप पाए जाने पर उनके मामलों का मौके पर ही सत्यापन कर निस्तारण किया गया। खंड विकास अधिकारी विक्रम सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसी भी पात्र व्यक्ति को वंचित करना नहीं है, बल्कि सही लाभार्थी को उसका अधिकार दिलाना है। जिन मामलों में दस्तावेजों में त्रुटि या कमी पाई गई है, उन्हें बिना किसी कठोरता के एक और अवसर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन लाभार्थियों का दस्तावेजी मिलान नहीं हो पाया है, उन्हें तहसील के माध्यम से पुनः तिथि प्रदान की जाएगी ताकि वे अपने अभिलेख पूर्ण कर सकें और किसी के साथ अन्याय न हो। खंड विकास अधिकारी विक्रम सिंह ने यह भी कहा कि विकासखंड प्रशासन पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और संवे. दनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। जनहित सर्वोपरि है और नियमों के अंतर्गत रहकर हर संभव सहयोग किया जाएगा, जिससे आम जनता का विश्वास प्रशासन पर बना रहे।

# गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाया



**चांदपुर।** स्थानीय गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र-छात्रा इकाई एवं मतदाता साक्षरता क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश की प्रगति, नवाचार, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करते हुए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वर्ष 2026 की थीम विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत के अंतर्गत विद्यार्थियों ने कविता पाठ किया और प्रदेश की समृद्ध संस्कृति का परिचय दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मौहम्मद आरिफ ने विद्यार्थियों को बताया कि 24 जनवरी 1950 को संयुक्त प्रांत का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश रखा गया था।

# समाधान दिवस में समस्याओं का निस्तारण

## तहसीलदार व थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने सुनी फरियादें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार ने की जबकि थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

समाधान दिवस के दौरान क्षेत्र से आए फरियादियों ने भूमि विवाद रास्ते की समस्या, राजस्व से जुड़े प्रकरण, पुलिस से संबंधित शिकायतें एवं अन्य जनसमस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने फरियादियों को आश्वस्त किया कि पुलिस से संबंधित मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और समाधान दिवस इसी उद्देश्य से आयोजित किया जाता है।

तहसीलदार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप समाधान दिवस के माध्यम से आम नागरिकों को राहत पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन शिकायतों का मौके पर निस्तारण संभव है, उन्हें तत्काल निपटाया जाए और शेष मामलों में निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

समाधान दिवस में राजस्व पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया, जिससे फरियादियों ने राहत की सांस ली।

# कमरे में फंदे पर लटका मिला सिपाही का शव

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

○ गुन्नौर कोतवाली में सरकारी आवास में बने कमरे का दरवाजा तोड़कर निकाला, शव पीएम को भेजा

**बबराला।** गुन्नौर कोतवाली परिसर में बने सरकारी आवास में एक सिपाही का शव फंदे पर लटका मिलने से खलबली मच गई। दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे अन्य पुलिसकर्मियों ने शव को नीचे उतारा। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जनपद शाहजहांपुर के थाना कांठ निवासी आशीष वर्मा सिपाही के पद पर तैनात था। वह गुन्नौर कोतवाली में बने सरकारी आवास में रहता था। गुन्नौर कोतवाली में जब दूधिया दूध देने के लिए सिपाही के कमरे पर गया तो कई बार आवाज देने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई, जबकि गेट अंदर से बंद था। दूधिया ने इसकी सूचना थाने पर पुलिस वालों को जानकारी दी। आनन-फानन में मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने पीछे वाली विंडो से देखा तो आशीष का शव कपड़े सुखाने वाली रस्सी के फंदे पर लटका था। प्रभारी निरीक्षक राजीव मलिक ने बताया कि सिपाही आशीष वर्मा फंदे से लटका मिला। उसके शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। स्वजन भी साथ है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। हालांकि अभी तक कुछ क्लू नहीं मिला है। फोन आदि कब्जे में लेकर पता किया जा रहा है।

## वर्ष 2023 में मृतक आश्रित में भर्ती हुआ था आशीष

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** जिला शाहजहांपुर के थाना कांठ का रहने वाले सिपाही आशीष वर्मा वर्ष 2023 में ही मृतक आश्रित में लगा था। उसकी तैनाती दो साल से गुन्नौर कोतवाली में चल रही थी। वह कोतवाली परिसर में ही बने सरकारी आवास में रहता था और अविवाहित था। परिजन कोतवाली पहुंच गये है। पुलिस जॉच पड़ताल में जुट गई है।



सम्भल। उत्तर प्रदेश दिवस पर विकसित उत्तर प्रदेश कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते।

# महिला की हत्या में पांच ससुराली नामज़द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** सर कुचलकर मौत की नींद सुलायी महिला की हत्या में पति समेत परिवार के आठ सदस्यों को आरोपी बनाया गया हैं मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र के ग्राम बहाउद्दीन पुर व हरसिंहपुर के जंगल में शुक्रवार को सर कुचली महिला की लाश मिली थी। लाश मिलने से सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने लाश को पीएम को भेज दिया था। जबकि मृतका के ससुराल की ओर से कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी गई थी। परिजन किसी रंजिश से भी इंकार करने से सवाल खड़ा हो गया था कि जब कोई रंजिश नहीं तो मृतका को क्यों और किसलिए इतनी बेरहमी के साथ मौत की नींद सुलाया गया? अब

○मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की हत्या की रिपोर्ट, पिता बोला बेटी की ससुराल में ही शव को किया जाएगा सुपुर्दे खाक

महिला के हत्या के मामले में दूसरा मोड़ आ गया है। मृतका के पिता ने हत्या का आरोप पति समेत परिवार के आठ सदस्यों पर आरोप लगाया है। मृतका के पिता नजर मौहम्मद का आरोप है कि उसकी बेटी की हत्या पति और ससुराल पक्ष के लोगो ने की है। मृतका के पिता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मृतका के पति मुजम्मिल, ससुर नन्हे, देवर उवैस, ननद शाईबीन, चचेरा ससुर मतलूब तहेरा देवर राबिल और कामिल के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पति और ससुराल पक्ष पर हत्या का मुकदमा दर्ज होने से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। मृतका के पिता नजर मौ. ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव मिलने पर बेटी को उसकी ससुराल के गॉंव सिसौटा में ही दफन किया जायेगा।

# सम्भल में शोध की सम्भावनाएं खुले एक विवि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत थीम के तहत आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन किया गया।

बहजोई के रोडवेज पर आयोजित दिवस पर मुख्य अतिथि बिरजू महाराज कथक संस्थान लखनऊ की उपाध्यक्ष डा. मिथलेश तिवारी रहीं। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार उर्फ राजू यादव तथा भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ओमवीर सिंह खडगवंशी रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने फीता काटकर एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा मुख्य अतिथि का जनपद की नयी परम्परा पंचोपचार द्वारा स्वागत किया जबकि विशिष्ट एवं अन्य अतिथियों का एक पुष्प एवं एक पुस्तक देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आटा कि छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की तथा बालिकाओं द्वारा स्वागत गान किया। मुख्य अतिथि डा. मिथलेश तिवारी ने परिसर में लगे जनपद सरस मेले में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित तथा स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा बनाये गये उत्पादों, ओडीओपी तथा मिशन शक्ति से संबंधित आदि स्टालों का अवलोकन किया। प्राथमिक विद्यालय चंदौसी नगर के अध्यापक राशिद द्वारा कवि सौरभकांत शर्मा द्वारा रचित सम्भल गान को गाया। तथा उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप की बालिकाओं ने ब्रज क्षेत्र का नृत्य की प्रस्तुति दी। जबकि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्र द्वारा यूपी वाले भैया पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में ओमवीर सिंह खडगवंशी ने कहा कि हमारे उत्तर प्रदेश में धार्मिक, आध्यात्मिक तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं हैं। यहाँ प्रयाग, काशी तथा मथुरा एवं वृंदावन भी है उत्तर प्रदेश की धरती पर ही भगवान श्री राम एवं श्री कृष्ण ने भी जन्म लिया। पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने कहा कि हमारे गाँव में राम राम कहने की बहुत ही अच्छी परम्परा है। हमारा प्रदेश सबसे उत्तम प्रदेश है हमारे भगवान श्री राम जी का जन्म हमारे प्रदेश की धरती पर हुआ यह सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि जनपद के जिलाधिकारी द्वारा सम्भल में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही परिवर्तन किया है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विकसित भारत का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हमें प्रत्येक क्षेत्र में परिश्रम से आगे बढ़ना है। मुख्य अतिथि ने कहा कि सम्भल जनपद एक समर्थ जनपद है। यहाँ शोध की बहुत संभावनाएं जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि मेरा एक सुझाव है कि सम्भल जनपद में एक विश्वविद्यालय की स्थापना हो तथा जनपद सम्भल में नाटय, डांस एकेडमी भी हो उन्होंने जिलाधिकारी की उनके नेतृत्व में हो रहे विकास के लिए सराहना की। उन्होंने लखनऊ घराना के कथक नृतक बिरजू महाराज जी के विषय में भी बताया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी राम आशीष नेकार्यक्रम में आये सभी काआभार जताया। कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वावधान में 10 ट्राईसाईकिल वितरित कीं तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत समूहों की दीदियों को प्रशस्ति पत्र दिये गये तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत टूल किट का वितरण किया। साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के 4 लाभार्थियों को पांच-पांच लाख का प्रतीकात्मक चेक वितरित किये तथा उद्यान विभाग द्वारा 3 किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इसके अलावा उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अन्तर्गत जनपद एवं मण्डल तथा राज्य स्तर पर विजित हुए कलाकार बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# नेजा मेले के आयोजन को हलचल हुई तेज़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

○विगत वर्ष पुलिस-प्रशासनिक रोक के चलते नहीं हो सका था मेले का आयोजन

○मेले में हर धर्म वर्ग के दुकानदारों की रोजी रोटी हुई थी प्रभावित

○धार्मिक नगर नेजा कमेटी पहुंची इलाहाबाद उच्च न्यायालय, याचिका दाखिल

○कमेटी अध्यक्ष ने साजिशन आयोजन नहीं होने देने के लगाए आरोप

**सम्भल।** पारंपरिक नेजा मेले को लेकर एक बार फिर सियासी और प्रशासनिक हलचल बढ़ने लगी है। विगत वर्ष पुलिस-प्रशासनिक रोक के चलते मेले का आयोजन नहीं हो पाया था लेकिन इस बार धार्मिक नगर नेजा कमेटी खुलकर सामने आ गयी है। पुलिस और प्रशासनिक रोक के चलते नहीं हो सके मेले के आयोजन पर कमेटी ने पीछे नहीं हटने के साफ संकेत दे दिये है। क्योंकि मामला उच्च न्यायालय तक पहंच गया है।

बता दें कि सय्यद सालार मसूद गाजी रह. अलै. की याद में हर वर्ष नेजा मेले का आयोजन होता चला आया है। हज़ार वर्षों से अधिक समय से भी परम्परागत नेजा मेले का आयोजन विगत वर्ष पुलिस-प्रशासनिक रोक के चलते नहीं हो पाया था। जबकि परम्परागत नेजा मेले का झंडा भी गाढ़ने नहीं दिया गया था। धार्मिक नगर नेजा कमेटी के अध्यक्ष शाहिद मसूदी ने बताया कि नेजा मेला सय्यद सालार मसूद गाजी रहमतुल्ला अलैह की याद में हजार वर्षों से अधिक समय से परंपरागत रूप से आयोजित होता चला आ रहा है। उन्होंने कहा कि 2025 में प्रशासन ने जानबूझकर मेले को रोकने की साजिश रची। कमेटी द्वारा समय से उपजिलाधिकारी को लिखित सूचना देने के बाद, झंडारोहण से एक दिन पहले उन्हें कोतवाली बुलाया गया और मेले को गैरकानूनी बताते हुए रोक लगा दी गई। शाहिद मसूदी का आरोप है कि उस दौरान अधिकारियों ने न केवल मेला रोकने की बात कही, बल्कि झंडा गाड़ने वालों को देशद्रोही तक करार दिया गया। इसके बाद उन्हें 24 घंटे के लिए नजरबंद कर दिया गया, जिससे वे कोर्ट भी नहीं जा सके और मेला आयोजित नहीं हो पाया। इस वर्ष कमेटी ने 10 दिसंबर को ही जिलाधिकारी और नगर मजिस्ट्रेट को प्रार्थना पत्र सौंप दिया है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 10 मार्च को नेजा मेले की ढाल गाड़ी जाएगी और उसके बाद मेले का आयोजन होगा। उन्होने बताया कि इस बार किसी भी रोक आदि से निपटने के लिए 20 तारीख को हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल कर दी गई है। नेजा मेला न लगने से पिछले साल स्थानीय व्यापारियों और गरीब तबके पर गहरा असर पड़ा था। दूर-दराज से आने वाले दुकानदारों, खासकर दलित और पिछड़े वर्ग के लोगों की आजीविका प्रभावित हुई। कमेटी ने इस पहलू को भी अपनी याचिका में प्रमुखता से उठाया है। शाहिद मसूदी ने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। उनका कहना है कि हर धर्म को अपने त्योहार मनाने का संवैधानिक अधिकार है और यही देश की गंगा-जमुनी तहजीब और धर्मनिरपेक्ष पहचान है। अब सबकी नजरें हाईकोर्ट के फैसले पर टिकी हैं। उच्च न्यायालय का जो भी निर्णय आये कि मेले का आयोजन होगा अथवा रोक लगी रहेगी।

## अवैध रूप से संचालित क्लीनिक पर मारा छापा

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** अवैध रूप से संचालित क्लीनिक व अस्पतालों का निरीक्षण अभियान में नगर मजिस्ट्रेट ने सी एच सी असमोली के चिकित्सा अधीक्षक हेमंत एवं उनकी टीम के साथ असमोली ब्लॉक के ग्राम ओबरी में स्थित मोनी द्वारा संचालित क्लीनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय क्लीनिक में एक अफसाना नाम की महिला उपस्थित मिली जो अपने बुखार की दवाई लेने आई थी। इसके अलावा मौके पर जाने आलम एवं मोनी पाल नाम की महिला उपस्थित मिली, जिनके द्वारा लोगों का इलाज किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित जाने आलम मौके से फरार हो गए। जबकि मौके पर मौजूद मोनी पाल क्लीनिक संचालन उनकी शैक्षिक योग्यता संबंधी अभिलेख पेश नहीं किये गए। मौके पर क्लीनिक अस्पताल के रूप में संचालित नहीं पाया गया बल्कि एक दुकान में संचालित क्लीनिक के रूप में मिला। क्लिनिक को बंद कर दिया गया।जबकि इसी गांव स्थित अरशद क्लिनिक जिसे पूर्व में अवैध रूप से संचालित पाए जाने के कारण सील किया गया था का निरीक्षण किया गया

# बालिकाओं को पूर्ण रूप से मिले सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने से कुछ नहीं होगा ।जब तक बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान व् भेदभाव से छुटकारा नहीं मिलेगा। बालिकाएं सुरक्षित नहीं है। बालिकाओं पर अत्याचार हो रहा है। उनके साथ भेदभाव होता है। केवल समान अधिकार की बात कहकर काम नहीं होगा। सुधा गौतम ने कहा कि समाज का आधार और अस्तित्व बालिकाओं के कारण है। बालिकाओं की इज्जत होनी चाहिए। उन्हें सम्मान अवसर प्रदान करना चाहिए। जिससे उनकी छुपी हुई प्रतिभा सामने आ सके। भावना कौशल ने कहा कि बालिकाएं जागरुक होकर अपने हक और अधिकार के लिए आगे आए। बालिकाओं को आक्रमकता लानी होगी ताकि कोई उन्हें अबला न समझे। तभी अत्याचारों का अंत होगा। शिवानी वार्ष्णेय ने कहा कि लिंग आधारित भेदभाव व कन्या भ्रूण हत्या समाप्त होनी चाहिए। हालात बदल रहे हैं लेकिन गति धीमी है। शिक्षा बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ा रही है। प्रियंका गुप्ता ने कहा कि शिक्षित बालिकाएं बुराइयों से लड़ने में सक्षम है। आज वह प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। केवल उनकी सुरक्षा बेहतर करने की आवश्यकता है। महिला सशक्तिकरण समय की मांग है।



## एक नज़र इधर भी



सम्भल-सिरसी के एसएम इंटरप्राईजेज वाशिंग प्लांट का निरीक्षण करते नगर मजिस्ट्रेट।

## बंद वाशिंग प्लांट में बड़ी संख्या में मिली जींस

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** डीएम के निर्देशों पर जींस वाशिंग प्लांट के निरीक्षण में वाशिंग प्लांट बंद मिला,लेकिन काफी जींस रखी हुई पायी गई। संचालकों द्वारा वैद्य अभिलेख पेश नहीं करने पर प्लांट में स्थित जनरेटर को सील कर दिया गया। कस्बा सिरसी के मौहल्ला शर्की में जींस वाशिंग प्लांट का संचालन किये जाने की डीएम से शिकायत की गयी थी। शिकायत की जांच को दिए जिलाधिकारी निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने एस एम एंटरप्राइजेज के नाम से संचालित जींस वाशिंग प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वाशिंग प्लांट का संचालन बंद मिला, लेकिन मौके पर काफी जींस रखी हुई पाई गई, जबकि वाशिंग के संबंध मशीन एवं उपकरण आदि मौजूद थे। इससे ऐसा प्रतीत हुआ कि मौके पर जींस वाशिंग का कार्य किया जाता है। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि वाशिंग प्लांट के मलिक रफी उल हसन पुत्र सबी उल हसन निवासी मोहल्ला शर्की सिरसी से संचालन संबंधी अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा परंतु संबंधित द्वारा कोई वैध अभिलेख पेश नहीं किया गया। जिस पर मौके पर वाशिंग प्लांट में स्थित जनरेटर को सील कर दिया गया तथा थ्रीफेस विद्युत लाइन के दो फेस कटवा दिये गए। एक फेस परिसर में मौजूद पशुओं के पानी के लिए छोड़ दिया। जबकि मौके पर रखा बाकी सामान प्लांट स्वामी की सुपुदर्गी में दे दिया गया।



सम्भल-मौ. डेरा सराय में रेलवे लाइन विस्तारीकरण को बैठक में बोलते आसिफ रजा।

## रेलमंत्री से मिलेगा सोसायटी का प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रेलवे लाइन के विस्तारीकरण को बजट जारी करने की मांग मकें जुटे स्वयं सेवी संस्थाओं मेंरजा एजूकेशनल वेलफेयर सोसायटी भी आ गयी है। सोसायटी की बैठक में सदियों पुरानी रेलवे लाइन विस्तारीकरण की मांग को बजट जारी करने की मांग की। मौहल्ला डेरा सराय में आयोजित बैठक में सोसायटी के प्रदेशाध्यक्ष आसिफ रजा ने कहा कि आजादी से लेकर अब तक रेलवे लाइन के विस्तारीकरण को पुरानी मांग उठाते चले आ रहे हैं मगर किसी भी राजनैतिक प्रतिनिधि जनहित से जुड़ी इस मांग को रेलमंत्री से पूरा कराने का कोई प्रयास नहीं किया। उन्होने कहा कि सोसायटी का प्रतिनिधि मंडल जल्द ही रेलमंत्री से मिलेगा और एतिहासिक नगरी में जल्द ही गजरौला तक रेलवे लाइन के विस्तारीकरण को बजट जारी करने की मांग की जायेगी। इस मौके पर सेफ, सलमान, आमिर, विशाल, हस्सान, अली, मौ. फाजिल, फिरोज, अनस,गनी आदि मौजूद रहे।

## गेहूं के खेत में पड़ा मिला वद्धा का शव

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** नखासा थाना क्षेत्र के गांव शरीफपुर से गुलालपुर जाने वाले रास्ते पर 70 वर्षीय महिला का गेहूं के खेत में शव पड़ा मिला। मृतका की पहचान गांव भारतल निवासी कन्हैया सिंह की पत्नी लीलावती के रूप में हुई। परिजनों ने पोस्टमार्टम करने से मना किया तो पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को को सौंप दिया। लीलावती के पोते श्रृषिपाल ने बताया कि उसकी दादी मानसिक रूप से कमजोर थी और शुक्रवार को जब सभी लोग खेत पर काम करने गए थे तभी घर से निकलकर आ गई थी। तलाश करने बाद भी उसका पता नहीं चला शनिवार आज सवेरे तलाश करते हुए शव पड़ा होने की जानकारी हुई।

## भाकियू बीआरएसएस ने दिया ब्लॉक परिसर में धरना

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों और बच्चों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। वहीं मदरसे के छात्र मोहम्मद जाहिद रजा ने कहा कि उनका मदरसा हमेशा से अमन और शांति का पैगाम देता आया है और गणतंत्र दिवस को हर साल पूरे उत्साह के साथ मनाता है।पंचायत में जिला अध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ मिले। सरकार द्वारा तमाम कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं उनकी जानकारी किसानों को मिले और उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाए ।

# नि:स्वार्थ समाज सेवा सिविल डिफेंस का उद्देश्य: योगेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** बगीचा वेंकट हाल में नागरिक सुरक्षा कोर नरोरा के वार्डेन धस्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए चीफ वार्डन योगेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि आप सभी नि:स्वार्थ समाज सेवा कर रहे हैं। समाज के साथ अच्छा काम करें। जिससे आगामी जीवन सुधर जाए। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने आसपास लगने वाले मेले, ज्यादा भीड़ वाले मंदिर, योगा क्लास, कन्या विद्यालय, कोचिंग सेंटर आदि स्थानों पर जाकर लोगों और बच्चों को नागरिक सुरक्षा के प्रति जागरूक कर सकते हैं। जब आप समाज की सेवा में जुड़ते हैं तो वह हमारा परमार्थ हो जाता है। उन्होंने कहा कि पूरे देश के 244 नगरों में सिविल डिफेंस संचालित हो रही है। हमारे उत्तर प्रदेश में यह केवल 17 नगरों में थी, लेकिन मई माह में भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध छिडा तो पूरे 75 जिलों में नागरिक सुरक्षा का विस्तार किया जा रहा है। अब आपको कार्य करने पर 150 रुपया मानदेय मिला करेगा। इस दौरान उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा कोर नरौरा अनुराध सिंह, चीफ वार्डेन योगेन्द्र सिंह यादव, विकास वार्ष्णेय डिप्टी चीफ वार्डेन, घलेंद्र सिंह डिवीजन वार्डेन गुन्नौर, निधि शर्मा स्टाफ ऑफिसर हताहत सेवा, दिलीप कुमार विस्वास घटना नियंत्रण अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# मजबूत लोकतंत्र को अवश्य करेंगे मतदान की ली शपथ

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मजबूत लोकतंत्र को मतदान अवश्य करने की शपथ दिलायी गयी।

एमजीएम पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह ने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं एवं उपस्थित शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाई कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान आवश्यक है। इसलिए हम अपने मताधिकार का सम्मान करते हुए मतदान करेंगे और किसी भी प्रकार के प्रलोभन, दबाव या पक्षपात से ऊपर रहकर सही निर्णय लेंगे। हम अपने आस-पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर हमे शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लेना चाहिए तथा स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में सभी मतदाताओं को अपने वोट का प्रयोग करना आवश्यक है। डा. फहीम अहमद ने कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं को अपना मतदाता पहचान पत्र अवश्य बनवाना चाहिए। डा. नवेद खान ने कहा कि मतदान इसलिए आवश्यक है क्योंकि यह लोकतंत्र को मजबूत करता है और नागरिकों को अपनी पसंद की सरकार चुनने का अधिकार देता है। डा. शशिकांत गोयल ने कहा कि मतदान से नेता जनता के प्रति जवाबदेह रहते हैं और शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसी नीतियों पर जनता का प्रभाव पड़ता है। इसलिए हर योग्य नागरिक को मतदान अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डा. फहीम अहमद ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अमृतेश अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं,शिक्षक शिशिकाओ और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने सहभागिता की।





सम्भल- एमजीएम पीजी कॉलेज में मजबूत लोकतंत्र को कार्यक्रम में बोलते डा. इमरान।

## मदरसे के बच्चों संग जिला सचिव ने जगायी देश भक्ति की अलख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रायसत्ती स्थित मदरसा अल-जामिया-तुल-इस्लामिया खलील-उल-उलूम में शनिवार को गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति से ओतप्रोत माहौल देखने को मिला। समाजवादी पार्टी के जिला सचिव सईद अख्तर मदरसे पहुंचे, जहां उन्होंने मदरसे के छात्रों को तिरंगा झंडा बांटकर 26 जनवरी को धूमधाम से मनाने का आवहान किया। इस मौके पर सईद अख्तर ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे देश की आन-बान-शान का प्रतीक है। उन्होंने देशवासियों, प्रदेशवासियों शहर के लोगों से अपने घरों, दुकानों, कार्यालयों और वाहनों पर तिरंगा अवश्य लगाने का आहवान किया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों और बच्चों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। वहीं मदरसे के छात्र मोहम्मद जाहिद रजा ने कहा कि उनका मदरसा हमेशा से अमन और शांति का पैगाम देता आया है।

# 20वें दिन भी धरने पर डटे आंदोलनकारी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक का धरना आन्दोलन 20वें दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ताओं ने सम्बंधित विभाग आन्दोलनकारियों से स्वयं बात नहीं करेगा और उदासीनता बरतने पर थाली बजाकर जगाने की चेतावनी दी।

धनारी के राजकीय पशु चिकित्सालय रेलवे-स्टेशन पर भाकियू असली का धरना 20वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर किसानो की समस्याओ पर विचार करते हुए सर्व सम्मति से तय किया गया कि जिस विभाग से सम्बन्धित समस्या है वह विभाग स्वयं आनदोलनकारियो से बात कर समाधान करना चाहिए। अन्यथा उदासीनता बरतने वाले विभाग के विरूद ताली थाली बजाकर जगाने का काम करने की चेतावनी दी। राष्ट्रीय प्रमुख सचिव श्रृषिपाल सिंह यादव ने कहा कि महावा नदी हमारी आस्था की केन्द्र है। जिसके पुनर्जीवित कराने की बात स्वयं नरेंद्र मोदी भी कर चुके हैं। इसके अलावा जिलाधिकारी भी फावड़ा चलाकर महावा नदी का उद्घाटन किया था, लेकिन उसका काम रोक दिया गया है। बता दें कि धरने पर बैठे भाकियू असली कार्यकर्ता राजकीय पशु चिकित्सालय की चाहर दीवारी, आवारा गोवंश को सहभागिता के तहत सीधे किसानो को दी जाए आदि समस्याओ के सामाधान हेतु किसान मांग कर रहे है। इस मोके पर बहादुर सिह यादव, किसन लाल, गजराम सिह, विजय सिंह, बीरन सिह आदि मौजूद रहे।



सम्भल- धनारी में 20वें दिन भी धरने पर डटे भाकियू असली कार्यकर्ता।

# अकीदत से मनाइ गई हजरत इमाम हुसैन की यौमे विलादत

○चैरिटेबल ब्लड बैंक की ओर से नौजवानों ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** हजरत इमाम हुसैन (अ.) की विलादत तीन शाबान चार हिजरी (626 ईस्वी) को पवित्र शहर मदीना में हुई थी। वे पैगम्बरे इस्लाम हजरत मौहम्मद (स.व.) के छोटे नवासे, हजरत अली (अ.स.) और फातिमा जहरा (स.अ.) के छोटे बेटे थे। उनकी पैदाइश को दुनिया भर के शिया और सुन्नी बड़ी अकीदत से मनाते हैं जो इन्साफ व सच की निशानी है।

इसी मुबारक मौके पर कस्बे भर में दिन भर जश्न का माहौल रहा। न्याज, पानी व चाय की सबीलें जगहज्हग लगाई गई थीं। रात को इमाम बारगाहों में मनकबती महफिलें की गई। जिसमें उलेमाओं व शायरों ने इमाम हुसैन (अ.स.) को अपने कलाम से खिराजे अकीदत पेश की। महफिलों में बड़ी तादाद में अकीदतमंदों ने शिरकत की। गौर तलब है कि इराक के शहर कर्बला में इमाम हुसैन का मज़ार है। जो शियओं का एक पवित्र स्थल है। हुसै करीब चौदह सौ साल पहले कर्बला की जंग इमाम हुसैन और जालिम शासक यजीद के बीच लड़ी गई थी। इस लड़ाई में इमाम हुसैन का साथ भारत के पंजाब के एक ब्राहम्ण समूह कर्बला गया था,लेकिन जब तक इमाम हुसैन अपने साथियों सहित शहीद हो चुके थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी इमाम हुसैन के मूल्यों के प्रति गहरी अकीदत रखते थे और एक बार उन्होने इमाम के प्रति अपनी अकीदत पेश करते हुए कहा था कि मैने हुसैन से उत्पीड़ित होते हुए भी विजय प्राप्त करना सीखा है। पैगम्बरे इस्लाम के नवासे हजरत इमाम हुसैन का भारत से गहरा लगाव था। कर्बला की जंग से पहले इमाम हुसैन ने भारत आने की इच्छा जाहिर की थी,लेकिन यजीद नहीं माना ओर उसने इमाम हुसैन से जंग छेड़ दी। इमाम हुसैन नू पेरी दुनिया को इन्सायित का पैगाम देते हुए कहा कि हमेशा मजलूम के साथ और जालिम के खिलाफ रहो ओर अगर तुम न तो धर्म में यकीन रखते हो और न ही इसके बाद डरते हो तो कम से कम जुल्म और गरूर (अत्याचार और अहंकार से आजाद रहा। इस मौके पर हसीनुज्जमा मन्जिस में जीवन चैरिटेबल ब्लड बैंक की ओर से रक्तदान शिविर भी लगाया गया था। जिसमें नौजवानों ने इमाम हुसैन के नाम पर रक्तदान किया।

# सऊदी अरब में सुरजनन नगर के युवक की हार्ट अटैक से मौत

■ वीडियो कॉल के कुछ देर बाद ही थम गई सांसें



मृतक इस्तयाक अहमद का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजनन नगर।** सुरजनन नगर चौकी क्षेत्र मे एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सऊदी अरब में राजमिस्त्री का काम करने वाले युवक इस्त्याक अहमद की शनिवार की सुवह भारतीय समयानुसार 8बजे दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई।

मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। घ्परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, इस्त्याक अहमद पुत्र असफाक अहमद अपनी पत्नी गुलशन और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सऊदी अरब में रहकर राजमिस्त्री का काम करते थे। बीते दिन इस्त्याक ने अपनी पत्नी गुलशन से वीडियो कॉल पर काफी देर तक बात की थी। उन्होंने बच्चों का हाल-चाल पूछा और घर की अन्य जरूरी बातों पर चर्चा की। बातचीत के दौरान वह बिल्कुल स्वस्थ और खुश नजर आ रहे थे। किसी को अंदाजा भी नहीं था कि यह उनकी आखिरी बातचीत होगी। घ्इस्त्याक करीब 6 महीने पहले ही घर से छुट्टियां बिताकर वापस सऊदी रियात गए थे। घर से निकलते वक्त उन्होंने जल्द ही दोबारा आने का वादा किया था।

पत्नी गुलशन का रो-रोकर बुरा हाल है। उनका कहना है कि फोन रखने के कुछ ही घंटों बाद साथी कामगारों का फोन आया कि इस्त्याक को अचानक सीने में तेज दर्द हुआ और अस्पताल ले जाते समय उन्होंने दम तोड़ दिया। घ्इस्त्याक की पत्नी गुलशन ने सरकार और प्रशासन से गुहार लगाई है कि मृतक के शव को जल्द से जल्द वतन लाने की व्यवस्था की जाए। वर्तमान में गांव के लोग और स्थानीय जनप्रति. निधि शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं। घर पर बच्चों और परिजनों की चीख-पुकार सुनकर हर किसी की आंखें नम हैं।

# नोडल अधिकारी नियुक्त होने के बाद भी गोशाला में सुविधा का अभाव



**कांठ( शाह टाइम्स )** गौशाला में नोडल अधिकारी नियुक्त होने के बाद भी सुविधाओं का अभाव है और गोवंश परेशान हाल में जीवन व्यतीत करने को मजबूर है। गौ सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा ने आज अपनी टीम के साथ अस्थाई गोशाला विकास खण्ड छजलैट का भ्रमण किया।

उन्होंने बताया कि इस गौशाला में 250 निराश्रित गोवंश संरक्षित हैं गौशाला में गोबर डालने का कोई स्थान चिन्हित नहीं है इस कारण गोबर गौशाला की बाउंड्री सीमा के अंदर इधर-उधर पड़ा रहता है बारिश के कारण इसमें फिसलन हो जाती है जिससे गोवंश फिसल कर घायल हो रहे हैं। रात्रि में रोशनी के लिए बिजली का कोई प्रबंध नहीं है गौशाला को ऐसे फील्डर से जोड़ा गया है जो केवल दिन में चलता है और रात में गौशाला में अंधेरा हो जाता है। एक तरफ की बाउंड्री वॉल भी टूटी हुई है जिसे ठीक नहीं कराया गया उन्होंने हरे चारे के लिए ग्राम समाज की जमीन उपलब्ध कराने की मांग उठाई।

बताया कि हर गौशाला में नोडल अधिकारी नियुक्त है इसमें नोडल अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी हैं लेकिन यहां हरा चारा बहुत कम मात्रा में आता है। इस कारण गोवंश को हरे चारे से महरूम होना पड़ता है उन्होंने कहा कि इन समस्याओं का समाधान ना हुआ तो वह उच्च अधिकारियों के सामने इस मामले को रखने को मजबूर होंगे।

## एक नजर

### थाना समाधान दिवस में थाना अध्यक्षों ने सुनी लोगों की समस्याएं



कांठ( शाह टाइम्स) थाना समाधान दिवस का आयोजन आज सर्कल के थाना छजलैट और कांठ में किया गया जिसमें दोनों थाना अध्यक्षों ने बैठकर लोगों की शिकायतों को सुना और उनका निस्तारण कराए जाने के लिए निर्देशित किया। एस आई आर के नोटिस पर चल रहे दावे आपत्ति के क्रम में तहसील के अधिकारी लगे हुए हैं जिसकी वजह से आज तहसील स्तर से कोई अधिकारी थाना समाधान दिवस में नहीं पहुंचा जबकि कानून गो और लेखपालों ने वहां रहकर समस्या के समाधान के प्रयास किए। इस मौके पर शिकायतें तो कोई खास नहीं आएगी लेकिन निर्धारित समय तक बैठकर राजस्व विभाग एवं पुलिस ने शिकायतों को सुना।

### दयानंद इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

**कांठ ( शाह टाइम्स )** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ में उत्तर प्रदेश दिवस मनाया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने स्वयं सेवकों को अपने वक्तव्य में बताया कि उत्तर प्रदेश की स्थापना 24 जनवरी 1950 में हुई तब से विकास तथा प्रगति के पथ पर उत्तर प्रदेश दिन प्रतिदिन प्रगति कर रहा है इसी के साथ विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अतवीर सिंह त्यागी ने स्वयं सेवकों को उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक सांस्कृतिक और विकास यात्रा के बारे में विस्तार से जागरूक किया तथा 25 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले मतदाता जागरूकता अभियान की रूपरेखा समझाते हुए इसकी थीम मेरा भारत मेरा बोट के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह अतबीर सिंह त्यागी राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, अरविन्द कुमार शर्मा, सुनील कुमार, सुन्दर सिंह, योगेन्द्र कुमार नरपाल सिंह आदि शिक्षकों के साथ-साथ सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### वकीलों का प्रदर्शन जारी नहीं हो पाया समाधान

**कांठ( शाह टाइम्स )** दो हफ्ते बीत जाने के बाद भी वकीलों और तहसीलदार के बीच हुए विवाद का समाधान नहीं हो पाया आज भी अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और तहसील का वातावरण भ्रष्टाचार मुक्त कराए जाने की मांग उठाई।

प्राइवेट कर्मचारी से हुए विवाद के बाद तहसीलदार और अधिवक्ताओं के बीच विवाद हो गया जिसकी वजह से अधिवक्ताओं ने उनके कोर्ट का बहिष्कार कर रखा है आज दो हफ्ते बीत जाने के बाद भी इस संबंध में किसी प्रकार की वार्ता नहीं हो पाई है। अधिवक्ता प्रतिदिन नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए तहसील को भ्रष्टाचार मुक्त कराए जाने की मांग कर रहे हैं। इस मौके पर तहसील के काफी वकील मौजूद रहे।

# नोटिस मिलने के बाद दावे और आपत्तियों का क्रम जारी लगी रही भीड़



**कांठ ( शाह टाइम्स )** नोटिस मिलने के बाद दावे आपत्तियों का क्रम जारी है आज भी दावे और आपत्तियों पर सुनवाई की गई जिसे लेकर तहसील में भीड़ लगी रही। बतादे की कई दिनों से तहसील में बैठकर चार ए आरओ द्वारा एस आई आर का नोटिस जारी होने के बाद दावे आपत्तियों पर सुनवाई की जा रही है। जिसे लेकर तहसील में भीड़ बढ़ रही है बताया गया कि अभी 28 जनवरी तक के नोटिस भिजवाए गए हैं और इसी तरह से क्रमवार नोटिस नियमित रूप से दिए जा रहे हैं इसका लाभ यह हो रहा है की तहसील में एक साथ भारी भीड़ के पहुंचने की संभावना कम हो गई है। लेकिन रोजाना के हिसाब से दावे और आपत्ति लेकर आने वालों के कारण तहसील में भीड़ बढ़ती दिखाई दे रही है आज भी चारों ए आरओ द्वारा नोटिस धारको की सुनवाई हुई और प्रपत्र सही जमा करने वालों के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए।

# गायत्री यज्ञ के साथ ऋतुराज बसंत का स्वागत

**बिलारी।** बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के बच्चे पीत वस्त्र व पीली वस्तुओं के साथ मां सरस्वती का जन्मदिन मनाने पहुंचे। वही मां सरस्वती के जन्मदिन पर गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। छात्रों ने देश की सुख-समृद्धि व क्षेत्र की खुशहाली के लिए यज्ञ में आहुतियां समर्पित की। शनिवार को आयोजित बसंत पर्व पर छात्र-छात्राओं ने युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ,आदि शक्ति मां गायत्री, शक्ति स्वरूपा माता भगवती देवी, विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। छात्राओं ने कार्यक्रम से पूर्व ष्आया बसंत धरती झूमिष गीत गाकर वातावरण को बसंतमय बना दिया। गायत्री परिवार के कार्यकर्ता रमेश यादव ने गुरु वंदना, मंगलाचरण, पृथ्वी पूजन, कलश आदि का पूजन कर गायत्री यज्ञ संपन्न कराया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता व विद्यालय प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने मां शारदा के विषय में छात्रों को बताया कि मां सरस्वती शिक्षा साक्षरता तथा भौतिक ज्ञान की देवी है और बसंत पंचमी भी शिक्षा साक्षरता का पर्व है। इसीलिए इस दिन मुख्य रूप से मां सरस्वती का पूजन किया जाता है तथा इसी दिन अखिल विश्व गायत्री परिवार की युग निर्माण योजना का भी शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव



आबिद हुसैन मनोज कुमार आदित्य राघव कुमारी सजल राघव रचना कश्यप आकांक्षा अनीता विनीता आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर रचना शीतल रंजीत विजय आरती आदि छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों द्वारा एकत्र खाद्य सामग्री से खीर का प्रसाद तैयार किया और श्रीमती रुचि राघव ने शांति पाठ कराकर खीर के प्रसाद का वितरण कराया।

# जलभराव और कीचड़ से ग्रामीण बेहाल, प्रदर्शन कर जताया रोष

**सुरजननगर।** सुरजननगर क्षेत्र के ग्राम रामपुर घोगर में बुनियादी सुविधाओं के अभाव के चलते ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। गाँव की मुख्य गलियों में जलभराव और गहरे कीचड़ की समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है, जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने आज प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। घ्ग्रामीणों का आरोप है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर जमा रहता है। इससे न केवल आने-जाने में परेशानी हो रही है, बल्कि संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को इस रास्ते से निकलने में सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। घ्प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से महेश, दीपू विकास, दिनेश वाल्मीकि, सुकपाल, ओमप्रकाश, सुन्दर, रोहताश, गजराम, मदन सिंह, राजेश सिंह, राजपाल सिंह, हिरदेश, नोवत और सुनील आदि मौजूद रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नाली निर्माण और सड़क सुधार का कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे उच्चाधिकारियों का घेराव करने को बाध्य होंगे।



# सड़क सुरक्षा को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान, वाहनों पर लगाए रिफ्रलेक्टर

**मुरादाबाद।** शहर में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत शहर के



प्रमुख चौराहों और तिराहों पर वाहनों को रोककर उन पर रिफ्लेक्टर लगाए गए, ताकि रात्रि के समय दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके।यह अभियान पीली कोठी चौराहा, डबल फाटक, सिविल लाइंस, फुब्बारा तिराहा, अगवानपुर सहित शहर के मुख्य चौराहों पर चलाया गया। ट्रैफिक पुलिस की टीम ने दोपहिया, तिपहिया और अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया।इस अभियान को मुरादाबाद ट्रैफिक पुलिस और समाजसेवी विदुर महाजन ने संयुक्त रूप से संचालित किया। विदुर महाजन ने बताया कि रिफ्लेक्टर लगने से रात में पीछे से आने वाले वाहनों को आगे चल रहे वाहन आसानी से दिखाई देते हैं, जिससे टक्कर की घटनाओं में कमी आती है।ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों से अपील की है कि वह अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर अवश्य लगवाएं, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए ऐसे जागरूकता अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# कांग्रेस महानगर कार्यालय पर कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर अर्पित की गई श्रद्धांजलि



**मुरादाबाद।** शनिवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजवादी चिंतक एवं पूर्व मुख्यमंत्री जननायक स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर शहर के चौमुखापुल स्थित महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन और संघर्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर पिछड़े, दबे-कुचले और शोषित वर्गों के सच्चे मसीहा थे। आजादी की लड़ाई में उन्होंने 26 महीने जेल में बिताए और 1952 में बिहार विधानसभा के सदस्य बने। इसके बाद वह दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे।पहली बार दिसंबर 1970 से जून 1971 तक तथा दूसरी बार जून 1977 से अप्रैल 1979 तक।जुनैद इकराम ने बताया कि मुख्यमंत्री रहते हुए कर्पूरी ठाकुर ने पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण लागू करने जैसे ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिससे सामाजिक न्याय की दिशा में बड़ा कदम बढ़ा। उनके अतुलनीय योगदान को सम्मान देते हुए वर्ष 2024 में उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया।उन्होंने कहा कि शोषितों को जागरूक करने के लिए कर्पूरी ठाकुर जी अपने भाषणों में अक्सर पंक्तियां दोहराते थे "उठ जाग मुसाफिर भोर भई, अब रैन कहां जो सोवत है।" एक शिक्षक, राजनेता और स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ-साथ उनकी असली पहचान 'जननायक' की थी।इस अवसर पर नजाकत ठेकेदार, मुशाहिद चौधरी, नदीम उद्दीन कातिब, बब्बन खान, मौअज्जम अली, अफसर अंसारी, शहजाद खां, जमीर अहमद अंसारी, मुर्सलीन खान, महफूज उर्फ राजा, पार्षद परवेज, अफसर, सोनी सैफी, रफीक मसूदी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# यूपी दिवस व गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सीएल गुप्ता स्कूल में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सी.एल. गुप्ता नेत्र संस्थान के तत्वावधान में संचालित सी.एल. गुप्ता स्कूल ऑफ ऑप्टोमेट्री द्वारा एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन जिला अस्पताल के रक्तदान विभाग की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की ट्रस्टी शिखा गुप्ता एवं निदेशक डॉ. प्रदीप अग्रवाल ने फीता काटकर परंपरागत रूप से किया।इस अवसर पर संस्थान के फिजिशियन डॉ. मो. हित शर्मा ने रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान से शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी या विकृति नहीं आती। रक्तदान से जुड़ी अनेक भ्रांतियां लोगों को इससे दूर रखती हैं, जबकि यह न केवल एक महान सामाजिक सेवा है, बल्कि शरीर के लिए भी लाभकारी है। संस्थान के सचिव गुरविंदर सिंह ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए "जीते-जी रक्तदान, जाते-जाते नेत्रदान" का नारा लगवाया।शिविर में स्कूल ऑफ ऑप्टोमेट्री के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष बात यह रही कि कई विद्यार्थियों ने पहली बार रक्तदान किया और अपने परिवारजनों को भी इसके लिए प्रेरित किया। शिविर में कुल 35 यूनिट रक्तदान कर समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया गया।यह शिविर यूपी दिवस एवं गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य नागरिकों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों के निर्वहन का संद. ेश देना था। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुरादाबाद नागरिक समाज के रवि टंडन, संजीव वर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों का सहयोग रहा। शिविर का सफल संयोजन प्रशासनिक अधिकारी गरिमा सिंह, एचआर प्रतिनिधि पिंकी तथा विभागाध्यक्ष फणी कृष्णा के नेतृत्व में किया गया। जिला अस्पताल की पूरी टीम ने शि. विर के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# टीएमयू की रंगोली प्रतियोगिता में दक्षिता सिंह एंड ग्रुप अव्वल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग में ज्ञान, बुद्धि एवं नवाचार थीम पर हुई बसंत पंचमी में रंगोली प्रतियोगिता में दक्षिता सिंह, अनुष्का मोहन और दिशिका कश्यप विजेता रहे। इसके अलावा पतंग निर्माण, वाद्य यंत्र प्रस्तुति, गायन एवं नृत्य जैसी प्रस्तुतिया में भी स्टुडेंट्स ने अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मक कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया। इससे पूर्व सीसीएसआईटी के सभागार में बसंत पंचमी के भव्य सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, सीसीएसआईटी के विभागाध्यक्ष प्रो. शंभु भारद्वाज, एडिशनल एचओडी डॉ. रूपल गुप्ता, सीसीएसआईटी की कल्चरल कोऑर्डिनेटर सुश्री स्वाति चौहान और फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग की कल्चरल कोऑर्डिनेटर्स- डॉ. इंदु त्रिपाठी, सुश्री निकिता जैन



आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। डीन प्रो. द्विवेदी ने बसंत पंचमी के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं शैक्षिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा, बसंत पंचमी ज्ञान, विद्या, सकारात्मकता और नवचेतना का प्रतीक है। यह पर्व हमें निरंतर सीखने, सृजनशील रहने और जीवन में उजास और आशा बनाए रखने की प्रेरणा देता है। प्रो. शम्भू भारद्वाज के संग-संग डॉ. रूपल गुप्ता, डॉ. रंजना शर्मा आदि ने भी विचार साझा किए। रंगोली प्रतियोगिता में आँचल, सिया और रक्षा वर्मा द्वितीय, जबकि नैन्सी चौहान, संस्कृति ठाकुर और निधि तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. प्रियांक सिंघल, डॉ. नमित गुप्ता, डॉ. नूपा राम चौहान, डॉ. पराग अग्रवाल, डॉ. शालिनी निनोरिया, डॉ. विशाल मोहन गुप्ता, डॉ. प्रीति रानी, मो. सलीम आदि मौजूद रहे। संचालन स्टुडेंट्स जिया सिंह और गौरी ने किया।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैं अपनी पुत्री सपना पुत्री स्व. जगदीश नि0 मौहल्ला वाल्मीकि बस्ती, बिजली घर के सामने, बंगला गांव, थाना नागफनी तहसील व जिला मुरादाबाद, हाल नि0 ऋषिनगर सहस्त्रधारा रोड, थाना रायपुर, जिला देहरादून उत्तराखण्ड को आपसी मतभेद व विचारों के न मिलने के कारण पारिवारिक संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में सपना के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरा व मेरे किसी भी पुत्र व परिवार के अन्य सदस्यों की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी। **श्रीमति उर्मिला पत्नी स्व. जगदीश निवासनी मौहल्ला वाल्मीकि बस्ती, बिजली घर के सामने, बंगला गांव, थाना नागफनी तह. व जिला मुरादाबाद।**

**संबंध विच्छेद/बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र योगेश कुमार सागर व उसकी पत्नी यानि हमारी पुत्रवधु अंजलि के बुरे आचरण व झगड़ालू स्वभाव से तंग आकर उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज से मेरे उपरोक्त पुत्र योगेश कुमार सागर व पुत्रवधु अंजलि से हमारे व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य का कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। वे अपने द्वारा किए गए किसी भी कृत्य या अच्छे-बुरे कार्य, लेन-देन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के स्वंय देनदार व जिम्मेदार होगें। **सुरेश पुत्र स्व. बृजलाल व श्रीमती दया सागर पत्नी सुरेश निवासीगण मौहल्ला किसरौल थाना नागफनी शहर मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**

प्रार्थी अपनी स्वामित्वाधीन संपत्ति से संबंधित मूल पंजीकृत विक्रय विलेख (Registered Sale Deed) दिनांक 30.12.1995 क्रम संख्या 8284 को बैंक में जमा किए जाने के प्रयोजन से अपने साथ लेकर जा रहा था। उक्त मूल दस्तावेज को ले जाते समय दिनांक 15.1.2026 को हनुमान मुर्ति के पास कही बैग से गुम हो गये है। जिसका उपयोग अवैधानिक होगा।
**पारस रस्तोगी पुत्र नीरज रस्तोगी, निवासी गोविन्द नगर ब्लॉक बी, पारस प्रिंटर, निकट संकट मोचन पार्क मुरादाबाद। मोबाइल नंबर: 9557055069**

# ई-रिक्शाओं और अवैध पार्किंग ने नगर में वाहनों की रफ्तार रोकी, राहगीर बेहाल

**ठाकुरद्वारा।** नगर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। अवैध पार्किंग, बेतहाशा बढ़ते ई-रिक्शा और ओवरलोड वाहनों के चलते ठाकुरद्वारा की सड़कों पर हर दिन जाम आम समस्या बन चुका है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि आम नागरिकों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है, जबकि प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। शनिवार को कदीर तिराहे से बाबू रामपाल द्वारा होते हुए सुरजन नगर मार्ग पर लंबा जाम लग गया। घंटों तक वाहन रेंगते रहे और राहगीर जाम में फंसे तड़पते नजर आए। जाम से बचने के लिए जो लोग कोतवाली, एसडीएम कोर्ट रोड की ओर मुड़े, उन्हें वहां अवैध रूप से खड़े वाहनों ने एक और जाम में धकेल दिया। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि यातायात सुचारू कराने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। नगरवासियों का कहना है कि यह कोई नई समस्या नहीं है। लंबे समय से ई-रिक्शाओं की मनमानी, सड़क किनारे अवैध पार्किंग और बिना किसी रोक-टोक के खड़े वाहनों के कारण जाम लग रहा है, लेकिन प्रशासन ने कभी इसे गंभीरता से लेने की जहमत नहीं उठाई। नतीजा यह है कि आए दिन नगर क्षेत्र ही नहीं, बल्कि ठाकुरद्वारादृस्योहारा मार्ग पर भी लंबा जाम लग रहा है। स्थिति को और भयावह बना रहे हैं गन्ने से लदे ओवरलोड वाहन, जो नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इन भारी वाहनों के कारण न केवल जाम लग रहा है, बल्कि किसी बड़े हादसे की आशंका भी बनी हुई है। इसके बावजूद पुलिस और संबंधित विभाग आंखों पर पट्टी बांधकर सब कुछ देख रहे हैं। जाम में फंसे स्कूली बच्चे, बुजुर्ग, मरीज और कामकाजी लोग सबसे ज्यादा परेशान हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते यातायात व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया, ई-रिक्शाओं पर नियंत्रण नहीं लगाया गया और अवैध पार्किंग पर सख्ती नहीं हुई, तो हालात और विस्फोटक हो सकते हैं। अब सवाल यह है कि आखिर कब जागेगा प्रशासन? क्या किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही जिम्मेदारों की नींद खुलेगी, या फिर नगरवासियों को यूं ही जाम के झाम में फंसकर परेशान होना पड़ेगा।



## एक नजर

### एसएम कॉलेज में मनाया गया उत्तर प्रदेश दिवस



**चन्दौसी।** एस.एम. डिग्री कॉलेज में शनिवार को उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ एन.के. शर्मा एवं रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब के संयोजक डॉ आर.ए.एस. यादव ने मां सरस्वती एवं रानी रामकली के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ एन. के. शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन पूरे राज्य में समारोहपूर्वक किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश भारत की गौरवमयी विरास. तों, अनूठी संस्कृतियों एवं इतिहास के संगम की भूमि है। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य राज्य की समृद्ध संस्कृति, शिल्प एवं धरोहर का उत्सव मनाना तथा इसकी विकास यात्रा और भविष्य की संभावनाओं को प्रदर्शित करना है। बी.एड. विभाग की प्रभारी डॉ स्तुति विशिष्ट ने कहा कि इस वर्ष समारोह की थीम 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' है। इस अवसर पर छात्रा इतिशा गौड़ एवं मंजरी गुप्ता ने काव्य पाठ किया। छात्र केशव एवं कृष्णा की जोड़ी ने गायन एवं वादन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में डॉ आर.ए.एस. यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया एवं संचालन स्कंद, असि. प्रोफेसर ने किया। इस अवसर पर डॉ विशेष कुमार पांडेय, डॉ नेहा, डॉ ज्योति, डॉ कादंबरी मिश्रा उपस्थित रहीं।

### रास्ते में कूड़ा डालने का विरोध करने पर मारपीट चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**कुंदरकी।** मैनाठेर शनिवार की सुबह गांव इमरतपुर उधो मे नाली का कलर रास्ते में डालने का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है शनिवार की सुबह सूरजपाल पुत्र जवाली सिंह निवासी इमरतपुर ऊधो ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि सुबह के समय करीब 8:00 बजे नाली से कूड़ा निकाल कर गांव के ही भगवान दास पुत्र गजराम, पंकज,मनोज,पुत्रगढ़ भगवान दास गुड्डू पुत्र पोप सिंह, रास्ते में डाल दिया विरोध करने पर गंदी-गंदी गालियां देते हुए मारपीट की जिससे कि वह घायल हो गया पुलिस ने घायल को प्राथमिक उपचार के लिए कुंदरकी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा युवक की तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप पीड़ित ने कोतवाली में दी तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम फरीदनगर निवासी एक कृषक ने अपनी कृषि भूमि पर अवैध कब्जे और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना दिवस में पहुंचकर अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। फरीदनगर निवासी रफीक शकील जमील नसीम पुत्रगण नन्हे कहा की ग्राम फरीदनगर स्थित गाटा संख्या 353 का काश्तकार व कब्जेदार है। वर्तमान में उक्त भूमि में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। आरोप है कि गांव के ही कुछ दबंग किस्म के व्यक्तियों ने पीड़ित की खेती की मेड़ तोड़कर अपनी जमीन में मिला ली। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि दबंगों द्वारा उसकी भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है, जिससे उसे गंभीर नुकसान होने की आशंका है। मामले को लेकर पीड़ित ने कोतवाली प्रभारी से अवैध कब्जा हटवाने तथा आरोपितों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है, मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दयानंद कॉलेज में बीएड विभाग के द्वारा कला प्रदर्शनी का किया गया आयोजन, छात्राओं ने लिया बढ़-चढ़कर भाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दयानंद आर्य कन्या महाविद्यालय में बीएड विभाग के तत्वावधान में एक भव्य कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर सीमा रानी ने सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्चन कर किया। इस प्रदर्शनी में बीएड प्रथम वर्ष की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कला प्रदर्शनी में छात्राओं के कुल छह समूह बनाए गए, जिनमें सभी समूहों ने निर्धारित थीम के आधार पर अपनी रचनात्मक कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में विकसित भारत, सशक्त भारत, वसुधैव कुटुंबकम, मानसिक स्वास्थ्य जैसी समसामयिक एवं प्रेरणादायक विषयों पर रंगोली, चार्ट, पोस्टर एवं क्ले मॉडल प्रस्तुत किए गए। विशेष रूप से "वसुधैव कुटुंबकम" की भावना को एक ही मंच पर संपूर्ण विश्व के रूप में प्रस्तुत करना दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा। प्राचार्या प्रोफेसर सीमा रानी ने कहा कि इस प्रकार की कला प्रदर्शनियां छात्राओं की कल्पनाशक्ति, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं तथा उन्हें अपनी संस्कृति एवं इतिहास से जोड़ती हैं। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर सुजाता कुमारी एवं प्रोफेसर कंचन सिंह शामिल रहीं।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ग्रुप नंबर पांच (सोनिया, संजना, श्यामा गुप्ता, सना) ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान ग्रुप नंबर चार तथा तृतीय स्थान ग्रुप नंबर एक एवं छह को मिला। कार्यक्रम का संचालन विदुषी ने किया।

प्रदर्शनी के अवलोकन के उपरांत प्रवक्ता अनीता फरसवान, स्नेहा, डॉ. अनुराधा श्रुति जयसवाल ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में डॉ. सुषमा एवं बुशरा का विशेष सहयोग रहा।



## न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन शिक्षा के प्रति जागरूकता पर दिया गया जोर

**ठाकुरद्वारा।** न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन कंपोजिट विद्यालय कमालपुरी खालसा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी ठाकुरद्वारा मनोज कुमार बॉस एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य दिनेश प्रजापति द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। चौपाल में सर्वप्रथम विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, स्कूल चले हम गीत तथा सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने सराहा। कार्यक्रम में एआरपी रूपा आर्य ने निपुण भारत मिशन, डीबीटी के माध्यम से प्राप्त धनराशि के सदुपयोग, कायाकल्प योजना एवं कक्षा-कक्ष में डिजिटल संसाधनों के प्रभावी प्रयोग जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं बाल वाटिका के संबंध में सपना चौहान द्वारा उपयोगी जानकारी दी गई। चौपाल के दौरान अतिथियों ने उपस्थित अभिभावकों, एसएमसी सदस्यों एवं जनसमुदाय से शिक्षकों के साथ मिलकर कार्य करने का आह्वान किया, ताकि विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर ब्लॉक स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में चयनित होकर जनपद स्तर के लिए चयनित छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विवेक कुमार आर्य द्वारा किया गया। चौपाल में पूर्व एआरपी पीयूष कुमार प्रशांत, शिक्षक संकुल अवधेश कुमार, अशोक कुमार, विनीता चौधरी, नाजिया, यासमीन, रफी, कंचन खुल्वै, रजनी मिश्रा, अंजली सिंह, यशिका, डिंपी, प्रीति, उमा, हरपाल सिंह, विपिन, प्रेमपाल, नईमुद्दीन, अलीमुद्दीन, सोमदत्त शर्मा, विजेंद्र सिंह, मनोज कुमार सहित अनेक शिक्षक, अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने आबिद अली और महासचिव बने सतीश कुमार वत्सल

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव में चुनाव अधिकारियों की देखरेख में संपन्न हुआ। इसमें चौधरी आबिद अली ने 130 वोट प्राप्त कर अध्यक्ष की कुर्सी पर कब्जा कर लिया। वहीं महासचिव पद सतीश कुमार वत्सल ने जीत हासिल की। शनिवार को बार एसोसिएशन सभागार में चुनाव अधिकारी नरेंद्र सिंह, हीरालाल अग्रवाल, सत्यवीर सिंह और सफदर अली खान की देखरेख में बार एसोसिएशन का चुनाव सुबह 10.00 बजे शुरू हुआ। बार की चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए राजीव कुमार विश्नोई और चौधरी आबिद अली मैदान थे और महासचिव पद के लिए सतीश कुमार वत्सल, रजनीश प्रताप सिंह और कुलदीप सिंह सहित अन्य पदों पर शांति पूर्ण चुनाव दोपहर करीब 3.00 बजे संपन्न हुआ। चुनाव के बाद वोटों की गिनती शुरू हुई। कुछ समय बाद रूझान आने शुरू हो गए। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि मतगणना के दौरान अध्यक्ष के उम्मीदवार आबिद अली को 130 मत मिले और उनके प्रतिद्वंद्वी राजीव कुमार विश्नोई को मात्र 81 वोट मिले । इसमें आबिद अली ने राजीव कुमार विश्नोई को 49 वोटों से मात देकर जीत हासिल कर ली। चुनाव के दौरान महासचिव पद सतीश कुमार वत्सल ने 108 मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंद्वी रजनीश प्रताप सिंह को 24 वोट से मात देकर महासचिव की कुर्सी पर कब्जा कर लिया। उपाध्यक्ष पद पर मौ0 शाहिद ने 96 वोट प्राप्त कर प्रतिद्वंद्वी योगेंद्र सिंह को 19 वोटों से मात देकर जीत हासिल कर ली। कोषाध्यक्ष पद पर शैलेंद्र कुमार ने 107 वोट प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंद्वी 34 वोटों से मात देकर जीत हासिल कर ली। सहसचिव पद पर देवेंद्र सिंह ने 135 वोट प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंद्वी सुनील कुमार को 3 वोटों से मात देकर जीत प्राप्त कर लीं। चुनाव अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए आबिद अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश कुमार चौहान, महासचिव सतीश कुमार वत्सल, उपाध्यक्ष मोहम्मद शाहिद , उपाध्यक्ष योंगेंद्र सिंह, शैलेंद्र कुमार, सहसचिव देवेंद्र कुमार, सुनील कुमार, मौ0 कासिम फरीदी , कनिष्ठ सचिव स्वतंत्र बाबू, सदस्य कार्यकारणी 10 वर्ष से अधिक महेंद्र सिंह चौहान, सौरभ गहलौत, सदस्य कार्यकारणी 10से कम वाहिद अली, रिजवान अहमद, अहसान हुसैन, विनय कुमार, ओंमलोकेश कुमार, देवराज सिह, राजेद्र सिंह विजयी घोषित किए गए है।

चुनाव संपन्न होने के बाद विजयी अध्यक्ष आबिद अली सहित अन्य प्रत्याशियो का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया और ढोल की थाप विजयी प्रत्याशियों के समर्थक जमकर थिरके।

चुनाव के दौरान भारी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक बिजेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक रजत कुमार सहित पुलिस बल भी मुस्तैद रहा।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## बाल हकीकत और सुभाष चंद्र बोस के बलिदान से देश और धर्म की रक्षा हुई

**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर धर्म रक्षक बाल हकीकत का 291वां बलिदान दिवस और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वी जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन के महामंत्री धवल दीक्षित रहे मुख्य वक्ता आर्य मनीषि कपिलमुनि रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में शिवम् आर्य ने देशभक्ति और धर्म व संस्कृति और बलिदान से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर आर्य मनीषि कपिलमुनि ने बताया कि धर्म का मूल वेद है व लेकिन धर्म की रक्षा त्याग और बलिदान से होती है। 17वी शताब्दी में भारत में मुगल शासक शासन कर रहे थे । ऐसे में 16वर्षीय बाल हकीकत का मात्र झूंठे आरोपों पर गर्दन काटकर बसंत पंचमी को बलिदान कर दिया। हम उनके धर्म रक्षक बलिदान से प्रेरणा लेकर धर्म के प्रति आशक्तिवान रहे। वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के देश की आजादी में प्रमुख योगदान का भी उल्लेख किया। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। इस आव्हान ने युवाओं में विशेष प्रेरणा मिली और आजादी की क्रांति से जुड़ गये। आयोजन में मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट, करनसिंह आर्य, सुदेश आर्य,अदिति खुशबू अमित आर्य मीरा देवी यशोदा रामाशंकर आर्य,प्रभा आर्य और मयंक आर्य आदि उपस्थित रहे।

## बारातियों से मारपीट में दो गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के रामपुर फतेहपुर गांव में बारात चढ़त के दौरान बारातियों के बीच मारपीट के मामले में पुलिस ने 50 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपी दनकौर के जगनपुर गांव के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को रामपुर फतेहपुर गांव में ब्रहमपाल की बेटी की बारात दनकौर के जगनपुर गांव से आई थी। बारात में गांव से दो सौ से अधिक बाराती थे। बारात की चढ़त के दौरान कई राइफल, पिस्टल से लैस एक पक्ष से लीला , बलवीर और तेजपाल, सतबीर ,मदन, कृष्ण, जितेंद्र, वीरे समेत कई लोगों ने दूसरे पक्ष पर रंजिश के तहत हमला कर दिया । हवाई फायरिंग के करते हुए दूसरे पक्ष के लोगों से लाठी डंडो से मारपीट की गई। इसमें वीरेंद्र, राजेंद्र , देशराज, श्री निवास, जगदीश समेत कई लोग घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। दादरी कोतवाली पुलिस ने इस मामले में 50 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने दो आरोपी जितेंद्र और योगेश निवासी जगनपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

**बाल कटवाने को लेकर हुआ झगड़ा रंजिश में बदला:** पिछले वर्ष मई के महीने में दोनों पक्षों के बीच बाल कटवाने को लेकर झगड़ा हुआ था। दोनों पक्ष के युवक एक दुकान पर बाल कटवाने पहुंचे थे। पहले बाल कटवाने को लेकर कहासुनी हुई। इसके बाद परिजन आमने-सामने हो गए। शादी में मिलाई को लेकर बढ़ा विवाद पुलिस प्रकरण को पुरानी रंजिश के तहत जोड़कर देख रही है। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि शादी में मिलाई के दौरान विवाद पनप गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ठिरियादान**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 24.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत ठिरियादान विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 09.02.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 09.02. 2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुस्तकीम के मकान से जाकिर के मकान तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 108 मी0 | 402016 | 100 | 2% | 3 माह |
| 2 | मलखान सिंह के घर से कब्रिस्तान तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 120 मी0 | 520394 | 100 | 2% | 3 माह |
| 3 | अजय के घर से अमरनाथ के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 60 मी0 | 318993 | 100 | 2% | 3 माह |
| 4 | अमरपाल के घर से कब्रिस्तान तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 115 मी0 | 496711 | 100 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत ठिरियादान**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

**उत्तर रेलवे**

**सूचना संख्या 01/2026 दिनांक :- 23.01.2026**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू0) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्योरिटी | कार्य के पूरा करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनाँक व समय | वेबसाइट एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **18/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2025दूसरी कॉल:**– मुरादाबाद डिवीजन के विभिन्न स्थानों पर पंप स्थापना और संबंधित सहायक उपकरणों की व्यवस्था के लिए विद्युत कार्य। | 10722601.36 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 203600.00 | 6 (छः) माह | निविदाएं दिनांक 16.02.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय मुरादाबाद। |
| 2. | **20/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2025दूसरी कॉल:-** बिजनौर माल गोदाम में बुनियादी ढांचे के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए विद्युत कार्य, मुरादाबाद माल गोदाम में ग्राहक सुविधाओं के लिए विद्युत कार्य, रामपुर माल गोदाम में बुनियादी ढांचे के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए विद्युत कार्य, सेओहारा स्टेशन पर नए माल गोदाम में बुनियादी सुविधाओं के प्रावधान के लिए विद्युत कार्य और डबतारा स्टेशन पर नए माल गोदाम में बुनियादी ढांचे के उन्नयन/आधुनिकीकरण के विद्युत कार्य। | 16313839.76 (जीएसटी सहित) | | 231600.00 | 12 (बारह) माह | | |

264/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बुधनगर**
**वि० खं०-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक मीमो/15वां वित्त/राज्य वित्त/निविदा/2025-26 दिनांक: 24.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत बुधनगर में पंचम राज्य वित्त आयोग/ पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 31.01.2026 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा सामग्री विवरण | सामग्री प्राक्लन लागत ( रूपये में ) | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम बुधनगर में सौरभ के घर से पवन कुमार के घर तक सीसी टाईस व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, बजरी, बजरफुट, ईंट, सीसी टाईल्स आदि। | 152532/- | 3051 | 250/- | 3 माह |
| 2. | प्राथमिक विद्यालय में बालक बालिका शौचलय निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, बजरी, बजरफुट, ईंट, सरिया आदि। | 337541/- | 6751 | 250/- | 3माह |

**अनुबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-बुधनगर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

**कार्यालय ग्राम पंचायत नरेन्द्रपुर ( भानपुर गजरौला )**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 24.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत नरेन्द्रपुर (भानपुर गजरौला) विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 09.02.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 09.02.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ह्वदेश के घर से राजू के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 50 मी0 | 188267 | 100 | 2% | 3 माह |
| 2 | राजपाल के घर से लल्लू के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 60 मी0 | 228962 | 100 | 2% | 3 माह |
| 3 | बब्लू की पुलिया से सोनू के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 85 मी0 | 330997 | 100 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत नरेन्द्रपुर ( भानपुर गजरौला )**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## संक्षिप्त खेल समाचार

### फीफ विमेंस चैंपियंस कप में हिस्सा लेने वालों को रिकॉर्ड प्राइज मनी देगा

**जेनेवा, वार्ता।** वर्ल्ड फुटबॉल गवर्निंग बॉडी ने शुक्रवार को अनाउंस किया कि पहले फीफा विमेंस चैंपियंस कप विनर को रिकॉर्ड तोड़ प्राइज मनी दी जाएगी। फीफा ने कहा कि विमेंस चैंपियंस कप की फाइनल चैंपियन को 23 लाख डॉलर मिलेंगे, जबकि रनर-अप को 10 लाख डॉलर मिलेंगे। हर कॉन्फेडरेशन के चैंपियन इंटरकॉन्टिनेंटल क्लब टाइटल के लिए मुकाबला करेंगे। दो सेमीफाइनल 28 जनवरी को ब्रिटेन के लंदन में ब्रेंटफोर्ड स्टेडियम (जीटेक कम्युनिटी स्टेडियम) में होने हैं। फाइनल 1 फरवरी को आर्सेनल स्टेडियम में खेला जाएगा। फाइनलिस्ट को दी जाने वाली प्राइज मनी के अलावा, हारने वाली दो दूसरी टीमों में से हर एक को 200,000 डॉलर मिलेंगे।

### सनराइजर्स लगातार चौथी बार एसए20 फाइनल में पहुंची

**सैंडटन, वार्ता।** सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चौथी बार बेटवे एसए20 फाइनल में जगह बना ली। अब रविवार को न्यूलैंड्स में उनका सामना प्रिटोरिया कैपिटल्स से होगा, जहां 2023 के उद्घाटन फाइनल का रीमैच देखने को मिलेगा। दो बार की चैंपियन सनराइजर्स ने रॉयल्स द्वारा दिए गए 114/7 के लक्ष्य को सात विकेट शेष रहते और 50 गेंदें बाकी रहते आसानी से हासिल कर लिया। युवा इंग्लिश ऑलराउंडर जेम्स कोल्स ने एक और बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन किया। ऑफ स्पिन से चार ओवरों में 1/15 लेने के बाद कोल्स ने बल्लेबाजी में नाबाद 45 रन बनाकर रन चेज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पिच पर, जहां टर्न और बाउंस के कारण बल्लेबाजी आसान नहीं थी, कोल्स ने डैन के पहले ही ओवर को निशाना बनाते हुए 21 रन बटोरे व लक्ष्य का बड़ा हिस्सा जल्दी ही घटा दिया।

# टी-20 विश्व कप से बाहर बांग्लादेश

## बांग्लादेश की जगह खेलेगा स्कॉटलैंड




**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को बांग्लादेश के अड़ियल रवैये पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए सात फरवरी से भारत और श्रीलंका की मेजबा. नी में होने वाले टी-20 विश्वकप में उसकी जगह स्कॉटलैंड को ग्रुप सी में शामिल करने की आधिकारिक घोषणा कर दी।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के मुख्य कार्यकारी संजोग गुप्ता ने बोर्ड को औपचारिक रूप से पत्र लिखा कि बांग्लादेश की मांगें बोर्ड की पॉलिसी के हिसाब से नहीं है। बोर्ड के सभी सदस्यों को लिखे गए इस पत्र में गुप्ता ने बताया कि बीसीबी आईसीसी बोर्ड के फैसले का पालन नहीं कर रहा था और इस बड़े इवेंट के लिए बांग्लादेश की जगह किसी दूसरे देश, इस मामले में स्कॉटलैंड को बुलाने के अलावा कोई और रास्ता नहीं था। इस पत्र की कॉपी बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम को भी भेजी गई है, जो आईसीसी बोर्ड के सदस्य हैं। उन्होंने क्रिकेट स्कॉटलैंड को भी लिखा और उन्हें भारत और श्रीलंका में होने वाली चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए औपचारिक न्योता भेजा। क्रिकेट स्कॉटलैंड की मुख्य कार्यकारी लिंडब्लेड से संपर्क किया। उनकी ओर से कोई तुरंत जवाब नहीं मिला, लेकिन वेबसाइट को पता चला है कि शनिवार सुबह दुबई और एडिनबर्ग के बीच हॉटलाइन शुरू हो गई थीं। क्रिकेट की वर्ल्ड गवर्निंग बॉडी ने बांग्लादेश को भारत में खेलने के अपने रुख पर विचार करने का समय दिया था और मुख्य कार्यकारी गुप्ता लगातार बीसीबी सदस्यों के साथ बातचीत कर रहे थे। आईसीसी नहीं चाहता था कि ऐसा कोई खतरनाक उदाहरण बने जहां कोई सदस्य मैचों को दूसरी जगह कराने की मांग करे। आईसीसी ने स्पष्ट कर दिया था कि वह विश्व कप प्रतियोगिता की पवित्रता की रक्षा करना चाहता है। स्कॉटलैंड अपने प्रदर्शन के आधार पर मौजूदा रैंकिंग में 14वें नंबर है और इसी लिए उसे विश्वकप में जगह मिली है। स्कॉटलैंड अब टूर्नामेंट के शुरुआती स्टेज में ग्रुप सी में होगा और कोलकाता में वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी) व इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ खेलेगा।

### मोखलेसुर रहमान पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू: बीसीबी

**ढाका, वार्ता।** बीसीबी की इंटीग्रिटी यूनिट ने बोर्ड निदेशक मोखलेसुर रहमान पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। बीसीबी ने बताया कि रहमान ने बोर्ड की ऑडिट कमेटी के अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया है। इस सीजन के बीपीएल से जुड़े ए आरोप पत्रकार रियासाद अजीम की एक इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्ट में लगाए गए थे। उन्होंने गुरुवार को अपने अधिकारिक फेसबुक पेज पर पोस्ट किया था। आईसीसी इंटीग्रिटी यूनिट के पूर्व प्रमुख रहे एलेक्स मार्शल बीसीबी की इंटीग्रिटी यूनिट की अगुवाई कर रहे हैं।

# जोकोविच 400वीं मेजर जीत हासिल कर फेडरर की रिकॉर्ड के बराबर पहुंचे



● **एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर-4 को उस लिस्ट में अकेले टॉप पर आने का मौका मिलेगा**

**मेलबर्न, वार्ता।** नोवाक जो. कोविच ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने शानदार करियर में एक और मील का पत्थर जोड़ा, जहां वह मेजर में 400 मैच जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ने बोटिक वैन डी जैंड्सचल्प के खिलाफ सीधे सेटों में जीत के साथ यह उपलब्धि हासिल की, जिससे ऑल-टाइम सूची में उनकी बढ़त और बढ़ गई। जोकोविच अब रोजर फेडरर से 31 जीत आगे हैं, जो 369 मेजर मैच जीत के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जो खेल के उच्चतम स्तर पर जोकोविच के दो दशक के करियर को परिभाषित करने वाली असाधारण लंबी उम्र और निरंत. रता को रेखांकित करता है।

इस जीत का मेलबर्न में भी खास महत्व था, जहां जोकोविच ने फेडरर के 102 ऑस्ट्रेलियन ओपन मैच जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी की। एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर 4 को उस लिस्ट में अकेले टॉप पर आने का मौका मिलेगा जब वह चौथे राउंड में याकूब मेन्सिक या एथन क्विन का सामना करेंगे। जोकोविच का मेजर टूर्नामेंट में सफर 20 साल से भी पहले शुरू हुआ था, जब उन्होंने 2005 में रौलां गैरो में रॉबी जिनेप्री के खिलाफ अपना पहला मेजर मैच जीता था। तब से, पूर्व वर्ल्ड नंबर। 1 ने रिकॉर्ड 24 मेजर खिताब जीते हैं, जिसमें मेलबर्न पार्क खिताब के मामले में उनका सबसे सफल स्टेज साबित हुआ है।

सबसे ज्यादा ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत रिकॉर्ड 10 बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन, जो. कोविच ने आखिरी बार 2023 में ट्रॉफी उठाई थी। जोकोविच इस पखवाड़े में अपने पहले तीन मैचों में सहज दिखे हैं, उन्होंने स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और इटली के क्वालिफायर फ्रांसेस्को मेस्ट्रेली को भी सीधे सेटों में हराया है।

# वावरिका तीसरे दौर में हारे

● **स्टैन वावरिका तीन बार के विजेता फ्रिट्ज से 7-6(5), 2-6 6-4, 6-4 से हार गए**

**मेलबर्न, वार्ता।** स्विस दिग्गज स्टैन वावरिंका शनिवार को अपने आखिरी ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हो गए, तीन बार के मेजर विजेता 7-6(5) 2-6 6-4 6-4 से अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज से हार गए और एक कम पसंद किए जाने वाले पूर्व चैंपियन के तौर पर गर्मजोशी भरी तालियों का आनंद लिया।

40 वर्षीय, जिन्होंने 2014 का खिताब जीतकर मेलबर्न में अपना ग्रैंड स्लैम ब्रेकथ्रू किया था, जिसके बाद के वर्षों में फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन में भी ट्रॉफी जीतीं, ने घोषणा की थी कि 2026 उनका विदाई सीजन होगा। अपने पहले मैच में लास्लो डेरे को हराने और पिछले राउंड में बहुत छोटे आर्थर गेया के खिलाफ पांच-सेट मैराथन जीतने के बाद, वावरिका ने एक और शानदार प्रयास किया लेकिन जॉन केन एरिना में अमेरिकी नौवीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज के खिलाफ उनकी ऊर्जा खत्म हो गई।

वावरिका ने कहा कि वह (फ्रिट्ज) एक अद्भुत खिलाड़ी है। वह खेलने के लिए एक कठिन फाइटर है, इसलिए उन्हें और उनकी टीम को बधाई। वह आज बेहतर था, इसमें कोई सवाल नहीं है। माहौल अविश्वसनीय था, इसलिए हमेशा आने के लिए आप सभी का धन्यवाद। वावरिका ने पहले सेट का टाइब्रेक हारने के बाद भी हार नहीं मानी और अगले सेट में आसानी से जीत हासिल की, लेकिन तीसरे सेट में उन्हें हार माननी पड़ी, जिसके बाद उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया, और उसके बाद उन्हें दबाव बनाए रखने में कभी-कभी मुश्किल हुई।

# गुवाहाटी में आज सीरीज कब्जाने उतरेगी भारतीय टीम



**गुवाहाटी, वार्ता।** भारत रविवार को शाम 7 बजे यहां बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में अपना दबदबा कायम रखने का लक्ष्य रखेगा। सीरीज में 2-0 से आगे चल रहा भारत 3-0 से सीरीज जीतने की राह पर है, जबकि न्यूजीलैंड अपनी उम्मीदें जिंदा रखने के लिए उलटफेर करने की कोशिश करेगा। सभी की निगाहें भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव पर टिकी हैं, जिन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ नौ टी-20 मैचों में 316 रन बनाए हैं। उनकी लगातार अच्छी फॉर्म ने भारत के मिडिल ऑर्डर को मजबूती दी है, और वह सीरीज में भारत की पकड़ बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएंगे। रायपुर में पिछले मैच में सूर्यकुमार ने 37 गेंदों में 221.62 के स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए थे, जबकि ईशान किशन ने 32 गेंदों में तेज 76 रन का योगदान दिया था। अभिषेक शर्मा की शुरुआती सीजन की

● **न्यूजीलैंड अपनी उम्मीदें जिंदा रखने के लिए उलटफेर करने की कोशिश करेगा**

फॉर्म, हार्दिक पांड्या की ऑलराउंड क्षमताएं और संजू सैमसन की विस्फोटक बल्लेबाजी भारतीय टीम को और मजबूत बनाती है। अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिसमें शिवम दुबे और वरुण चक्रवर्ती अतिरिक्त गेंदबाजी विकल्प प्रदान करेंगे। बरसापारा में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों का औसत 185-190 रन रहा है, लेकिन इस बल्लेबाजी के अनुकूल पिच पर अनुशासित गेंदबाजी और गति में बदलाव महत्वपूर्ण रहेंगे। ऐतिहासिक रूप से, यहां टॉस जीतने वाली टीमें पहले गेंदबाजी करना पसंद करती हैं, क्योंकि पिछले मैचों में लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान साबित हुआ है। इस बीच, न्यूजीलैंड अपनी बल्लेबाजी क्रम में एक स्थिर नंबर तीन बल्लेबाज की पहचान करने के लिए प्रयोग करना जारी रखे हुए है। डेरिल मिशेल से मिडिल ऑर्डर को मजबूत करने की उम्मीद है, जबकि रचिन रवींद्र और मिशेल सेंटनर फॉर्म में वापसी करने का लक्ष्य रखेंगे। हाल ही में विश्व कप टीम में शामिल किए गए काइल जैमीसन डेथ ओवरों में विशेषज्ञ के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिन्हें ईश सोढ़ी और जैकब डफी का समर्थन मिलेगा। डेवोन कॉनवे विकेटकीपिंग करेंगे, जबकि ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन और मार्क चैपमैन अतिरिक्त बल्लेबाजी गहराई प्रदान करेंगे। हालिया फॉर्म से पता चलता है कि भारत ने अपने पिछले पांच टी-20 मैचों में से चार जीते हैं, जबकि न्यूजीलैंड ने अपने पिछले पांच मैचों में से तीन जीते हैं। टी-20 में दोनों टीमों के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड बताते हैं कि भारत ने 26 में से 13 मैच जीते हैं, न्यूजीलैंड ने 10 और तीन मैच टाई रहे।

# चौथे दौर में भिड़ेंगी कीज व जेसिका पेगुला



● **राउंड ऑफ-16 में दोनों के करियर की चौथी आमने-सामने की भिड़त होगी**

**मेलबर्न, वार्ता।** अमेरिकी मैडिसन कीज और जेसिका पेगुला शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में सीधे सेटों में विजेता रहीं, जिससे दोनों अच्छी दोस्त राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में पहुंच गईं और यह उनके करियर की चौथी आमने-सामने की भिड़ंत होगी। हालांकि मेलबर्न में बहुत ज्यादा गर्मी की वजह से खेल आम तौर पर तय समय से एक घंटा पहले शुरू करना पड़ा, लेकिन कीज या पेगुला में से कोई भी बिना सीड वाले विरोधियों के खिलाफ रूटीन में बदलाव से परेशान नहीं हुआ। नंबर 6 सीड पेगुला ने मार्गरेट कोर्ट एरिना में क्वालिफायर ओक्साना सेलेखमेतेवा को 6-3, 6-2 से हराया, जबकि डिफेंडिंग चैंपियन कीज ने पूर्व वर्ल्ड नंबर। कैरोलिना प्लिसकोवा को 6-3, 6-3 से हराकर अपना लगातार 10 ऑस्ट्रेलियन ओपन मैच जीता। कीज अपने ओवरऑल हेड-टू-हेड मुकाबलों में पेगुला से 2-1 आगे हैं जिसमें पिछले जनवरी में एडिलेड इंटरनेशनल के फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई धरती पर 6-3, 4-6, 6-1 से जीत शामिल है। दोनों अमेरिकियों ने अपनी तीसरे राउंड की जीत में चार बार सर्व तोड़ा। पेगुला अब पिछले पांच सालों में 11 बार किसी बड़े टूर्नामेंट के राउंड 16 में पहुंच चुकी हैं। कीज बनाम पेगुला के विनर ने यह पक्का कर दिया है कि लगातार 12वें साल ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टर फाइनल में कम से कम एक अमेरिकी होगा। 2014 आखिरी सीजन था जब कोई नहीं था। इस बीच लगातार दूसरे साल, अमांडा अनिसिमोवा चौथे राउंड में पहुंच गई हैं, इस बार उन्होंने मार्गरेट कोर्ट एरिना में हमवतन पेटन स्टर्न्स को 6-1, 6-4 से हराया। दुनिया की नंबर 4 खिलाड़ी ने यह पक्का किया कि वह ज्यादा देर तक धूप में न रहें, शनिवार दोपहर को 1 घंटे 11 मिनट में जीत हासिल की। यह चौथी बार है जब अनिसिमोवा मेलबर्न के राउंड ऑफ 16 में पहुंची हैं, और वह डब्ल्यूटीए टूर में पहली बार स्टर्न्स को हराकर वहां पहुंची हैं। उन्होंने इस हफ्ते अभी तक कोई सेट नहीं गंवाया है और स्टर्न्स के देर से चार्ज करने के बावजूद, यहां भी ऐसा होने का कोई असली खतरा नहीं दिखा। अनिसिमो. 'वा ने शुरुआती गेम में एक ब्रेक पॉइंट बचाया और थोड़ी देर बाद स्टर्न्स को ब्रेक करके 2-0 की बढ़त बना ली। फिर उन्होंने एक और ब्रेक लेकर 5-1 की बढ़त बना ली और आधे घंटे से थोड़ा ज्यादा समय में सेट जीत लिया।

### सिंधु को हराकर ओलंपिक चैंपियन चेन सेमीफाइनल में

**जकार्ता, वार्ता।** चीन की ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई ने शुक्रवार को यहां 2026 इंडोनेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए शानदार प्रदर्शन किया। चेन ने भारतीय स्टार पी वी सिंधु को सीधे गेम में 21-13, 21-17 से हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई, उन्होंने पूरे मैच में निरंतरता और नियंत्रण दिखाया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला जापान की नोजोमी ओकुहारा से होगा। मिश्रित युगल में, चीन के जियांग जेनबांग और वेई याक्सिन ने तीन गेम के कड़े मुकाबले में मेजबान जोड़ी अदनान मौलाना और इंदाह चाह्या सारी जमील को 22-20, 14-21, 21-19 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। एक और चीनी मिश्रित युगल जोड़ी, गुओ शिनवा और चेन फांगहुई, डेनमार्क के मथियास क्रिस्टियनसेन और एलेक्जेंड्रा बोजे से 21-18, 21-14 से हारकर क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गईं। महिला युगल में, चीन की लुओ शुमिन व वांग यिडुओ इंडोनेशिया की राहेल एलेस्या रोज और फेबी सेटियानिंग्रम से तीन गेम में 18-21, 21-16, 21-10 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

# सिनर ने क्रैम्प, हीट ने स्पिजिरी को हराया

## जैनिक सिनर का अगला मुकाबला इटैलियन लुसियानो डार्डोरी से होगा



**मेलबर्न, वार्ता।** जैनिक सिनर को शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने टाइटल डिफेंस के लिए एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने रॉड लेवर एरिना के अंदर क्रैम्प, हीट और एलियट स्पिजिरी को 4-6, 6-3, 6-4, 6-4 से हराकर चौथे राउंड में जगह बनाई। सिनर ने कहा कि आज के लिए बहुत खुश हूं। जाहिर है अगला मैच, देखते हैं क्या होता है।

उनका अगला मुकाबला साथी इटैलियन लुसियानो डार्डेरी से होगा। (हमने) सिर्फ एक बार प्रैक्टिस की है, इसलिए यह ज्यादा नहीं है। लेकिन ग्रैंड स्लैम में क्वार्टर फाइनल में कम से कम एक इटैलियन का होना बहुत खुशी की बात है। यह बहुत बढ़िया है। जब मैच एक-एक सेट से बराबर था, तो स्पिजिरी ने तीसरे सेट में 3-1 की बढ़त बना ली, जबकि सिनर साफ तौर पर क्रैम्प से जूझ रहे थे, मुश्किल से सर्व करने या हिलने-डुलने के लिए आगे बढ़ पा रहे थे। लेकिन ऑस्ट्रेलियन ओपन हीट स्ट्रेस स्केल 5 पर पहुंच गया, जिससे अधिकारियों ने छत बंद करने के लिए खेल रोक दिया। 10 मिनट से भी कम के ब्रेक के बाद, खेल फिर से शुरू हुआ, लेकिन वह छोटा सा सस्पेंशन बहुत जरूरी साबित हुआ।

जब खेल फिर से शुरू हुआ, तो सिनर ने वापसी की और तीन घंटे, 45 मिनट में जीत हासिल की। सिनर ने कहा कि आज बहुत गर्मी थी। तीसरे सेट में थोड़ी क्रैम्प शुरू हुई, जो समय के साथ धीरे-धीरे ठीक हो गई। अब थोड़ा अनुभव के साथ मैं अपने शरीर को थोड़ा बेहतर जानता हूं, कुछ स्थितियों को थोड़ा बेहतर तरीके से संभालने की कोशिश कर रहा हूं। आज किस्मत अच्छी रही। जब उन्होंने छत बंद की, तो थोड़ा समय लगता है। थोड़ा आराम करने की कोशिश की। इससे मदद मिली। कुछ पॉइंट्स को खेलने का तरीका भी थोड़ा बदल गया। इससे मुझे आज पक्का मदद मिली। टेक्सास यूनिवर्सिटी के पूर्व कॉलेज टेनिस स्टार, स्पिजिरी पहली बार किसी मेजर के तीसरे राउंड में खेल रहे थे और इससे पहले उन्होंने कभी ऑस्ट्रेलियन ओपन के मेन ड्रॉ में नहीं खेला था। यह टॉप-10 अपोनेंट के खिलाफ उनका पहला मैच था। मैच के ज्यादातर समय, 24 साल के स्पिजिरी ने कोई घबराहट नहीं दिखाई। स्पिजिरी ने चार बार के मेजर चैंपियन के साथ बेसलाइन पर बराबरी की, इन से लगातार शॉट मारे, और निडर टेनिस खेला। सिनर परफेक्ट नहीं थे, उन्होंने 51 अनफोर्स्ड एरर किए। लेकिन उन्होंने 56 विनर लगाए, जिसमें उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन अक्सर सबसे जरूरी मौकों पर आया। स्पिजरी ने मैच में अपने 16 ब्रेक मौकों में से सिर्फ छह को ही भुनाया, जबकि सिनर ने अपने 11 में से आठ ब्रेक पॉइंट जीते। स्पिजिरी तीसरे सेट में सिर्फ छह में से एक थे, जिससे सिनर को क्रैम्प से जूझकर बढ़त हासिल करने में मदद मिली। तीसरे सेट के बाद, खिलाड़ी टूर्नामेंट के हीट रूल की वजह से स्पिजिरी को 10 मिनट का ब्रेक मिला।

# गावस्कर ने सूर्यकुमार की 'परिपक्व' पारी की तारीफ की



● **कहा: सूर्या ने अपनी पारी की शुरुआती दौर का इस्तेमाल 'अपनी लय में आने' के लिए किया**

**रायपुर, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान और जियोस्टार एक्सपर्ट सुनील गावस्कर ने दूसरे टी-20 में न्यूजीलैंड पर भारत की जीत में कप्तान सूर्यकुमार यादव की शांत पारी की तारीफ की, और ईशान किशन के साथ एक अहम साझेदारी के दौरान उनकी मैच की समझ और दिखाई गई परिपक्वता पर जोर दिया।

क्रिकेट लाइव पर, गावस्कर ने बताया कि कैसे सूर्यकुमार ने अपनी पारी के शुरुआती दौर का इस्तेमाल 'अपनी लय में आने' के लिए किया, जबकि किशन दूसरे छोर से अटैक कर रहे थे। गावस्कर ने कहा कि सूर्य की पारी ने दिखाया कि उन्हें स्थिति की जानकारी थी। वह 11 गेंदों पर 11 रन बनाकर खेल रहे थे। 97 रनों की साझेदारी में से 76 रन ईशान किशन ने बनाए थे। यह कप्तान की परिपक्वता भी दिखाता है।

उन्होंने कहा कि जब किशन पूरी लय में थे, तो सूर्यकुमार ने स्ट्राइक रोटेट करने और सेटल होने पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि दूसरा खिलाड़ी इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था, इसलिए, वह उसे ज्यादा स्ट्राइक दे रहा था, साथ ही अपनी लय में आ रहा था, सिंगल और डबल लेकर पैरों में सर्कुलेशन बढ़ा रहा था, और इसलिए वह बाद में बड़े शॉट के लिए तैयार कर रहा था। गावस्कर ने बताया कि किशन के आउट होने के बाद सूर्यकुमार ने कमान संभाली।

# ईशान ने टीम में वापसी का श्रेय आत्मविश्वास को दिया

## ईशान ने सूर्या के योगदान और शिवम के आखिर में किए गए कैमियो की सराहा



**रायपुर, वार्ता।** इंडिया के ओपनर ईशान किशन ने कहा कि फॉर्म में वापसी और नेशनल टीम में जगह एक आसान सवाल की वजह से मिली, जो उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर रहने के दौरान खुद से पूछा था।

क्या वह फिर से सबसे ऊंचे लेवल पर परफॉर्म कर पाएंगे। न्यूजीलैंड पर भारत की सात विकेट से जीत में प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने के बाद, किशन ने उस समय को याद किया जब उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया था और कहा कि डोमेस्टिक क्रिकेट ने उन्हें कॉन्फिडेंस वापस पाने में मदद की। किशन ने कहा कि मैंने खुद से एक ही सवाल पूछा: क्या मैं इसे फिर से कर सकता हूं या नहीं? और मेरे पास इसका बहुत साफ जवाब था। लेफ्ट-हैंडर ने बताया कि ब्रेक के दौरान उनका फोकस सिर्फ रन बनाने और खुद को यह साबित करने पर था कि वह भारत के लिए परफॉर्म करने में काबिल हैं।

उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ डोमेस्टिक क्रिकेट में रन बनाना चाहता था। कभी-कभी यह अपने लिए करना जरूरी होता है, अपने सवालों के जवाब देना कि क्या आप सब कैसे बैटिंग कर रहे हैं और क्या आप इंडिया के लिए खेलने में काबिल हैं। इसलिए मेरे लिए डोमेस्टिक क्रिकेट खेलना और रन बनाना जरूरी था। किशन ने कहा कि घरेलू टाइटल जीतने से इंटरनेशनल असाइनमेंट से पहले उनका कॉन्फिडेंस और बढ़ा। उन्होंने कहा कि अच्छी बात यह थी कि हमने ट्रॉफी भी जीती, और मैं उस कॉन्फिडेंस को यहां भी ले गया। इसलिए यह मेरे लिए काफी अच्छा दिन था। अपनी धमाकेदार पारी के दौरान 240 के करीब स्ट्राइक रेट से रन बनाने के बावजूद, किशन ने कहा कि उन्होंने बड़े टारगेट का पीछा करते समय जान-बूझकर गैर-जरूरी रिस्क से परहेज किया। उन्होंने कहा कि हम रिस्क नहीं लेना चाहते थे, क्रॉस-बैटेड नहीं होना चाहते थे, लेकिन मैं फिर भी पावरप्ले में ज्यादा से ज्यादा रन बनाने की कोशिश कर रहा था। दिन के आखिर में, जब आप 200 से ज्यादा के टोटल का पीछा कर रहे होते हैं, तो आपको पावर प्ले में अच्छे रन बनाने होते हैं। किशन ने पारी के दौरान मेंटली शांत रहने की अहमियत पर जोर दिया।

उन्होंने आगे कहा कि मैं आज जो करना है, उस पर फोकस कर रहा था और बस खुद को अच्छे माइंडस्पेस में रख रहा था। कभी-कभी आपको लगता है कि आप अच्छी बैटिंग कर रहे हैं और बस बॉल को देखने और उस स्पेस में रहने की कोशिश करते हैं। न्यूजीलैंड के बड़े स्कोर के जवाब में, किशन के 21 गेंदों में खेली गई जबरदस्त हाफ सेंचुरी, कप्तान सूर्यकुमार यादव के योगदान और शिवम दुबे के आखिर में किए गए कैमियो ने भारत को जीत दिलाई। भारत ने पावरप्ले के आखिर में 75/2 का स्कोर बनाया, जो न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का दूसरा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर था, इससे पहले 2007 में जोहान्सबर्ग में आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान भारत ने 76/1 का स्कोर बनाया था, जिससे एक बड़े चेज के लिए मंच तैयार हुआ।

# दोहरा शतक लगाने के बाद सरफराज ने अजहर को श्रेय दिया

● **सरफराज खान ने हैदराबाद में एलीट ग्रुप डी मैच में दोहरा शतक (227) लगाया**

**हैदराबाद, वार्ता।** सरफराज खान मोहम्मद अजहरुद्दीन के वीडियो देखकर बड़े हुए हैं और शुक्रवार को हैदराबाद में एलीट ग्रुप डी मैच में हैदराबाद के खिलाफ दोहरा शतक (227) लगाने के बाद, मुंबई के इस बल्लेबाज ने अपने शानदार प्रदर्शन के लिए पूर्व भारतीय कप्तान को श्रेय दिया। हालांकि, अजहर ने कहा कि सारा श्रेय खिलाड़ी को ही जाना चाहिए। अजहर ने शुक्रवार शाम को क्रिकबज से कहा कि सारा श्रेय सरफराज को मिलना चाहिए - मुझे क्यों? सरफराज के रात भर 128 रन पर नाबाद रहने के बाद दोहरा शतक पूरा करने के कुछ घंटे बाद वह मेरे ऑफिस आया था और उसके कुछ सवाल थे। मैंने उसे कुछ बातें बताईं। यह मेरा फर्ज है, और मैंने उसे समझाया कि यह कैसे किया जाना चाहिए। मैं उसे इस शानदार पारी के लिए बधाई देता हूं। अजहर ने यह बताने से इनकार कर दिया कि सवाल क्या थे, यह कहते हुए कि यह बल्लेबाज से पूछा जाना चाहिए। हालांकि, उन्हें लगा कि सरफराज को भारत के लिए चुना जाना चाहिए। उसने अच्छा प्रदर्शन किया है। उसे भारतीय टीम के लिए चुना जाना चाहिए। उसे मौके नहीं मिल रहे हैं। वह एक आक्रामक बल्लेबाज है और, कई अन्य लोगों के विपरीत, उसे बहुत अधिक अवसर नहीं मिले हैं। उसने हर स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। सरफराज ने जो छह टेस्ट खेले हैं, उनमें उन्होंने एक शतक लगाया है। उन्होंने नवम्बर 2024 से भारत के लिए नहीं खेला है। 28 वर्षीय सरफराज, जो मुंबई के बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ हैं, ने खुलासा किया कि मैच से एक दिन पहले बातचीत के दौरान उन्होंने अजहर से क्या सीखा। दोहरे शतक खास होते हैं।

## कैबिनेट मंत्री का सर्किट हाउस में अधिकारियों ने किया स्वागत



**मुरादाबाद।** शनिवार को उदीषा-2026 साहित्य महोत्सव, के अवसर पर कैबिनेट मंत्री धर्म पाल सिंह के मुरादाबाद आगमन पर सर्किट हाउस में भव्य स्वागत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मंत्री जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका हार्दिक अभिनंदन किया तथा उन्हें औपचारिक सलामी दी गई।इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मंत्री जी के आगमन को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। सर्किट हाउस परिसर में सुरक्षा एवं प्रोटोकॉल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। स्वागत समारोह के दौरान उदीषा-2026 साहित्य महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर भी चर्चा की गई तथा कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार-विमर्श हुआ।कैबिनेट मंत्री धर्म पाल सिंह ने साहित्य महोत्सव के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में साहित्य, संस्कृति और विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने मुरादाबाद प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की और आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। उदीषाख्र2026 साहित्य महोत्सव को लेकर जनपद में उत्साह का माहौल बना हुआ है और यह आयोजन मुरादाबाद की सांस्कृतिक पहचान को एक नई दिशा देने का कार्य कर रहा है।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर पंचायत भवन के लोकार्पण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के शुभारंभ अवसर पर शनिवार को पंचायत भवन, मुरादाबाद के जीर्णोद्धार एवं सुदृढ़ीकरण उपरांत लोकार्पण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने शिरकत की और विधिवत रूप से पंचायत भवन का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें भूपेंद्र चौधरी,गोपाल अंजान, सत्यपाल सैनी,नगर विधायक रितेश कुमार गुप्ता, कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह, मेयर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. सैफाली सिंह सहित अन्य विशिष्ट जन सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अनुज सिंह, मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी भी उपस्थित रहीं।



मुख्य अतिथि धर्मपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायत भवन का जीर्णोद्धार प्रशासन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस प्रदेश की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं विकासात्मक उपलब्धियों को याद करने का अवसर प्रदान करता है।कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश तथा जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, मुरादाबाद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## थाना समाधान दिवस में फरियादियों की सुनीं गई शिकायतें, किया गया निस्तारण

**मुरादाबाद।** शनिवार को जनपद मुरादाबाद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें जनपद के सभी थाना प्रभारियों ने सक्रिय सहभागिता की। थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनना और उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करना रहा।थाना समाधान दिवस के अवसर पर थानों पर पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, उत्पीड़न एवं अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित प्रकरणों पर तत्काल संज्ञान लिया गया।




थाना प्रभारियों ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का निष्पक्ष जांच कर शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि फरियादियों को बार-बार थाने के चक्कर न लगाने पड़ें।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के साथ किया जाए और लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इससे पुलिस-जनसंपर्क को और अधिक मजबूत किया जा सकता है। थाना समाधान दिवस के आयोजन से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है और लोगों को त्वरित न्याय एवं राहत मिलने की उम्मीद बनी है।

पुलिस प्रशासन द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही गई।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत छात्राओं को मिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण



**चन्दौसी।** जिलाधिकारी के दिशा-निर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत शनिवार को सरोजिनी नायडू जूनियर हाईस्कूल की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में आत्मविश्वास के साथ स्वयं की रक्षा करने में सक्षम बनाना है। प्रशिक्षक सुरेश कुमार व पूर्वी ने छात्राओं को साइड किक, हाई किक, ब्लॉक्स व फेस किक की तकनीकों का अभ्यास कराया। जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण ने बताया कि जिले के जूनियर हाईस्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण के साथ-साथ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृत्ति व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है, ताकि पात्र बालिकाओं को उनका लाभ मिल सके।

## एक नजर

### गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ एवं बालिका दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम



मुरादाबाद।गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में शनिवार को वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के द्वितीय चरण का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या के निर्देशन में गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर वंदे मातरम पर काव्य पाठ एवं व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या के प्रेरक उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा, स्वाभिमान और स्वतंत्रता संग्राम की चेतना का प्रतीक है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जन-जन की आवाज बना और आज भी हमें संस्कृति, एकता और कर्तव्यों की याद दिलाता है।प्राचार्या ने छात्राओं से आह्वान किया कि वह वंदे मातरम के आदर्शों को अपने आचरण, विचार और कर्म में उतारें तथा विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. सुनीति लता ने प्रभावशाली काव्य पाठ प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर करुणा आनंद ने किया, जबकि संयोजन प्रोफेसर मीनाक्षी शर्मा, प्रोफेसर सुदेश कुमारी एवं प्रोफेसर प्रवीण सैनी द्वारा किया गया।इसी अवसर पर बालिका दिवस भी मनाया गया। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सीमा अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लड़कियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और समान अवसर प्रदान करना समाज का दायित्व है। कार्यक्रम में प्रोफेसर अपर्णा जोशी, किरण त्रिपाठी, अनुराधा सिंह, सुधा सिंह सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### यूपी बार काउंसिल में मतदान के लिए दो दर्जन से ज्यादा प्रत्याशियों ने किया कांठ में संपर्क

**कांठ( शाह टाइम्स )** बार कौंसिल ऑफ यूपी की चुनावी प्रक्रिया इस समय चरम पर है और इसमें बड़ी संख्या में प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं तहसील कांठ के अधिवक्ताओं ने बताया कि मुरादाबाद जनपद में 27 और 28 जनवरी को बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के लिए मतदान किया जाना है। जिसे लेकर अब तक दो दर्जन से अधिक प्रत्याशी कांठ बार एसोसिएशन में आकर अपने लिए बोट की अपील कर चुके हैं। जिसे लेकर अधिवक्ताओं में काफी उत्साह है आज भी कई प्रत्याशियों ने कांठ आकर अधिवक्ताओं से संपर्क किया है।

### फरार हिस्ट्रीशीटर दबोचा, भेजा जेल




**कुंदरकी।** मैनाठेर पुलिस ने शनिवार को 20 वर्षों से फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गांव इमरतपुर ऊधो निवासी शिवलाल के रूप में हुई है जिस पर कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार शिवलाल और उसके भाई हरकेश के खिलाफ आपराधिक गतिविधियों के चलते हिस्ट्रीशीटर की कार्रवाई की गई थी। इसके बाद दोनों भाई गांव छोड़कर फरार हो गए थे। जांच में सामने आया कि दोनों अलग-अलग स्थानों पर रह रहे थे, जिनमें गांव मानपुर उत्तरी थाना स्वार और टांडा शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि शिवलाल के भाई राकेश को करीब तीन माह पूर्व गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब लंबे समय से फरार चल रहे शिवलाल को भी गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि शिवलाल ने जिस स्थान पर नया ठिकाना बनाया था वहां वह पूरी तरह से बस चुका था। इतना ही नहीं उसने अपनी पत्नी और बेटे को ग्राम प्रधान का चुनाव तक लड़वा दिया।

### सर्वधर्म सामाजिक संगठन ने की बैठक

**चन्दौसी।** सर्वधर्म सामाजिक संगठन द्वारा शनिवार को संगठन की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पिछले माह की गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। संगठन के अध्यक्ष नरेश राघव ने कहा कि सर्वधर्म सामाजिक संगठन का मूल उद्देश्य समाज में प्रेम, भाईचारा और शांति की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने सभी धर्मों के लोगों से आपसी सद्भाव बनाए रखते हुए समाजहित में मिलकर कार्य करने की अपील की। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी माह में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, साथ ही निर्धन कन्या विवाह सहायता, वृक्षारोपण एवं शिक्षा सहायता जैसे सेवा कार्य भी किए जाएंगे। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाना प्राथमिकता है। बैठक में योगेंद्र यादव, वीरेश ठाकुर, संजीव शर्मा, जितेंद्र, प्रमोद राघव, भूपेंद्र यादव, वीरपाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कुंदरकी विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं को बांटे ट्रैकसूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** राज फॉर्म हाउस गागन तिराहा में भाजपा रतनपुर कलां मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं को ट्रैकसूट बांटे।

बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कुंदरकी विधायक ने कहा कि हमारे युवा कार्यकर्ता बहुत सजग हैं, उसमें और मजबूती प्रदान करने की जरूरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि पार्टी द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम को अपने-अपने बूथ तक पहुंचाएंगे।



कुंदरकी विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को आमजन तक पहुंचाने की बात कही। कार्यकर्ता की बदौलत ही भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। कार्यकर्ता के त्याग तपस्या के बल पर ही तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, बृजेश लोधी, दयाराम राजपूत, बंटी राजपूत, बिजेंद्र चौधरी, रोहित सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जायंट्स ग्रुप के अधिष्ठापन कार्यक्रम में सेवा और सशक्तिकरण का संदेश

**चन्दौसी।** शनिवार को जायंट्स ग्रुप द्वारा अधिष्ठापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दो कन्याओं के विवाह हेतु सामग्री वितरण की गई। कार्यक्रम में वूमेन पावर, वूमेन प्राइड, वूमेन एरा व महिला शक्ति के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जायंट्स ग्रुप निरंतर सामाजिक सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देता आ रहा है। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप ने दो कन्याओं के विवाह हेतु आवश्यक सामग्री भी प्रदान की। यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल द्वारा चारों ग्रुप की अध्यक्ष नीतू अग्रवाल (वूमेन पावर), प्रीति अग्रवाल, (वूमेन प्राइड), अंजलि चौधरी (वूमेन एरा) व इंदु अग्रवाल (महिला शक्ति) को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई तथा नए सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नवनिर्वाचित टीम ने संकल्प लिया कि संगठन की



गरिमा बनाए रखते हुए समाजसेवा, एकता, जनकल्याण व अधिक सशक्त परियोजनाओं को पूरी ईमानदारी व समर्पण से आगे बढ़ाएंगे ताकि समाज के हर वर्ग तक सहायता और प्रेरणा पहुंच सके।

इस दौरान एस.पी. चतुर्वेदी (डीई वर्ल्ड अध्यक्ष), डॉ0 सुधा चौधरी (सीसीएमजीडब्ल्यूएफ), विपिन मित्तल (प्रेसिडेंट फेडरेशन- 5), पदमा भार्गव (आईपीपी फेडरेशन-5), कृष्ण अवतार गुप्ता (फार्मर फेडरेशन प्रेसिडेंट), बबीता शर्मा (प्रेसिडेंट फेडरेशन-5), अनु रस्तोगी (चीफ प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर), क्षमा अग्रवाल (यूनिट डायरेक्टर) शुभा अग्रवाल (फेडरेशन ऑफिसर), अलका मंगलम (आईपीपी), वंदना, शुभा, काव्या, प्रियांशी, मानसी, सुनीता, शुभ्रा, शिवानी, नेहा, गीता, राधिका, प्राची, निमिषा, भावना, आंचल, सुरभि, रिशु, गीतू आदि मौजूद रहे।

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में दो दिवसीय नेशनल सेमिनार सफलतापूर्वक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व. विद्यालय में स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज द्वारा नॉर्दर्न रीजनल सेंटर: इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च, नई दिल्ली के सहयोग से ''प्रोमोटिंग इंडियाज एजुकेशनल हेरिटेज: चेलैंजेस एंड पॉसिबलिटीज इन एचीविंग द गोल ऑफ डेवलप्ड इंडिया/2047'' विषय पर आयोजित दो दिवसीय नेशनल सेमिनार सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। समापन समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव व सेमिनार के सह संरक्षक डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि यह सेमिनार सभी प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभकारी रहा। उन्होंने बताया कि भारत की शिक्षित विरासत के संरक्षण की दिशा में यह सेमिनार मील का पत्थर साबित होगा। वहीं विशिष्ट अतिथि व गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मास कम्युनिक. ेशन के संकायाध्यक्ष प्रो. दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा कि भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति अत्यंत समृद्धशाली रही है। भारत, ज्ञान, शिक्षा, चिकित्सा के अलावा जीवन के हर क्षेत्र में आगे रहा है। विशिष्ट अतिथि व



दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के प्रोफेसर गौरव राव ने बताया कि आधुनिक शिक्षा के साथ प्राचीन कालीन शिक्षा पद्धतियों को भी लेकर चलना चाहिए। सेमिनार के दूसरे दिन प्लेनरी सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के प्रोफेसर डॉ. रजनी रंजन सिंह, प्रोफेसर डॉ. प्रवीन कुमार तिवारी एवं तीसरे तकनीकी सत्र में स्कूल ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार, विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्ट्डीज, नई दिल्ली के पत्रका. रिता एवं जनसंचार विभाग के प्रोफेसर डॉ. रमेश कुमार शर्मा ने भारत की समृद्धशाली विरासत पर अपने प्रभावशाली विचार व्यक्त किए। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने सभी अतिथियों को बुके तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति- एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। स्कूल के निदेशक व सेमिनार के अध्यक्ष डॉ. मोहन लाल 'आर्य' ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सभी नॉर्दर्न रीजनल सेंटर: इण्डियन काउंसिल फॉर सोशल साइंस रिसर्च नई दिल्ली के अत्यंत आभारी जिनके सहयोग से यह नेशनल सेमिनार आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि दो दिनों तक चले इस सेमिनार में देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षाविद, शिक्षक, और शोधार्थी अपने विचार और शोध अध्ययन से जुड़े शोध पत्र प्रस्तुत किए। पत्रकारिता एवं जनसंच. ार विभाग के विभागाध्यक्ष व सेमिनार के संयोजक डॉ. राजेश कुमार शुक्ल ने दो दिवसीय सेमिनार की रिपोर्ट प्रस्तुत की। डॉ. शुक्ल ने बताया कि सेमिनार का आयोजन हाइब्रिड माध्यम से किया गया, जिससे दूर-दराज के क्षेत्रों के प्रतिभागी भी लाभान्वित हुए। डॉ. शुक्ल ने यह भी बताया कि सेमिनार में विभिन्न राज्यों के 80 से अधिक शिक्षकों और शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन समिति के सभी सदस्यों के अलावा अन्य सभी फैकल्टी मेंबर्स की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के निद. ेशक, शिक्षक, विभागाध्यक्ष, शिक्षक व शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजनों को मिला सहारा!

**चन्दौसी।** जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित यूनिट काउंसिल मीट एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अवसर पर दो दिव्यांग. जनों को ट्राई साइकिल प्रदान की गई। ओरिएंटेशन सत्र में सदस्यों को यूनिट की कार्यप्रणाली, उद्देश्य एवं सेवा गतिविधियों की जानकारी दी गई। ट्राई साइकिल प्राप्त लाभार्थियों ने इसे अपने जीवन में नई आशा व आत्मविश्वास का स्रोत बताया। कार्यक्रम में यूनिट के सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'हमारी संस्कृति-हमारी पहचान' संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग की ओर से ''उत्तर प्रदेश दिवस-2026'' मनाए जाने के तहत ष्हमारी संस्कृति-हमारी पहचानष विषय पर एक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सजीव अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक दायित्व की भावना को सुदृढ़ करते हैं। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. अशोक कुमार ने उत्तर प्रदेश की जैव विविधता, प्राकृतिक संसाधनों तथा राज्य के शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर विस्तृत एवं प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत किए। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में अपनी संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## यूपी बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षाओं में सख्ती, जियो टैग फोटो व सीसीटीवी निगरानी अनिवार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षाओं में गड़बड़ी रो. कने के लिए इस वर्ष व्यवस्था को और अधिक सख्त कर दिया गया है। अब बाह्य परीक्षक को आवंटित विद्यालय में केवल औपचारिक रूप से पहुंचने की अनुमति नहीं होगी, बल्कि प्रधानाचार्य एवं आंतरिक परीक्षक के साथ प्रयोगशाला में उपस्थित रहकर जियो टैग के साथ फोटो खींचकर उसे ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य होगा। यूपी बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षाएं दो चरणों में आयोजित की जाएंगी। पहला चरण 24 जनवरी से एक फरवरी तक तथा दूसरा चरण दो फरवरी से नौ फरवरी के बीच संपन्न होगा। पूर्व वर्षों में प्रायोगिक परीक्षाओं में अंक बढ़ाने, बिना परीक्षा कराए अंक अपलोड करने जैसी शिकायतें मिलने के बाद बोर्ड ने यह सख्त कदम उठाया है। बोर्ड सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार परीक्षा कक्ष, प्रयोगशाला और मूल्यांकन स्थल पर सीसीटीवी कैमरे कार्यशील अवस्था में होना अनिवार्य है तथा रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाएगी। परीक्षार्थियों की उपस्थिति, प्रश्नपत्र वितरण व मूल्यांकन का पूरा रिकॉर्ड रखा जाएगा। डीआईओएस के अनुसार, सभी संबंधित अभिलेख कम से कम एक वर्ष तक सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# भारत से एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ हटाएगा अमेरिका!

## अमेरिकी वित्तमंत्री बोले: भारत ने रूस से तेल खरीद घटाई, ये अमेरिका सरकार की बड़ी जीत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प सरकार भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ में से आधा टैरिफ हटाने पर विचार कर सकती है। उन्होंने अमेरिकी मीडिया वेबसाइट पालिटिको को दिए इंटरव्यू में कहा कि भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदना काफी कम कर दिया है, इसलिए टैरिफ में राहत देने की गुंजाइश बन रही है।

बेसेंट ने इसे अमेरिका की बड़ी जीत बताया और कहा कि भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ काफी असरदार रहा है और इसकी वजह से भारत की रूसी तेल खरीद घट गई है। उन्होंने कहा कि टैरिफ अभी भी लागू हैं, लेकिन अब इन्हें हटाने का रास्ता निकल सकता है। अमेरिका ने अगस्त 2025 में भारत पर दो बार टैरिफ लगाया था। पहली बार 1 अगस्त को व्यापार घाटे को लेकर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया। इसके बाद 27 अगस्त को रूस से तेल खरीदने की वजह से एक बार और 25 प्रतिशत टैरिफ



■ पहली बार 1 अगस्त को व्यापार घाटे को लेकर 25% टैरिफ लगाया गया
■ ट्रम्प ने पहली बार अप्रैल 2025 में दुनिया पर ग्लोबल टैरिफ लगाया था

लगाया गया। ट्रम्प ने पहली बार अप्रैल 2025 में दुनिया पर ग्लोबल टैरिफ लगाया था। बेसेंट ने यह भी कहा कि यूरोपीय देश भारत पर टैरिफ इसलिए नहीं लगा रहे हैं क्योंकि वे भारत के साथ बड़ा व्यापार समझौता करना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने यूरोप पर आरोप लगाया कि वह भारत से रिफाइंड तेल खरीदकर खुद ही रूस की मदद कर रहा है। बेसेंट रूसी तेल खरीदने पर लगने वाले 500 प्रतिशत टैरिफ प्रस्ताव पर बोल रहे थे। इसमें अमेरिका उन देशों पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगा सकता है, जो रूस का तेल खरीदते हैं। बेसेंट ने कहा कि 500 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रस्ताव सीनेटर ग्राहम ने सीनेट में रखा है। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प को इसकी जरूरत नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति के पास पहले से ही एक कानून (आईईईपीए) के तहत यह अधिकार है कि वे राष्ट्रीय आपात स्थिति का हवाला देकर दूसरे देशों पर भारी आर्थिक प्रतिबंध या टैक्स लगा सकते हैं। अमेरिका, पुतिन पर दबाव बढ़ाने के लिए भारत समेत कई देशों से कह रहा है कि वे रूस से तेल खरीद बंद करें। भारत ने इस दबाव को गलत और अनुचित बताया है और कहा है कि उसकी एनर्जी पालिसी देश के हितों के हिसाब से तय होती है। पिछले हफ्ते दावोस में भी बेसेंट ने फाक्स न्यूज से कहा था कि ट्रम्प के 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भारत ने तेल की खरीद काफी कम कर दी थी और अब लगभग बंद कर दी है। कुछ हालिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत की कुछ निजी कंपनियों ने रूस से तेल इंपोर्ट कम किया है, लेकिन भारत सरकार का कहना है कि रूस से तेल की खरीद जारी है। दिसम्बर 2025 में भारत रूस से तेल खरीदने में तीसरे नंबर पर आ गया। तुर्की दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया। तुर्की ने 2.6 बिलियन यूरो का तेल खरीदा। भारत ने दिसम्बर में रूस से 2.3 बिलियन यूरो यानी लगभग 23000 करोड़ रुपये का तेल खरीदा। नवम्बर में भारत ने 3.3 बिलियन यूरो यानी करीब 34700 करोड़ रुपये का तेल खरीदा था। चीन अब भी सबसे बड़ा खरीदार बना हुआ है, उसने दिसम्बर में रूस से 6 बिलियन यूरो यानी करीब 63100 करोड़ रुपये का तेल खरीदा। भारत की खरीद कम होने की सबसे बड़ी वजह रिलायंस इंडस्ट्री रही। रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी ने रूस से तेल खरीद करीब आधी कर दी।



जम्मू-कश्मीर। कुलगाम जिले के वानपोह के पास गणतंत्र दिवस समारोह से पहले जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर निगरानी करते सुरक्षाकर्मी।

## दक्षिण कोलंबिया में धमाके से सात की मौत, आठ लोग घायल

**बोगोटा।** कोलंबिया के दक्षिणी नारिनो प्रांत के टुमाको के एक ग्रामीण इलाके में विस्फोट होने से सात लोग मारे गए जबकि आठ से ज्यादा घायल हो गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट गुरुवार देर रात लोरेंटे जिले के एक गांव में हुआ, जो टुमाको से लगभग 25 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। नारिनो के गवर्नर लुइस अल्फोंसो एस्कोबार ने कहा कि विस्फोट के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह घटना सशस्त्र संघर्ष से संबंधित नहीं थी।

## अमेरिका में रखे स्वर्ण भंडार को वापस लाए बर्लिन, जर्मन सांसद ने जताई चिंता

**बर्लिन।** जर्मनी की एक सांसद ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'अनिश्चित और अप्रत्याशित' नीतियों का हवाला देते हुए अमेरिका में रखे देश के स्वर्ण भंडार को स्वदेश वापस लाने की मांग की है। जर्मनी की फ्री डेमोक्रेटिक पार्टी (एफडीपी) की सांसद मैरी-एग्नेस स्ट्रैक-ज़िम्मरमैन ने जर्मन पत्रिका डेर पीगल से कहा कि बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच स्वर्ण भंडार को अमेरिका में रखना अब स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि भंडार की वापसी से जर्मनी की आर्थिक और सुरक्षा नीति में संप्रभुता मजबूत होगी। स्ट्रैक-ज़िम्मरमैन ने कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात में यह कदम रणनीतिक जोखिम को कम कर सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के इस दौर में और राष्ट्रपति ट्रम्प की अप्रत्याशित अमेरिकी नीतियों के तहत यह अब स्वीकार्य नहीं है कि 1230 टन से अधिक की कीमत के जर्मनी के लगभग 37 प्रतिशत स्वर्ण भंडार न्यूयॉर्क में रखे जाएं। जर्मनी का केंद्रीय बैंक बुंडेसबैंक वर्तमान में न्यूयॉर्क स्थित अमे. रिकी केंद्रीय रिजर्व में 1236 टन सोना रखता है, जिसकी कीमत लगभग 178 अरब डॉलर आंकी गई है।

# ईरान पर हमला करने की तैयारी में अमेरिका!

## तेजी से बढ़ रहा जंगी बेड़ा, ईरानी नेता बोले: खाड़ी के सभी अमेरिकी मिलिट्री बेस हमारे निशाने पर

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान के खिलाफ सैन्य विकल्प पर विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने ऐसे सैन्य विकल्पों की मांग की है, जिनका असर 'निर्णायक' हो। रक्षा मंत्रालय पेंटागन और व्हाइट हाउस ने इस पर काम करना शुरू कर दिया है। इनमें ईरानी शासन को सत्ता से हटाने की योजना भी शामिल है।

दूसरी तरफ आज अमेरिकी जंगी बेड़ा यूएस अब्राहम लिंकन भी मिडिल ईस्ट पहुंच सकता है। इसके चलते आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका ईरान पर कोई अचानक सैन्य कार्रवाई कर सकता है। अमे. रिकी गतिविधियों के जवाब में ईरानी सुप्रीम काउंसिल के जावेद अकबरी ने कहा है कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका के सभी सैन्य अड्डे ईरान के निशाने पर हैं। हमारी मिसा. इलें आदेश के इंतजार में दुश्मन पर गरजने को तैयार हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि अमे. रिकी जंगी जहाज यूएसएस अब्राहम लिंकन अरब सागर में ईरान की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ईरान के कई शहर इसकी स्ट्राइक रेंज में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह अरब सागर में अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सीईएनसीओएम) के जोन में आ चुका है। साथ ही अमेरिका का सी-37-बी एयरक्राफ्ट भी ईरान के उत्तर में तुर्कमेनिस्तान के अशगाबाद बेस पहुंच गया है। यूएसएस अब्राहम लिंकन पहले साउथ चाइना सी में तैनात था। 18 जनवरी को यह मलक्का स्ट्रेट पार कर हिंद महासागर में दाखिल हुआ। यूएसएस अब्राहम लिंकन 20 नाट से ज्यादा की रफ्तार से आगे बढ़ा और बाद में अपनी लोकेशन छिपाने के लिए आटोमैटिक पहचान सिस्टम बंद कर दिया। इसी रफ्तार से चलने पर आज मिडिल ईस्ट में पहुंच सकता है। अब्राहम लिंकन के साथ कई डिस्ट्रायर जहाज और न्यूक्लियर पनडुब्बियां भी चल रही हैं। एयरक्राफ्ट कैरियर पर 48 से 60 एफ/ए-18 फाइटर जेट मौजूद हैं। ए विना ईंधन भरे 2300 किलोमीटर दूर तक हमला कर सकते हैं। यूएसएस एयरफोर्स ने जार्डन में कम से कम 12 एफ-15 फाइटर जेट्स तैनात किए हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि और विमान भी रास्ते में हैं। 20 से 22 जनवरी के बीच अमेरिकी सी-17 सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान कई बार जार्डन के मफराक अल-खवाजा एयरबेस पहुंचे। रिपोर्ट के मुताबिक इन विमानों से पैट्रियट-3 मिसाइल डिफेंस सिस्टम लाए गए हैं। इनका मकसद इजरायल को ईरान की जवाबी कार्रवाई से बचाना है, क्योंकि तेहरान पहले ही बदले की धमकी दे चुका है। इसके अलावा हिंद महासागर में स्थित डिएगो गार्सिया स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर लगातार कार्गो विमान उतर रहे हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका संभावित सैन्य आप. रेशन के लिए रसद और सैनिकों की तैनाती कर रहा है। एक अधिकारी ने रायटर्स को बताया कि मिडिल ईस्ट में अतिरिक्त एयर-डिफेंस सिस्टम तैनात करने पर भी विचार चल रहा है, ताकि इलाके में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को ईरान के संभावित हमले से बचाया जा सके। एक वरिष्ठ ईरानी सैन्य अधिकारी जनरल अली अब्दोल्लाही अलीअबादी ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका ने हमला किया तो मिडिल ईस्ट में उसके सभी सैन्य अड्डे और इजराल के केंद्र ईरान के निशाने पर होंगे। दूसरी तरफ इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) के कमांडर ने मोहम्मद पाकपुर ने कहा कि उनकी सेना की उंगली ट्रिगर पर है। गुरुवार को एक लिखित बयान में पाकपुर ने कहा कि ईरान की सेना पहले से ज्यादा तैयार है। इजरायल के अर्थव्यवस्था मंत्री नीर बरकात ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने इजरायल के खिलाफ फिर से कोई हमला किया, तो उसे पहले से 'सात गुना ज्यादा ताकत' से जवाब दिया जाएगा।



■ हमारी मिसा. इलें आदेश के इंतजार में दुश्मन पर गरजने को तैयार हैं, ईरानी सुप्रीम काउंसिल ने रुख साफ किया

## कनाडा को खा जाएगा चीन: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर 'गोल्डन डोम' बनाने का प्रस्ताव ठुकराने के लिए कनाडा की आलोचना करते हुए कहा है कि चीन उनके देश को 'खा सकता' है। ट्रम्प ने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर साझा किए गए एक पोस्ट में कहा कि कनाडा ग्रीनलैंड पर गोल्डन डोम बनाने का विरोध कर रहा है, हालांकि यह कनाडा की रक्षा करेगा। इसके बजाय, उन्होंने चीन के साथ व्यापार करने का फैसला किया है जो उन्हें पहले ही साल में खा जाएगा। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और कनाडा के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में अपने भाषण में कहा था कि 'नियम-आधारित व्यवस्था' लुप्त होती जा रही है। उन्होंने यहां चीन के साथ सात अरब डॉलर के एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें चीन को इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर टैरिफ हटाना भी शामिल था। इस बीच, ट्रम्प ने दावोस में अपने भाषण के दौरान कहा था कि कनाडा अमेरिका की वजह से जिंदा है। यह याद रखना, मार्क, अगली बार जब तुम बयान दो।

# जॉर्जिया में घरेलू हिंसा गोलीबारी, भारतीय मूल के चार लोगों की हत्या

**लॉरेंसविले।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य के ग्विनेट काउंटी में एक दिल दहला देने वाली घटना में पारिवारिक विवाद के बाद हुई गोलीबारी में भारतीय मूल के चार युवाओं की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार तड़के हुई इस वारदात के समय घर के भीतर तीन बच्चे भी मौजूद थे, जिन्होंने अलमारी के पीछे छिपकर अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचना दी।

फॉक्स मीडिया ने बताया कि ग्विनेट काउंटी पुलिस विभाग को तड़के लगभग 2:30 बजे ब्रूक आइवी कोर्ट स्थित एक घर में गोलीबारी की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर अधिकारियों को घर के अंदर चार वयस्कों के शव मिले, जिन्हें गोलियां लगी थीं। पुलिस ने मृतकों की पहचान विजय कुमार की पत्नी मीमू डोगरा (43), गौरव कुमार (33), निधि चंदर (37) और हरीश चंदर (38) के रूप में की है। जांचकर्ताओं के अनुसार मुख्य आरोपी विजय कुमार (51) का पत्नी मीमू डोगरा के साथ अटलांटा स्थित उनके घर पर विवाद हुआ था। इसके बाद वे अपने 12 वर्षीय बच्चे के साथ लॉरेंसविले स्थित इस घर में पहुंचे, जहां उनके रिश्तेदार गौरव, निधि और हरीश दो अन्य बच्चों (उम्र सात और दस वर्ष) के साथ रहते थे। वहां पहुंचने के बाद भी विवाद नहीं थमा और विजय ने गोलीबारी शुरू कर दी। गोलियां चलते देख तीनों बच्चे अपनी जान बचाने के लिए एक अलमारी के पीछे छिप गए और सबसे बड़े 12 वर्षीय बच्चे ने 911 पर कॉल कर पुलिस को जानकारी दी। जब पुलिस पहुंची, तो उसने पाया कि आरोपी का वाहन वहीं मौजूद था। पुलिस ने श्वान दल की मदद से आरोपी को पास के जंगल से बिना किसी विरोध के उसे गिरफ्तार कर लिया। गनीमत रही इस घटना में बच्चों को कोई चोट नहीं आई और उन्हें परिवार के एक सदस्य को सौंप दिया गया है। पुलिस ने आरोपी विजय पर हत्या, गंभीर हमले और बच्चों के प्रति क्रूरता सहित कई संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया है। जांच में यह भी सामने आया है कि इस घर से पहले भी पुलिस सहायता के लिए कॉल की गई थीं।

■ वारदात के समय घर के भीतर तीन बच्चे भी मौजूद थे, जिन्होंने अलमारी के पीछे छिपकर जान बचाई

# अफगान जंग पर ट्रम्प के बयान से नाराज यूरोपीय देश

## ट्रम्प बोले थे: नाटो अफगान में लड़ाई से दूर रहा, ब्रिटिश पीएम बोले: यह सैनिकों का अपमान

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अफगानिस्तान में यूरोपीय सैनिकों के बारे में दिए गए बयान को अपमानजनक और चौंकाने वाला बताया है। ट्रम्प ने फाक्स नेटवर्क के एक इंटरव्यू में कहा था कि अमेरिका को कभी नाटो गठबंधन की जरूरत नहीं पड़ी और यूरोपीय सहयोगी अफगानिस्तान में फ्रंट लाइन्स से पीछे रहे थे। उन्होंने दावा किया कि सहयोगी देशों ने कुछ सैनिक भेजे जरूर थे, लेकिन वे मुख्य लड़ाई से दूर रहे। इस बयान पर यूरोप के देशों के नेताओं, पूर्व सैनिकों और शहीदों के परिवारों ने ट्रम्प के खिलाफ नाराजगी जताई।

स्टार्मर ने शुक्रवार को कहा कि मैं राष्ट्रपति ट्रम्प के इन बयानों को अपमानजनक मानता हूं। इससे उन लोगों के परिजनों को बहुत दुख पहुंचा है जिन्होंने अफगानिस्तान में अपनी जान गंवाई या घायल हुए। उन्होंने आगे कहा कि अगर खुद उन्होंने ऐसा कोई गलत बयान दिया होता तो वे लोगों से माफी मांगते। ब्रिटेन ने



■ अगर खुद उन्होंने ऐसा कोई गलत बयान दिया होता तो वे लोगों से माफी मांगते: कीर

अफगानिस्तान युद्ध में 457 सैनिक खोए, जो 1950 के दशक के बाद सबसे घातक विदेशी युद्ध था। ब्रिटिश प्रिंस हैरी ने कहा कि नाटो सैनिकों के बलिदान को सच्चाई और सम्मान के साथ याद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मैंने वहां सेवा दे चुका हूं। मैंने आजीवन दोस्त बनाए और कई दोस्त खोए भी। प्रिंस हैरी ब्रिटेन के राजा चार्ल्स थ्री के छोटे बेटे हैं और वे वेल्स के प्रिंस विलियम के छोटे भाई हैं। वे ड्यूक ऑफ ससेक्स के खिताब से जाने जाते हैं। प्रिंस हैरी ब्रिटिश आर्मी में सेवा दे चुके हैं, वे दो बार अफगानिस्तान में तैनात हुए थे। प्रिंस हैरी अपाचे हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में काम कर चुके हैं। अफगानिस्तान युद्ध में उनकी सेवा काफी चर्चित रही और उन्होंने कई बार कहा है कि सेना ने उन्हें एक बड़ा मकसद दिया था। प्रिंस हैरी ने एक बयान जारी कर कहा कि नाटो के सैनिकों ने अनुच्छेद 5 के आह्वान पर जवाब दिया था। इन सैनिकों के बलिदानों को सच्चाई और सम्मान के साथ बोला जाना चाहिए। यूरा. पीय देश बोला: हमने साथ मिलकर लड़ाई की, इसे नहीं भुलाया जा सकता डच विदेश मंत्री डेविड वैन वील ने ट्रम्प के बयान को झूठा बताया। पोलैंड के पूर्व विशेष बल कमांडर और रिटायर्ड जनरल रोमन पोल्को ने कहा कि ट्रम्प ने हद पार कर दी है। उन्होंने कहा कि हमने इस गठबंधन के लिए खून बहाया, अपनी जानें दीं। हमने साथ मिलकर लड़ाई की लेकिन सभी घर नहीं लौटे। पोलैंड के रक्षा मंत्री व्लादिस्लाव को. सिनियाक-कामिश ने कहा कि पोलैंड के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## ड्रग्स मिलने के बाद तीन ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के खिलाफ मामला दर्ज

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने थाईलैंड से 42 किलोग्राम अवैध ड्रग्स की तस्करी के प्रयास के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस और ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने शनिवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि शुक्रवार को थाईलैंड से आ रही उड़ान से सिडनी हवाई अड्डे पर पहुंचने ही अधिकारियों ने तीन लोगों को रोक लिया। बाद में उनके सामान की तलाशी में कथित तौर पर अलग-अलग पैकेट में लिपटी हुई सफेद रंग की ईंटें मिलीं, जिनकी जांच में मेथम्फेटामाइन और हेरो. इन की पुष्टि हुई। एएफपी अधिकारियों ने 34 किलोग्राम हेरोइन और आठ किलोग्राम मेथम्फेटामाइन जब्त की।

# ईरान ने की यूरोपीय संसद के 'हस्तक्षेपकारी गैर जिम्मेदार' प्रस्ताव की निंदा

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को हालिया अशांति के दौरान मानवाधिकार उल्लंघनों को लेकर ईरानी शासन की आलोचना करने वाले यूरोपीय संसद के प्रस्ताव की कड़ी निंदा करते हुए उसे 'हस्तक्षेपकारी और गैर-जिम्मेदार' करार दिया।

यूरोपीय संसद ने गुरुवार को ईरानी जनता के प्रति 'पूर्ण एकजुटता' व्यक्त करते हुए ईरान सरकार पर मानवाधिकार उल्लंघनों का आरोप लगाया था और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने का आह्वान किया था। ईरान की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह प्रस्ताव 'झूठे और गलत' दावों पर आधारित है और इसमें नैतिक आधार का अभाव है। बयान में यूरोपीय संघ द्वारा ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों के समर्थन, अमेरिकी अवैध प्रतिबंधों के पालन और इजरायल के साथ कथित सैन्य कार्रवाइयों में मिलीभगत का हवाला दिया गया। ईरान ने कहा कि क्रूर प्रतिबंधों का समर्थन करने, ईरान पर अमेरिका के अवैध प्रतिबंधों का पालन करने और जून में देश के खिलाफ सैन्य आक्रामकता में इजरायल की कथित भूमिका के साथ खड़े रहने के कारण यूरोपीय संसद को मानवाधिकारों पर उपदेश देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। बयान में कहा गया कि ईरान अपने नागरिकों की सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा के लिए बाध्य है तथा किसी भी आतंकवादी कृत्य या विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ आवश्यक कदम उठाएगा। ईरान ने चेतावनी दी कि उसकी सशस्त्र और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ किसी भी 'अवैध और हस्तक्षेपकारी' निर्णय या रुख के जवाब में वह प्रतिकारात्मक कार्रवाई करेगा। गौरतलब है कि 28 दिसम्बर को ईरान के कई शहरों में रियाल मुद्रा के तेज अवमूल्यन के विरोध में प्रदर्शन शुरू हुए थे। ईरानी सरकार ने आर्थिक शिकायतों के समाधान की इच्छा जताई थी, लेकिन हिंसा, तोड़फोड़ और अशांति के खिलाफ चेतावनी भी दी थी। प्रारंभ में शांतिपूर्ण रहे ये प्रदर्शन धीरे-धीरे हिंसक हो गए, जिनमें जान-माल का नुकसान हुआ।

■ यह प्रस्ताव 'झूठे और गलत' दावों पर आधारित है और इसमें नैतिक आधार का अभाव है

## तापसी पन्नू की फिल्म 'अस्सी' का मोशन पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू की आने वाली फिल्म 'अस्सी' का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्मकार अनुभव सिन्हा की फिल्म 'अस्सी' एक ऐसा सवाल उठाती है, जो हर दिन हमारे सामने होता है, लेकिन जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं।

मोशन पोस्टर के जरिए जैसे-जैसे फिल्म से जुड़ी और जानकारी सामने आ रही है, वैसे-वैसे इसके इरादे पूरी तरह स्पष्ट होते जा रहे हैं। टी-सीरीज, अपनी विविधतापूर्ण फिल्मोग्राफी में 'अस्सी' के जरिए एक नया रंग जोड़ता है। बनारस मीडिया वर्क्स के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म में तापसी पन्नू मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। उनके साथ फिल्म में कनी कुसरुति, रेवती, मनोज पाहवा, कुमुद मिश्रा, जीशान अय्यूब अहम भूमिकाओं में हैं, जबकि नसीरुद्दीन शाह, सुप्रिया पाठक और सीमा भार्गव विशेष भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म 'अस्सी' एक बेबाक और सघन इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर है, जो एक तीव्र और प्रभावशाली कोर्टरूम ड्रामा के जरिए सामने आती है। फिल्म खत्म होने के बाद मन में सवाल रह जाता है कि क्या मुझे यह पहले नहीं पता था, या फिर पता होते हुए भी मैंने नजर. अंदाज कर दिया। न्याय जरूरी है, लेकिन उससे पहले न्याय की परिभाषा तय होनी चाहिए। क्या दोषी साबित किए गए लोग ही असली गुनहगार हैं। गुलशन कुमार और टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत और बनारस मीडियावर्क्स प्रोडक्शन की फिल्म 'अस्सी' का भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और अनुभव सिन्हा ने निर्मित किया है।

# अमेरिका के 18 राज्यों में बर्फीले तूफान का खतरा

## इमरजेंसी घोषित, 20 करोड़ लोगों पर संकट, 7000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बर्फीले तूफान की चेतावनी के बाद 18 राज्यों में इमरजेंसी ने घोषित कर दी गई है। वहीं दो दिनों में 7000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, 20 करोड़ यानी करीब दो-तिहाई अमेरिकी इस तूफान की चपेट में आ सकते हैं। तूफान के डर से लोग ग्रासरी स्टोर पर जमा हो रहे हैं। कई दुक. नों में पानी, अंडे, मक्खन और मीट की कमी हो गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि तूफान के साथ भारी बर्फबारी, बारिश और ठंड आएगी, जिससे हालात बेहद खतरनाक हो सकते हैं। ट्रांसपोर्टेशन अधिकारियों ने वीकेंड पर यात्रा में देरी और



कैंसिलेशन की चेतावनी दी है। कई बड़े शहरों के एयरपोर्ट भी इससे प्रभावित हुए हैं। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर के अनुसार, शनिवार को अमेरिका में 3200 से अधिक उड़ानें और रविवार को करीब 4800 से उड़ानें रद्द हुई। अमेरिका में बर्फीले तूफान के कारण 15 राज्यों में चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक यह तूफान अमेरिका के हाई प्लेन्स से शुरू होकर धीरे-धीरे पूर्व की ओर बढ़ेगा। इसके असर से मेम्फिस, नैशविल, वाशिंगटन डीसी, बाल्टीमोर, फिलाडेल्फिया और न्यूयार्क जैसे बड़े शहरों में बर्फबारी होगी। सदर्न राकीज और प्लेन्स से लेकर मिड-अटलांटिक होते हुए नार्थ-ईस्ट तक भारी बर्फ गिरने का अनुमान है। एनडब्ल्यूएस के अनुसार, कोलोराडो से लेकर वेस्ट वर्जीनिया और बोस्टन तक कई इलाकों में 12 इंच से ज्यादा बर्फ पड़ सकती है। न्यूयार्क शहर के आसपास के कुछ हिस्सों में रविवार सुबह से सोमवार तक 10 से 14 इंच बर्फबारी हो सकती है और 30 मील प्रति घंटे की हवाएं चल सकती हैं। दक्षिण-पूर्वी अमे. रिका के बड़े हिस्से में भी जमने वाली ठंड होगी। अमेरिका के कई राज्य इस समय भीषण ठंडी हवाओं से जूझ रहे हैं। इसकी बड़ी वजह पोलर वोर्टेक्स (ध्रुवीय भंवर) को माना जा रहा है। पोलर वोर्टेक्स में हवाएं काउंटर क्लाकवाइज (घड़ी की उलटी दिशा) बहती हैं।

## जापान में निचला सदन भंग करने की विपक्ष ने की आलोचना

**टोक्यो।** जापान की कई विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची द्वारा निचले सदन (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) को भंग किए जाने की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि इस कदम का कोई 'औचित्य' नहीं है।

जापान के निचले सदन को शुक्रवार को औपचारिक रूप से भंग कर दिया गया। यह पिछले 60 वर्षों में पहली बार है, जब संसद के नियमित सत्र की शुरुआत के दिन ही निचले सदन को भंग कर दिया गया है। जापान की संसद का सामान्य सत्र शुक्रवार को ही शुरू हुआ था, जिसमें अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष 2026 के प्रारंभिक बजट पर चर्चा और उसे पारित करना प्रमुख कार्यसूची में शामिल था। निचले सदन को भंग किए जाने से बजट समीक्षा प्रक्रिया में उल्लेखनीय देरी की आशंका जताई जा रही है। क्योदो न्यूज के अनुसार, नवगठित प्रमुख विपक्षी दल सेंट्रिस्ट रिफॉर्म अलायंस के सह-नेता योशिहिको नोदा ने कहा कि जब देश गंभीर और तात्कालिक समस्याओं से जूझ रहा है, ऐसे समय में सदन भंग करने का कोई औचित्य नहीं बनता। उन्होंने कहा कि मुझे निचले सदन को भंग करने का कोई ठोस कारण नजर नहीं आता। डेमोक्रेटिक पार्टी फॉर द पीपल के प्रमुख युइचिरो तमाकी ने कहा कि यह 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण' है कि अर्थव्यवस्था को नजरअंदाज करके निचला सदन भंग कर दिया गया है।





























































सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिन्तकों को शाह टाइम्स परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं